# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 19 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-32 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल-iniknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों को दी चैत्र नवरात्र की शुभकामनायें



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि चैत्र नवरात्र समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आये, यही मेरी शुभकामना है।

### अभिनेता राजपाल की अंतरिम जमानत एक अप्रैल तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने चेक बाउंस मामले में बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को मिली अंतरिम जमानत एक अप्रैल तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने 16 फरवरी को राजपाल यादव को आज तक की अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान बुधवार को राजपाल यादव कोर्ट रुम में उपस्थित थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को नियमित जमानत दी जाए, क्योंकि उन्हें आज तक की अंतरिम जमानत मिली है।

### लेबनान पर इजरायली हमले में टीवी चैनल के निदेशक की मौत

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत में इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह से जुड़े टीवी चैनल अल-मनार के एक बड़े अधिकारी की मौत हो गई। अल-मनार टीवी ने बताया कि चैनल के राजनीतिक कार्यक्रमों के डायरेक्टर मोहम्मद शारी और उनकी पत्नी इस हमले में मारे गए। यह हमला बेरूत के जुकाक अल-ब्लात इलाके में किया गया। चैनल ने बताया कि हमले में मोहम्मद शारी के बच्चे और पोते-पोतियां भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पश्चिम बंगाल में 20-21 मार्च को बारिश और आंधी का अलर्ट

**कोलकाता।** 20 और 21 मार्च को पश्चिम बंगाल के अधिकांश जिलों में अनुकूल मौसम परिस्थितियों और बंगाल की खाड़ी से मजबूत नमी के प्रवेश के कारण बारिश होने की संभावना है। बुधवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि 20 मार्च को बांकुड़ा, पुरुलिया और पश्चिम बर्दवान के पश्चिमी जिलों में ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि 21 मार्च को उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी में भी ओलावृष्टि हो सकती है। आईएमडी ने 20 और 21 मार्च को राज्य के कई जिलों में आंधी, बिजली गिरने और तेज हवाओं का पूवानुर्मान जताया है।

# इंदौर में कार चार्जिंग के दौरान लगी आग बिहार के किशनगंज के छह लोगों की मौत

## चार घायल, ऑपरेशन कराने परिवार के साथ बेटी-दामाद के घर इंदौर गए थे विजय सेठिया

**इंदौर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में बंगाली चौराहा के पास स्थित तिलक नगर इलाके में बुधवार सुबह चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में शॉर्ट सर्किट से आग ने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया और उनकी बहू सिमरन समेत आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसे के समय पूरा परिवार घर में सो रहा था, इसलिए किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखे गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे हालात और भयावह हो गए। वहीं, बिजली गुल होने से डिजिटल लॉकिंग सिस्टम बंद हो गया। कई लोग घर के अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस के अनुसार, बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी में पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब चार बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार ने आग पकड़ ली। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और घर के भीतर फैल गई। हादसे के समय पुगलिया परिवार के घर में पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसके कारण कई सदस्य और रिश्तेदार एक साथ मौजूद थे। घर के अंदर दस से ज्यादा गैस सिलेंडर और ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में आते ही सिलेंडरों में विस्फोट शुरू हो गया। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कुंदन मंडलोई के अनुसार, आग लगने की इस घटना में आठ लोगों की मौत हुई है। मृतकों में मकान मालिक मनोज जैन पुंगलिया (65), उनकी बहू सिमरन पुगलिया (30), विजय सेठिया (65), पत्नी सुमन सेठिया (60), छोटू सेठिया (22), राशि सेठिया (12), टीनू (35) और तनय (8 वर्ष) शामिल है। हादसे में बुरी तरह के झुलसे चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें मनोज पुगलिया की पत्नी सुनीता, मनोज पुगलिया के पुत्र सौरभ, सोमिल और हर्षित शामिल हैं। इंदौर के इस हादसे में मरने वालों में बिहार और राजस्थान के परिवार भी शामिल हैं। बिहार के किशनगंज से आए विजय सेठिया, उनकी पत्नी और बेटा तथा राजस्थान के कोटा से आई उनकी बेटी टीनू और दोनों नाती-पोते (तनय और राशि) अब इस दुनिया में नहीं रहे। पड़ोसी दुकानदार सौरभ ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी विजय सेठिया कॉस्मेटिक कारोबार से जुड़े थे। उन्हें जबड़े में कैंसर था। इसलिए वह ऑपरेशन कराने परिवार के साथ अपने बेटी-दामाद के घर इंदौर गए थे, लेकिन वहां हादसे में उनकी पत्नी, बेटे, बहन और बहनोई समेत उनकी भी मौत हो गई। सौरभ के अनुसार, विजय सेठिया की किशनगंज में दो दुकानें हैं। वे इन दिनों अपना नया घर भी बनवा रहे थे। सौरभ ने बताया कि कुछ दिन पहले ही वह इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर उनके घर गए थे। इंदौर के पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह घर मनोज पुगलिया का था, जो पॉलीमर का कारोबार करते थे।



### एमपी के सीएम ने हादसे पर दुख जताया

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में हुई अग्नि दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है, हमारी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजन के साथ हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## दिल्ली के रामचौक मार्केट में आग से नौ की गई जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के द्वारका जिले के पालम इलाके की रामचौक मार्केट स्थित एक बहुमंजिली इमारत में बुधवार सुबह लगी आग में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में तीन मासूम लड़कियां भी हैं। हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। कइयों ने जान बचाने के लिए इमारत से छलांग लगा दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि पालम स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में हुई भीषण अग्निकांड के बारे में जानकर अत्यंत व्यथित हूं। जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान जुटे हुए हैं। घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार मृतकों में दो पुरुष प्रवेश (33) तथा कमल (39) और चार महिलाएं आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22) तथा दीपिका (28) हैं। मृतकों में तीन नाबालिग लड़कियां भी हैं जिनकी आयु 15 वर्ष, 6 वर्ष और 3 वर्ष है। सफदरजंग अस्पताल में 19 वर्षीय युवक को भर्ती कराया गया है, जो 25 प्रतिशत झुलस गया है।



## जमुई में 6 हजार करोड़ की लागत से बनेगा स्टील प्लांट : उपमुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए जमुई जिले में 6 हजार करोड़ रुपये की लागत से स्टील प्लांट स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके साथ ही भीमबांध और कुंड घाट को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं नवादा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई और नवादा पहुंचे उपमुख्यमंत्री चौधरी ने जमुई के लछुआर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव था। उस समय सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाएं पर्याप्त नहीं थीं। उन्होंने कहा कि तब राज्य में केवल 6 हजार किलोमीटर सड़कें थीं, जो अब बढ़कर 1 लाख 40 हजार किलोमीटर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बिहार का बजट पहले लगभग 23 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का हो चुका है। बिजली के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव आया है। पहले जहां केवल 17 लाख बिजली उपभोक्ता थे, अब यह संख्या बढ़कर 2 करोड़ 16 लाख हो गई है। राज्य में 22 से 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है और 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे लगभग 88 प्रतिशत परिवारों का बिजली बिल पिछले सात महीने से शून्य आ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं को 10 हजार रुपये देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया है।



समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई और नवादा पहुंचे सम्राट चौधरी

# न्याय के साथ हुआ बिहार का विकास, बनेगा समृद्ध राज्य

## समृद्धि यात्राः सीएम ने नवादा और जमुई को दी 1213 करोड़ की सौगात

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में जमुई जिलान्तर्गत 27031.47 लाख रुपए की लागत से कुंडघाट जलाशय योजना का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने जमुई जिलान्तर्गत लघुआड़ में आयोजित कार्यक्रम स्थल से जिले के लिये 914 करोड़ रुपये की लागत से कुल 370 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनवारण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 602 करोड़ रुपये की लागत से 181 योजनाओं का उद्घाटन एवं 312 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

उधर नवादा के आईटीआई के मैदान में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में न्याय के साथ विकास हुआ है । आगामी 5 वर्षों में बिहार में उद्योगों का जाल पीछेगा। सभी बंद पड़े हुए चीनी मिलों को चालू कर किसानों को समृद्ध बनाया जाएगा । उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने कुंडघाट जलाशय योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया और जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। वहीं निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुंडघाट जलाशय क्षेत्र में बरसात के दिनों में आस-पास के पहाड़ों एवं जंगल का पानी संग्रहित होगा, जिसका उपयोग सिंचाई में किया जाएगा। इस कुंडघाट जलाशय योजना से आस पास के किसानों को सिंचाई में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकासात्मक एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन कर उनके क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं का क्रियान्वयन तय समय सीमा के अंदर बेहतर ढंग से पूर्ण कराएं, इन सभी कार्यों के पूरा हो जाने से लोगों को काफी फायदा होगा तथा इलाके का विकास होगा। पथों एवं पुलों के बन जाने से आवागमन और सुगम होगा, जिससे इंधन और समय की भी बचत होगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, संजय कुमार सिंह, सुश्री श्रेयसी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय सुनील कुमार, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार, जमुई डीएम श्री नवीन, एसपी विश्वजीत दयाल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।




### नवादा को दी 299 करोड़ की योजनाओं की सौगात

नवादा जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बुधौल स्थित नवनिर्मित बिहार गृह रक्षा वाहिनी के परिसर पहुंचे। इस दौरान गृह रक्षा वाहिनी ने उन्हें सलामी दी। मुख्यमंत्री ने वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात बुधौल ग्राम स्थित कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर नवादा जिले के लिए 55 करोड़ रुपये की लागत से 37 योजनाओं का उद्घाटन एवं 244 करोड़ रुपये की लागत से 21 योजनाओं का शिलान्यास किया।

# इजराइली एयरस्ट्राइक में ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री की मौत

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी) :** इजराइल की एयरस्ट्राइक में ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब की मौत हो गई है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। उन्होंने इसे कायराना हत्या बताया। पजशकियान ने कहा कि यह हमला ईरान के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाने की साजिश का हिस्सा है। इससे पहले इजराइल ने ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और बसीज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी को निशाना बनाया था, जिसमें दोनों अधिकारियों की मौत हो गई। इसी बीच, इजराइल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर भी बड़ा हमला किया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक अमेरिका और इजराइल ने दक्षिणी ईरान में साउथ पार्स गैस फील्ड और असालुयेह शहर की तेल-गैस सुविधाओं पर एयरस्ट्राइक की है। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों में बड़े हमलों की चेतावनी दी है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) ने लोगों से सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और कतर के प्रमुख तेल और गैस ठिकानों से दूर रहने को कहा है।



राष्ट्रपति पजशकियान ने पुष्टि की; ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर भी हमला

## बिहार में चार आईपीएस व दो डीएसपी का तबादला

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में पुलिस महकमे में प्रशासनिक बदलाव किया गया है। गृह विभाग ने चार आईपीएस समेत छह पुलिस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, चार आईपीएस और दो डीएसपी का तबादला किया गया है। वहीं बिहार पुलिस के दो अधिकारियों का भी ट्रांसफर किया गया है।

**नवगछिया-लखीसराय के एसपी बदले :** लखीसराय और नवगछिया के पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। आईपीएस प्रेरणा कुमार को लखीसराय का नया एसपी बनाया गया है। आईपीएस राजेश कुमार को नवगछिया का एसपी नियुक्त किया गया है, जो पहले मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो में एसपी थे। दोनों जिलों में नए अधिकारियों ने कार्यभार संभालना शुरू कर दिया है। वहीं आईपीएस अवधेश दीक्षित को बिहार पुलिस मुख्यालय में एसपी (कार्मिक-एक) बनाया गया है।

# यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में पटना में प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच धक्कामुक्की

**पटना (एनएसबी)।** ऑल इंडिया इक्विटी फोरम फॉर इक्विटी के बैनर तले बुधवार को पटना में यूजीसी से जुड़े मुद्दों तथा उच्च शिक्षा में समान अवसर की मांग को लेकर राजभवन मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-नौजवान, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता और विभिन्न जिलों से आए लोगों ने भाग लिया।

यह मार्च गांधी मैदान के गेट नंबर 10 से शुरू होकर जेपी गोलंबर के बैरिकेड को तोड़ते हुए डाक बंगला चौराहा तक पहुंचा, जहां कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस ने धक्कामुक्की की और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में सभी को छोड़ दिया गया। डाक बंगला चौराहा पर यह मार्च एक सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षा में बढ़ती सामाजिक असमानता, जातिगत भेदभाव एवं उत्पीड़न के खिलाफ यह जरूरी है कि यूजीसी रेगुलेशन लागू किया जाए तथा नई शिक्षा नीति 2020 को वापस लिया जाए। वंचित वर्गों के लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाया जाए और उसे सख्ती से लागू किया जाए। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) के राज्य अध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालयों में दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभिन्न रिपोर्टों और न्यायिक कार्यवाहियों में भी यह मुद्दा उठ चुका है, लेकिन इसके बावजूद सरकार प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। सभा का संचालन फोरम के राज्य संयोजक रिंकु यादव ने किया। काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए भरोसा दिया कि सड़क की इस आवाज को संसद में मजबूती से उठाया जाएगा। इस बार सामाजिक न्याय की जो लड़ाई छिड़ी है, वह निर्णायक मंजिल तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि बिहार फिर से सामाजिक न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई के अग्रिम चौकी के तौर पर खड़ा होगा। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी शर्त है और इसके लिए छात्र-युवा आंदोलन जारी रहेगा। सभा को पूर्व विधायक अमरजीत कुशवाहा और विधायक संदीप सौरभ ने भी संबोधित किया।




(विस्तार पेज-14 पर)

## खबरें : एक नजर में

### दनियावां पावरग्रिड में ट्रांसफार्मर अपग्रेड, 3 दिन बिजली बाधित

**दनियावां (एनएसबी)।** दनियावां पावरग्रिड में ट्रांसफार्मर अपग्रेड करने के कारण तीन दिनों तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । इस संबंध जानकारी देते हुए दनियावां कनिय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने बताया कि पावर ग्रिड में लगातार बढ़ रहे बिजली लोड को देखते हुए पुराने 5 केवीए ट्रांसफार्मर को हटाकर उसकी जगह 10 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। इस अपग्रेड का उद्देश्य क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को अधिक सुचारु, सुरक्षित और स्थिर बनाना है। ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य के दौरान तकनीकी कारणों से अगले 3 दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान विभाग की टीम द्वारा पुराने ट्रांसफार्मर को हटाने, नए ट्रांसफार्मर की स्थापना तथा सभी आवश्यक परीक्षण और कनेक्शन का कार्य किया जाएगा। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या, बार-बार बिजली ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज जैसी परेशानियों से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्य पूर्ण होते ही बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### सम्मसपुर घाट गंगा घाट पर अधेड़ महिला बरामद

**फतुहा (एनएसबी)।** फतुहा नदी थाना क्षेत्र के सम्मसपुर के सहनी घाट पर विषपान की हुई महिला को पुलिस ने बेहोशी की हालात में एक महिला को बरामद किया है। ग्रामीणों द्वारा इस बात कि सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर महिला को बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतुहा लाया। इस संबंध में नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि महिला की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है और अभी हालात चिंताजनक बताई जा रही है । कयास लगाया जा रहा है कि महिला ने बिषपान कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

### घर से एक देसी राइफल दो जिन्दा कारतूस बरामद

**फतुहा (एनएसबी)।** फतुहा थाना क्षेत्र के बलबा गांव में एक घर से पुलिस द्वारा एक देसी रायफल एवं दो जिन्दा कारतूस बरामद किये जाने संबंधित मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में फतुहा थानाध्यक्ष कुमार रौशन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बलबा गांव में एक घर में रायफल रखा हुआ है। सूचना के बाद वरिय पदाधिकारी को सूचित करते हुए बलबा गांव में स्व सिपाही पासवान के घर पर छापेमारी कि गई। छापेमारी के दरम्यान बलबा गांव निवासी स्व सिपाही पासवान के घर के छत पर एक बोरा में रखा एक देसी राइफल एवं दो जिन्दा कारतूस वरामद किया गया है। वहीं पुलिस का भनक मिलते सिपाही पासवान का पुत्र राजू पासवान भागने में सफल रहा । पुलिस ने सिपाही पासवान की पत्नी को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही हैं।

### नौ दिन से लापता नाबालिक युवती दिल्ली से बरामद

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाना के मौजीपुर गांव के एक ईट भट्ठा पर अपने मौसी के पास रह रही सोलह वर्षीय नाबालिक युवती नौ मार्च को अचानक लापता हो गई थी। जिस संबंध में लापता युवती के मौसी ने नदी थाना में उक्त नवालिक युवती के लापता होने के मामले में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराई थी। दर्ज मामले के आलोक में थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने पूरे मामले को टेक्नीकल सेल की सहायता से जांच कर लापता युवती को दिल्ली के रोहिणी थाना क्षेत्र से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

### छह लीटर शराब और एक कट्टा और दो कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बास तल किराए के मकान में रहने वाले दीपक कुमार उर्फ विकास कुमार के घर से छह लीटर देशी शराब और एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया मंगलवार की शाम गस्ति के दौरान एएसआई जय किशोर चौधरी की टीम ने दीपक कुमार को छह लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया और थाना लाया। उसके बाद दीपक कुमार की मोबाइल को सर्च किया गया तो उसके मोबाइल में उसकी एक बच्ची देशी कट्टा के साथ खेलते हुए मिली। उसके बाद दीपक कुमार उर्फ विकास कुमार के घर की तलाशी ली गई तो उसके किराए के मकान से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। दीपक मूलरूप से नालंदा जिला के परवलपुर थाना क्षेत्र में फतेहपुर गांव का रहने वाला है जिसका पुलिस आपराधिक इतिहास पता करने में जुटी है।

### राज्यसभा चुनाव में अनुपस्थिति पर कांग्रेस के तीन विधायकों से जवाब-तलब

**पटना (एनएसबी)।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने राज्यसभा चुनाव के दौरान पार्टी के तीन विधायकों की अनुपस्थिति को गंभीर मानते हुए उन्होंने कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद एवं मनोज विश्वास से दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि दिनांक 16 मार्च 2026 को संपन्न राज्यसभा चुनाव के दौरान संबंधित विधायक मतदान प्रक्रिया से अनुपस्थित पाए गए, जिसके कारण महागठबंधन को पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान संबंधित विधायकों से मोबाइल के माध्यम से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन न तो कल रिसीव किया गया और बाद में उनका फोन स्विच अफ पाया गया। अनुशासन समिति अध्यक्ष ने तीनों विधायकों से इस संबंध में दो दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।

## पिंक बस चलाने के लिए नियोजित महिला चालकों की ट्रेनिंग शुरू

### औरंगाबाद स्थित आईडीटीआर में दी जा रही 14 दिनों की ट्रेनिंग

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में महिलाओं की सुविधा के लिए संचालित पिंक बस सेवा जल्द ही पूरी तरह महिलाओं के हाथों में होगी। इसके लिए 6 नियोजित महिला चालक आरती कुमारी, रागिनी कुमारी, अनीता कुमारी, सरस्वती कुमारी, गायत्री कुमारी और बेबी कुमारी को पिंक बस चलाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण औरंगाबाद जिले में स्थित इंस्टीट्यूट अफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में शुरू हो चुका है।

14 दिनों की इस कड़ी आवासीय ट्रेनिंग में इन चालकों को बस संचालन की बारीकियां, सड़क सुरक्षा नियम, इंजन की जानकारी, वाहन रखरखाव और आपातकालीन स्थिति से निपटना सिखाया जा रहा है। इसके साथ ही सिमुलेटर पर बस चलाने की प्रैक्टिस और रियल-टाइम ड्राइविंग भी शामिल है।

**सभी महिला चालक एचएमवी लाइसेंस धारक**

ये सभी महिला चालक समाज के सबसे पिछड़े और वंचित महादलित समुदाय से हैं। इन्होंने सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपनी मेहनत से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। परिवहन विभाग के अनुसार, सभी महिला चालक पहले से ही हेवी मोटर व्हीकल (एचएनवी) लाइसेंस की धारक हैं। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद इन महिलाओं को अलग-अलग जिलों में सड़कों पर पिंक बस चलाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पहले चरण में 6 महिला चालकों के बाद अन्य 13 चालकों को भी पिंक बस संचालन की ट्रेनिंग दी जा जाएगी।

## जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर की बैठक

**पटना (एनएसबी)।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर की एक आवश्यक बैठक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि संगठन में सेकंड लाइन और थर्ड लाइन के नेताओं को अवसर दिया जाए, साथ ही वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी स्तरों पर संतुलन और सहभागिता आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत 163 जिला पर्यवेक्षकों को विभिन्न जिलों में नियुक्त किया गया है, जो जनवरी माह से ही सक्रिय रूप से संगठनात्मक कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रखंड स्तर के नेताओं को जिला स्तर तक और जिला स्तर के नेताओं को प्रदेश स्तर तक आगे बढ़ाना है, ताकि संगठन को नई ऊर्जा मिल सके।

राजेश राम ने बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर एवं सभी जिला पर्यवेक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने अत्यंत ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया है।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर की एक आवश्यक बैठक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि प्रखंड अध्यक्षों की संभावित सूची 20 मार्च तक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

बैठक का संचालन बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर के मिन्नत रमानी ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ब्रजेश पाण्डेय, मीडिया चेयरमेन राजेश राठौड़, मिन्नत रहमानी, कुमार आशीष, कमल कमलेश, गुंजन पटेल, पंकज यादव, राजीव मेहता, वैद्यनाथ शर्मा, प्रेमचन्द सिंह, कुमारी माला, शशि बी पंडित, अरविन्द लाल रजक, मुन्द्रिका सिंह यादव, शशि शेखर सिंह, विमलेश तिवारी, मृणाल अनामय, शशांत शेखर, दौलत इमाम, सुधीर कुमार शर्मा, नदीम अंसारी, प्रकाशचंद्र झा, डा. इन्द्रदीप कुमार चन्द्रवंशी, कुणाल किशोर सहनी, रंजीत कुमार बाल्मीकी, डा. गौरव वर्मा, प्रभाकर झा, राकेश कुमार मुन्ना, श्रीधर तिवारी, पाशंकर शाही, डा. सत्यजीत सिन्हा,, राजेन्द्र चौधरी, मिथिलेश कुमार चौधरी, अजीत कुमार सिंह, डा. अभिषेक कुमार,उमेश मांझी, विनय प्रताप सिंह, विश्वनाथ प्रसाद यादव, राजीव कुमार मिश्रा, सत्येन्द्र नारायण, राहुल सिंह चौहान, डा. अमन कुमार, डा. किशोरी लाल, विशाल मलहोत्रा, किशोर कुमार, राम शंकर कुमार पान, रंजीत यादव, अनिल तिवारी, राजीव रंजन पाण्डेय, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, अरूण कुमार विन्द सभी जिला प्रवेक्षक मौजूद थे।

**संगठन सृजन अभियान के तहत 163 जिला पर्यवेक्षकों को विभिन्न जिलों में नियुक्त किया गया है, जो जनवरी माह से ही सक्रिय रूप से संगठनात्मक कार्यो में जुटे हुए हैं : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम**

## बिहार बनेगा पूर्वी भारत का प्रमुख टेक हब : प्रत्यय अमृत

### एसडीजी की प्राप्ति के लिए सटीक, विश्वसनीय एवं समयबद्ध आंकड़े आवश्यक : मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सटीक, विश्वसनीय एवं समयबद्ध आंकड़े अत्यंत आवश्यक हैं। ये बातें योजना एवं विकास विभाग के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बुधवार को 'सतत विकास लक्ष्यों की मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क, पर्यावरणीय लेखांकन एवं जेंडर सांख्यिकी' पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की क्षमता निर्माण कार्यशाला में कहीं। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला शासन में डाटा के महत्व को अधिक मजबूत करने तथा नीति निर्माण को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस कार्यशाला का आयोजन पटना के फुलवारीशरीफ स्थित के निजी होटल में केंद्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय तथा राज्य सरकार के योजना एवं विकास विभाग के सहयोग से किया गया। इसमें संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का तकनीकी सहयोग प्राप्त है।

उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि 'गुणवत्तापूर्ण डेटा प्रभावी नीतियों की आधारशिला है। एसडीजी के 'लीव नोवन बिहाइंड' सिद्धांत को साकार करने के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार अब सिर्फ बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि यह पूर्वी भारत के प्रमुख टेक हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। बेहतर कानून व्यवस्था, सड़कें, 24 घंटे बिजली के बाद सरकार अब औद्योगिकीकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है।

उन्होंने बताया कि 20 नवंबर 2026 को जब सरकार अपना एक वर्ष पूरा करेगी, तबतक निवेश और विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल करने की योजना है। महिलाओं की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में महिला वोटरों की भागीदारी ऐतिहासिक रही। इसमें 71 प्रतिशत महिलाओं ने वोट किया। यह आजादी के बाद का सबसे अधिक प्रतिशत है। बिहार में देश की सबसे अधिक महिला कांस्टेबल हैं। पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह पहला राज्य है वहीं सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीट आरक्षित है।

इस तरह की कार्यशाला बिहार में पहली बार आयोजित की जा रही है। इसमें देश के लगभग 20 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य एसडीजी मनिटरिंग फ्रेमवर्क को सुदृढ़ करना, इंडिकेटर आधारित प्रगति की प्रभावी ट्रैकिंग सुनिश्चित करना तथा राज्यों की सांख्यिकीय क्षमता को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत विशेष रूप से डेटा गैप की पहचान, डेटा गुणवत्ता में सुधार तथा प्रशासनिक एवं सर्वेक्षण आधारित आंकड़ों के एकीकरण पर बल दिया जा रहा है ताकि नीति निर्माण के लिए विश्वसनीय एवं अद्यतन डेटा उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में पर्यावरणीय लेखांकन को भी प्रमुखता दी गई। इसके माध्यम से प्रातिक संसाधनों के उपयोग, संरक्षण एवं पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन कर विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जेंडर सांख्यिकी को सुदृढ़ करने पर भी बल दिया गया ताकि महिलाओं एवं पुरुषों के बीच असमानताओं को डेटा के माध्यम से बेहतर समझकर लैंगिक-संवेदनशील एवं समावेशी नीतियों का निर्माण किया जा सके।


राष्ट्रीय स्तर की क्षमता निर्माण कार्यशाला में मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव डा. एन विजयलक्ष्मी एवं अन्य।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय के सचिव डा. सौरभ गर्ग ने कहा कि 'एसडीजी इंडिकेटर्स की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए मजबूत सांख्यिकीय प्रणाली, डेटा गुणवत्ता में सुधार तथा राज्यों के बीच सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यशाला इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।'

योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डा. एन विजयलक्ष्मी ने कहा कि 'बिहार में एसडीजी लोकलाइजेशन को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तर तक निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है। गैप्स की पहचान, जेंडर-संवेदनशील आंकड़ों का विकास तथा पर्यावरणीय लेखांकन को नीति निर्माण में शामिल करना हमारी प्रमुख प्राथमिकताएं हैं।'

(केंद्रीय सांख्यिकी), एमओएसपीआई (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन ऑफ इंडिया) के महानिदेशक एन के संतोषी ने कहा कि 'सांख्यिकी नीति निर्माण की रीढ़ है। एसडीजी संकेतकों की सटीक ट्रैकिंग के लिए राज्यों की संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है।

यूएनडीपी भारत के रेजिडेंट प्रतिनिधि डा. एंजेला लुसिगी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 'डेटा, साझेदारी और नवाचार' का समन्वय आवश्यक है। पर्यावरणीय लेखांकन और जेंडर सांख्यिकी जैसे क्षेत्रों में सुदृढ़ डाटा तंत्र से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि विकास समावेशी और न्यायसंगत हो। यूएनडीपी इस दिशा में निरंतर सहयोग प्रदान करता रहेगा।'

इसके अलावा सामाजिक सांख्यिकी, एमओएसपीआई के अपर महानिदेशक एस सी मलिक ने एसडीजी इंडिकेटर फ्रेमवर्क, डेटा वैलिडेशन एवं रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करने की जरुरत पर बल दिया। इस अवसर पर मिनिस्ट्री ऑफ एसपीआई और योजना विकास विभाग की विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया।

## भारतीय बैंकिंग में बदल रही है भरोसे की परिभाषा

**पटना (एनएसबी)।** आज के दौर में बैंकिंग सिर्फ पैसे रखने या लेन-देन तक सीमित नहीं रह गई है। ग्राहक अब पहले से ज्यादा जागरूक हैं, उनके पास जानकारी भी है और विकल्प भी। ऐसे में वे सिर्फ बैंक की आर्थिक मजबूती नहीं देखते, बल्कि यह भी चाहते हैं कि बैंक की सेवा भरोसेमंद हो, जिम्मेदारी से काम करे और हर समय साथ खड़ा रहे। इस विषय पर उज्जीवन स्मल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों का खूब भरोसा जीता है।

पिछले कुछ वर्षो में बैंकिंग क्षेत्र का बड़ा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना रहा। इस दिशा में काफी काम भी हुआ और अब देश के अधिकतर लोग बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच बना चुके हैं। लेकिन, अब ग्राहकों की उम्मीदें इससे आगे बढ़ गई हैं। वे चाहते हैं कि उनका बैंक हर हाल में भरोसे के साथ काम करे और बदलते हालात में भी जिम्मेदारी निभाए।

उज्जीवन स्मल फाइनेंस बैंक में हेड- रिटेल लाइबिलिटीज, टीएएससी और टीपीपी श्री हितेंद्र झा कहते हैं, कुछ समय पहले तक ग्राहकों का भरोसा बैंक की शाखा, वहाँ काम करने वाले लोगों और तय प्रक्रियाओं से बनता था। लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीक के आने से बैंकिंग तेज और आसान हुई है, इसलिए अब ग्राहक सुविधा के साथ-साथ भरोसेमंद सेवा को भी उतना ही महत्व देते हैं।

तकनीक ने बैंकिंग को काफी बदल दिया है। आज भुगतान कुछ ही सेकंड में हो जाता है,



खाते कहीं से भी खोले जा सकते हैं और कई फैसले पहले से कहीं ज्यादा तेजी से लिए जाते हैं। इससे लोगों और कारोबार दोनों के लिए पैसों का प्रबंधन आसान हुआ है। लेकिन इसके साथ ही ग्राहकों की सतर्कता भी बढ़ी है। धोखाधड़ी और डेटा लीक जैसी घटनाओं ने लोगों को यह समझा दिया है कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था कितनी जरूरी है।

अब ग्राहक यह भी देखते हैं कि बैंक जोखिम को कितना समझता है और किसी परेशानी की स्थिति में कितनी जल्दी कदम उठाता है। संदिग्ध लेन-देन पर समय पर अलर्ट मिलना, जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद मिलना और खाते की सुरक्षा के स्पष्ट नियम, ये सभी चीजें भरोसा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं।

पिछले एक दशक में भारत का बैंकिंग क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ा है। अब जब सेवाओं की पहुँच काफी बढ़ चुकी है, तो ध्यान धीरे-धीरे फैसलों की गुणवत्ता पर जा रहा है। ग्राहक यह भी देखते हैं कि बैंक मुश्किल परिस्थितियों में किस तरह फैसले लेता है।

## बिहार राजस्व अमीन संघ ने भरी हुंकार, अपनी मांगों को लेकर करेंगे काला बिल्ला धारण और राज्यव्यापी धरना

**पटना (एनएसबी)।** बिहार राजस्व अमीन संघ ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उदासीन रवैये के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ ने अपनी न्यायोचित मांगों के समर्थन में आगामी 20 मार्च और 23 मार्च को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है।

मुख्य मांगें : संघ द्वारा विभाग के समक्ष पाँच प्रमुख मांगें रखी गई हैं :

1 राजस्व सेवा संवर्ग के अनुसार त्रिस्तरीय प्रोन्नति/ पदसोपान (अमीन से राजस्व अधिकारी/ कानूनगो, फिर अंचल अधिकारी यथा राजस्व सेवा के अनुसार)।

2 बिहार अमीन संवर्ग नियमावली-2025 के अनुसार शैक्षणिक योग्यता (सिविल डिप्लोमा) और कार्य के अनुरूप वेतनमान सुनिश्चित करना।

3. गृह जिला या नजदीकी जिले में पदस्थापन।

4 भूमि मापन कार्य के लिए जंजीर वाहकों की नियुक्ति।

5 क्षेत्र भ्रमण हेतु वाहन भत्ता, यात्रा भत्ता और डिजिटल कार्यो के संचालन के लिए इंटरनेट भत्ता प्रदान करना।

आंदोलन की रूपरेखा : विभाग द्वारा मांगों पर कोई ठोस निर्णय न लिए जाने के कारण संघ ने निम्नलिखित कदम उठाने का निर्णय लिया है :

20 मार्च 2026 : संपूर्ण बिहार में कार्यरत सभी नियमित अमीन अपने कर्तव्य स्थल पर काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे।

23 मार्च 2026 : राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर अमीन संघ द्वारा एक दिवसीय धरना दिया जाएगा।

आगे की चेतावनी : संघ के अध्यक्ष विशाल कुमार और महामंत्री रवि कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि यदि इन विरोध प्रदर्शनों के बाद भी विभाग द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो राज्य के सभी नियमित अमीन संवैधानिक नियमों का पालन करते हुए सामूहिक अवकाश पर जाने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा बिहार सरकार की होगी।

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के खिलाफ चलाया गया राज्यव्यापी अभियान

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में गैस सिलेंडर की कृत्रिम किल्लत दिखाकर कई स्थानों पर कुछ जमाखोर इसका फायदा उठाने की फिराक में लगे हैं। इसके मद्देनजर पुलिस महकमा के स्तर से सभी जिलों में व्यापक अभियान चलाकर ऐसे जमाखोरों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई है।

हाल में डीजीपी विनय कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों को जांच के समुचित आदेश दिए थे। इसके बाद सभी जिलों में इसे लेकर जांच, छापेमारी और कार्रवाई की प्रक्रिया तेज हो गई है। पुलिस मुख्यालय के स्तर पर भी इस मामले की सतत मानीटरिंग चल रही है।

विभिन्न जिलों में पिछले कुछ दिनों के दौरान एलपीजी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ के तहत चलाए गए व्यापक अभियान में दर्जनभर जिलों में 14 एफआईआर दर्ज करते हुए 419 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

इस दौरान कालाबाजारी में शामिल 21 व्यक्तियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त सूचना के अनुसार, विभिन्न जिलों के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए मामले दर्ज किए गए हैं। अररिया जिला के फारबिसगंज थाना में दर्ज मामले में सबसे ज्यादा 261 एलपीजी गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**राज्यभर में चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत 419 एलपीजी सिलेंडर किए गए जब्त, 14 एफआईआर हुई दर्ज और 21 व्यक्तियों को किया गया गिरफ्तार**

**सबसे ज्यादा अररिया जिला के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से जब्त किए गए 261 गैस सिलेंडर, 2 अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी**

इसके बाद सहरसा जिले नगर थाना में दर्ज एफआईआर की गई है, जिसमें 112 सिलेंडर जब्त किए गए और 1 को अभियुक्त बनाया गया है।

इसके अलावा शिवहर जिला के शिवहर थाना क्षेत्र में 6 सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 2 की गिरफ्तारी हुई है। मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान थाना में 1 एलपीजी के साथ 1 आरोपी, बेगूसराय के लाखो थाना में 11 एलपीजी के साथ 1 आरोपी, सारण के हरिहरनाथ दो एफआईआर दर्ज की गई (एक में 3 सिलेंडर के साथ 1 आरोपी एवं दूसरे में 1 सिलेंडर के साथ 1 आरोपी), सारण के ही नगर थाना में 3 सिलेंडर के साथ 2 आरोपी, मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना में 7 एलपीजी सिलेंडर के साथ 1 आरोपी तथा मोतिहारी के छतौनी थाना में 4 गैस सिलेंडर के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा सिवान के मुफस्सिल और कटिहार जिले के सहायक थाना में गैस सिलेंडर की जमाखोरी के मामले में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। सभी मामलों एफआईआर दर्ज करने के बाद आगे की जांच जारी है। अन्य जिलों में भी गैस की जमाखोरी को लेकर छापेमारी निरंतर जारी है।

## आरा में होगा आर्ट ऑफ लिविंग का दिव्य समाज निर्माण कार्यक्रम

**पटना/ आरा (एनएसबी)।** विश्व प्रसिद्ध मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आरा में 19 मार्च से 'दिव्य समाज निर्माण कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 'आरा के जेल रोड स्थित मैना सुंदर धर्मशाला में' आयोजित होगा।

दिव्य समाज निर्माण या डायनेमिज्म फॉर सेल्फ एंड नेशन (स्वयं और राष्ट्र के लिए गतिशीलता) कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास का एक अत्यंत सशक्त कार्यक्रम है । यह व्यक्ति के भीतर से डर, संकोच तथा मानसिक बाधाओं को दूर करता है तथा प्रतिभागियों में आत्मविश्वास को बढ़ाता है ताकि व्यक्ति एक सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में न सिर्फ आगे बढ़कर अपनी, बल्कि समाज की जिम्मेदारी भी उठाए और एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सके। यह कार्यक्रम वास्तव में एक आध्यात्मिक कमांडो ट्रेनिंग है। इसमें गहन ज्ञान और विशेष ध्यान और योग आसनों की मदद से प्रतिभागियों के संपूर्ण व्यक्तित्व को बहुमुखी बनाया जाता है।

इस कार्यक्रम के आध्यात्मिक तकनीकों के द्वारा व्यक्ति के व्यक्तित्व में निखार आता है, व्यक्ति में बधाओं को पार करने की क्षमता विकसित होती है, वे बेहतर संवाद कौशल सीखते हैं जिससे उनके जीवन में स्थिरता आती है और उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 'वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक और प्रशिक्षक राजेश जगसिया करेंगे। उनके व्यापक अनुभव और ओजस्वी मार्गदर्शन का लाभ उठाने के लिए पूरे बिहार से प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल होने आरा पहुँच रहे हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम का समापन 22 मार्च को होगा।

### जिला प्रशासन का दावा- उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचाया जा रहा रसोई गैस सिलेंडर, लेकिन हकीकत इससे दूर

# अधिकांश गैस एजेंसियों ने नहीं शुरू की होम डिलीवरी

**नव संदेश ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा जिला प्रशासन के दावों के विपरीत बुधवार को भी अधिकांश गैस एजेंसियों की होम डिलीवरी सेवा आरंभ नहीं हो सकी। मंगलवार को प्रशासन ने दावा किया था कि सभी गैस एजेंसियां घर-घर रसोई गैस पहुंचाएंगी, लेकिन उपभोक्ताओं की मानें तो हकीकत इससे दूर रहा। उधर, प्रशासन ने फिर से गैस आपूर्ति सुचारू करने की बात कही है।

प्रेस क्लब दरभंगा में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार ने जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर कहा कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 18 मार्च को 13,648 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 10157 सिलेंडर एजेसिंयों के गोदामों में शेष हैं। दरभंगा जिला में 19 मार्च 2026 को 10199 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 20356 गैस सिलेंडर 19 मार्च को वितरण होने की संभावना है। आज से गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सेवा प्रारंभ की गई है। इससे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति अब सीधे उनके घर तक हो सकेगी।

**जिले में एल.पी.जी. गैस आपूर्ति को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित**

दरभंगा जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है तथा उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निवारण संबंधित गैस एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है,ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यदि किसी उपभोक्ता को गैस के संबंध में शिकवा शिकायत दर्ज करना है तो 06272 24 50 55 पर कर सकते हैं। अभी तक 300 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई है जिसको सम्यक जांच करते हुए समाधान किया गया है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि अपने भंडारण में कितने एलपीजी गैस के सिलेंडर हैं ,पारदर्शी ढंग सूचना पट पर प्रदर्शित अवश्य लगाएंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संवाददाता द्वारा भी सुझाव दिया गया,जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा नोट किया गया एवं समाधान हेतु संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया। एलपीजी गैस का जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इधर उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके घरों तक गैस सिलेंडर नहीं पहुंच रहा है। शहर के एक दो गैस एजेंसियां को छोड़कर अधिकांश एजेंसियां होम डिलीवरी नहीं कर रही है। आज भी शहर और ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों के सामने गैस सिलेंडर की समस्याएं बनी हुई है। हालांकि जिला प्रशासन ने जो बात कही है उसका गुरुवार को क्या असर होता है यह देखना होगा।



प्रेस वार्ता में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं डीपीआरओ ।

### डीएम के आदेश के बावजूद बेनीपुर में गैस वितरकों ने होम डिलेवरी प्रारंभ नहीं की

**बेनीपुर (एनएसबी)।** डी एम के आदेश के बावजूद अनुमंडल क्षेत्र के गैस वितरकों द्वारा बुधवार से गैस का होम डिलेवरी प्रारंभ नही किए जाने के कारण अधिकांश एजेन्सीयों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही।वैसे बुधवार को एस डी ओ मनीष कुमार झा प्रभारी एम ओ मोनिका कुमारी ने मुख्यालय स्थित जी बी एम इंडियन गैस एजेंसी आशापुर एच पी सर्वेश्वरी गैस एजेंसी मौजपुर एवं नवभारत इंडियन गैस जरिसो का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने भंडारण एवं वितरण पंजी का गहन जांच किया जांच के बाद उन्होंने बताया की सबों का भंडारण सही पाया गया। लेकिन सरवर की गड़बड़ी के कारण भंडारण एवं वितरण पंजी की संधारण संतोष प्रद नहीं पाया गया। वहीं उन्होंने कहा कि एक मात्र एच पी गैस मौजपुर के द्वारा होम डिलीवरी से प्रारंभ किया गया है। एस डी ओ झा ने कहा की गुरुवार से सभी वितरकों को होम डिलेवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### ग्रामीण हाट पर ब्लास्ट हुआ छोटा गैस सिलेंडर, तीन महिला सहित पांच झुलसे

**दरभंगा (एनएसबी)।** पतोर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊष्मा मठ गांव में प्रत्येक बुधवार को हाट लगता है। जिसमें दूरदराज से लोग सामान खरीदने के लिए आते हैं। वहां पर अचानक कचरी बनाने वाली दुकान पर छोटा गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। जिसके फलस्वरुप अशोक पेपर मील थाना क्षेत्र के पेठिया गाछी निवासी स्वर्गीय रविंद्र शाह की पत्नी डॉमिनी देवी 60 वर्ष, लाल शाह उम्र 60 साल एवं उनके पुत्र चंदन साह20 वर्ष और पतोर थाना क्षेत्र के स्वर्गीय राजा राम साहू की पत्नी हीरा देवी उम्र 60 साल और उनकी पुत्री मेनका कुमारी उम्र 13 साल ब्लास्ट में घायल हो गई है। जिनका स्थिति बहुत ही खराब है। अगल-बगल में हाट पर चलने वाले लोगों को भी कुछ हद तक चोटे लगी है। हाट पर अफरातफरी माहौल हो गया। जिसमें कई लोग गिर गए । उन्हें भी काफी चोट लगी है ।जो भी दुकान वहां लगा हुआ था सभी अस्थाई दुकान है ।सभी लोग हाट के दिन दुकान लगाते हैं एवं शाम को अपने अपने घर चले जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 20 मार्च को दरभंगा सदर मंडल प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करेंगे प्रदेश भाजपाध्यक्ष संजय सरावगी

**दरभंगा (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत आगामी 20 मार्च से दरभंगा नगर विधानसभा में आयोजित होने वाले मंडल सह प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण वर्ग के आयोजन, प्रतिभागियों की उपस्थिति, व्यवस्था तथा कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा की आगामी 20 मार्च को महात्मा गांधी महाविद्यालय में दरभंगा सदर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ होगा। इस वर्ग का उद्घाटन बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी करेंगे।

### निमार्णाधीन कार्यो की सघन जांच के साथ ही विधायक ने की पीड़ित परिजनों से मुलाकात

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदन में सत्र समाप्ति के साथ ही क्षेत्रीय भ्रमण एवं समस्याओं के निदान को दरभंगा ग्रामीण विधानसभा के विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने सघन दौड़ा शुरू कर दिया हैं। इसी कड़ी में विधायक ईश्वर मंडल ने ग्रामीण विधानसभा के बलहा स्थित निमार्णाधीन पावर सब स्टेशन का औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश अभियंताओं को दिया। वहीं "इण्टर-स्तरीय परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, दुलारपुर" एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय काकरघाटी का निरीक्षण कर पठन पाठन एवं सरकार द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं का जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही स्थानीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सह समस्तीपुर निवासी कृष्ण कुमार एवं सुमन चौधरी के असामायिक निधन पर शोक सांत्वना प्रकट किया। वहीं विधायक श्री मंडल ने काकरघाटी स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र रंजीत यादव पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए रंजीत और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। साथ ही प्रशासन को मामले की निष्पक्ष और तेज जांच कर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के सख्त निर्देश भी दिया। विधायक श्री मंडल ने कहा कि जिस उम्मीद से जनता ने उन्हें अपना नेता बनाया हैं उनके उम्मीद पर शत प्रतिशत उतरना ही मेरी पहली प्राथमिकता हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से स्कूली शिक्षक की मौत

**दरभंगा (एनएसबी)।** एनएच 27 पर अलीनगर कट के पास मंगलवार की शाम तेज रफ्तार 20 चक्के के ट्रेलर ने स्कूल से बाइक से घर लौट रहे शिक्षक को रौंद दिया। शरीर के ऊपर चक्का चढ़ने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिला के पूसा रोड निवासी स्व. हरि लाल साह के पुत्र कृष्ण कुमार साह (50) के रूप में की गई है। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। उनकी मौत से परिजनों के बीच कोहराम मच गया है। मृतक के परिजन संजय कुमार साह ने बताया कि कृष्ण कुमार काकारघट्टी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। वे अपने परिवार के साथ शिवधारा में किराए के मकान में रहते थे। वे शाम करीब चार बजे बाइक से स्कूल से घर के लिए निकले थे। इसी दौरान करीब 4.30 बजे ट्रक में लगे ट्रेलर ने उन्हें रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी पत्नी मीरा कुमारी मिडिल स्कूल, हनुमानगर में शिक्षक हैं। उन्हें दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र भी शिक्षक हैं। लाश पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### डीएमसीएच क्लीनिकल पैथोलॉजी विभाग में छात्रों और डाटा ऑपरेटर के बीच विवाद, कामकाज ठप

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच के क्लीनिकल पैथोलॉजी विभाग में बुधवार को यूजी छात्रों और डाटा ऑपरेटर के बीच विवाद हो गया। इस घटना से विभाग में अफरा-तफरी मच गई और कामकाज करीब तीन घंटे से ठप है। विवाद के बाद बड़ी संख्या में छात्र विभाग के सामने जुट गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बेंता थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल प्रशासन भी छात्रों को शांत करने में जुटा है। अस्पताल के नियमित कार्य प्रभावित होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जल महोत्सव के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम


**पटना (एनएसबी)।** जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के स्तर से वाटर एड इंडिया के सहयोग से राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित करना था। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पंप ऑपरेटरों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि स्वच्छ पेयजल की व्यापक उपलब्धता से राज्य में जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। बापू टॉवर सभागार में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों से आयीं महिला पंप ऑपरेटरों, अनुरक्षकों एवं वार्ड सदस्यों को हर घर नल का जल योजना के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जलापूर्ति प्रणाली में उनकी निरंतर सक्रिय, जिम्मेदार एवं जमीनी स्तर पर प्रभावी भूमिका की औपचारिक पहचान के रूप में प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव नित्यानंद प्रसाद ने कहा कि हर घर नल का जल योजना केवल एक आधारभूत संरचना परियोजना नहीं है, बल्कि एक सशक्त सामुदायिक पहल है, जिसकी सफलता में महिला पंप ऑपरेटरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने योजनाओं के संचालन, नियमित अनुरक्षण एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय दक्षता का परिचय दिया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इन महिलाओं के योगदान को उचित पहचान एवं निरंतर प्रोत्साहन देना गुणवत्तापूर्ण एवं सतत जलापूर्ति व्यवस्था के लिए जरुरी है।

### सांसद ने कहा पीएमई बस सेवा योजना के लिए दरभंगा का हुआ चयन

# दरभंगा में 50 इलेक्ट्रिक बसों का होगा परिचालन : डा गोपाल जी

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री ई बस सेवा योजना केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य सार्जनिक निजी भागीदारी मॉडल के तहत देश में दस हजार इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन के माध्यम से शहरी परिवहन को हरित तथा आधुनिक बनाना है। देश के 27 राज्यों के 123 शहरों को इस योजना के लिए चयन किया गया है जिसमें बिहार में दरभंगा शहर का भी चयन किया गया है तथा यहां भी पीएम ई बस योजना के अंतर्गत 50 इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन की शुरूआत की जाएगी।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने उनके द्वारा लोकसभा में किए गए अतारंकित प्रश्न संख्या 4119 के आलोक में केंद्र सरकार के उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा द्वारा दिए गए उत्तर के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। लोकसभा में उन्होंने इस मुद्दे पर प्रश्न कर दरभंगा को पीएम ई बस योजना के लिए चयन किए जाने का आग्रह किया था जिसके उत्तर में केंद्रीय उद्योग राज्यमंत्री के द्वारा बताया गया है कि बिहार के दरभंगा पटना, भागलपुर, गया मुजफ़्फर तथा पूर्णिया सहित छह शहरों में केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत करने की स्वीकृति दी तथा इन शहरों में इस प्रणाली को अमल में लाकर शहरों में कुशल, स्वच्छ और प्रौद्योगिकी संचालित बस सेवाएं शुरू की जाएगी। सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से देश में 57 ,161 करोड़ की लागत से 10 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का परिचाल शुरू किया जाएगा जिसके माध्यम से 45 हजार से 55 हजार तक लोगो को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सांसद डा ठाकुर ने पीएम ई बस सेवा योजना में दरभंगा शहर को शामिल किए जाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजूश्रीनिवास वर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि दरभंगा के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र तथा राज्य की एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है।



डॉ गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा।

## अनुपूरक अनुदान विकास की निरंतरता का मजबूत आधार : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने संसद में अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों का समर्थन करते हुए कहा कि अनुपूरक अनुदान केवल अतिरिक्त व्यय नहीं, बल्कि विकास कार्यों की निरंतरता सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि जब किसी योजना में धन की कमी होती है या नई आवश्यकताएँ सामने आती हैं, तब अनुपूरक अनुदान के जरिए उन्हें पूरा किया जाता है, ताकि जनता को समय पर लाभ मिल सके। यह केवल बजटीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

डॉ. गुप्ता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए व्यापक बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते वर्षों में सड़क, रेल, एयरपोर्ट, डिजिटल सेवाओं और गरीब कल्याण योजनाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसका लाभ आम जनता तक पहुंचा है। उन्होंने पटना मरीन ड्राइव का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां पहले शाम के बाद सन्नाटा रहता था, वहीं आज परिवार, युवा और महिलाएं देर रात तक सुरक्षित वातावरण में समय बिता रही हैं, जो बदले हुए बिहार की तस्वीर को दशार्ता है। सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, गंगा पर बन रहे पुलों और रेलवे परियोजनाओं ने राज्य में आवागमन को सुगम बनाया है, जिससे व्यापार, निवेश और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।



डॉ. धर्मशीला गुप्ता।

**राज्यसभा सांसद ने संसद में अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा में लिया भाग**

## कायस्थ मिलन समारोह की पूर्व संध्या पर आयोजित हुई बैठक

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा में विक्रम संवत 2083 , नववर्ष के अवसर पर 19 मार्च, 2026 ( बृहस्पतिवार) को कायस्थ परिवार मिलन समारोह सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजेन्द्र भवन ( टाउन हॉल, दरभंगा) में आयोजित होगा।

इस अवसर पर सिकटा के विधायक समृद्ध वर्मा बतौर उद्घाटनकर्ता, मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि मनहर कृष्ण अतुल, राष्ट्रीय सह प्रांतीय पदाधिकारी, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा,दिल्ली के अध्यक्ष रजनीश रंजन सिन्हा सहित विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष उपस्थित होकर महासभा के उद्देश्य पर विचार व्यक्त करते हुए मार्गदर्शन देंगे। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित है। इसके सफल संपादन हेतु बुधवार 18 मार्च, 2026 को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दरभंगा के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी के सदस्यों सहित सामान्य व सक्रिय सदस्यों की विशेष बैठक स्थानीय राजेन्द्र भवन परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार लाल ने की।

समीक्षात्मक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि - इस गरिमापूर्ण समारोह को आकर्षक और स्मरणीय बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा कायस्थ परिवार को इस कार्यक्रम में जोड़ा जाए। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर दीपक कुमार सिन्हा, प्रांतीय उपाध्यक्ष अभिताभ कुमार सिन्हा, प्रदेश मंत्री पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा,स्वागत समिति संयोजक, प्रो राकेश रंजन सिन्हा, अध्यक्ष महिला संभाग अनिता आनंद, जिला संगठन मंत्री नीरज कुमार कर्ण, कोषाध्यक्ष हीरा कुमार दास, कार्यक्रम कोषाध्यक्ष डॉ मनीष कुमार,अमित कुमार, प्रवीण चंदन मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## सझुआर गांव में नंद जी महाराज सुनाएंगे श्रीराम कथा, जोर-शोर से चल रही तैयारी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सझुआर गांव में स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में राम भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। पूज्य श्री नंद जी महाराज के सान्निध्य में 19 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाली भव्य राम कथा की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। यह नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान ग्रामीणों की एकजुटता और भक्ति का अनुपम उदाहरण बनेगा, जो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन आदर्शों को समर्पित होगा।

गुरुवार, 19 मार्च को सुबह कलश शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसमें सैकड़ों कलश यात्रियों द्वारा नव परिधान धारण कर पवित्र जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण किया जाएगा। यात्रा के समापन पर कथा स्थल पर कलश स्थापना के बाद श्री नंद जी महाराज राम कथा का वाचन प्रारंभ करेंगे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, प्रवचन और रामायण पाठ के माध्यम से उपस्थित भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होगा।यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई, मंच निर्माण और प्रकाश व्यवस्था किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक उल्लास बढ़ाएगा, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत करेगा। सभी ग्रामवासी, आसपास के क्षेत्रों से आने वाले भक्तों और राम भक्तों से कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है।राम कथा के माध्यम से सझुआर गांव न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर होगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का भी प्रतीक बनेगा।



19 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाली श्री राम कथा की तैयारी करते श्रद्धालु।

# समर्थ पोर्टल के सफल क्रियान्वयन में मिथिला विश्वविद्यालय पूरे बिहार को नेतृत्व प्रदान करेगा : प्रो. संजय कुमार चौधरी

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा बिहार प्रान्त में समर्थ पोर्टल को सफलता पूर्वक संचालन करने वाला अग्रणी विश्वविद्यालय है। समर्थ पोर्टल के सफल क्रियान्वयन में मिथिला विश्वविद्यालय बिहार को नेतृत्व प्रदान करेगा। इस शुरूआत को बहुत ही सीरियसली लेना होगा।

नामित पदाधिकारी प्रशिक्षण के बाद अपने कॉलेज में तीन शिक्षकों एवं दो कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित करेंगे, ताकि कॉलेज का काम प्रभावित न हो सके। उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने आइक्यूएसी द्वारा आयोजित चारों जिलों- दरभंगा, बेगूसराय, समस्तीपुर एवं मधुबनी के अंगीभूत कॉलेजों के प्रधानाचार्यों द्वारा समर्थ पोर्टल के सफल क्रियान्वयन हेतु नामित नोडल पदाधिकारियों के आइक्यूएसी मीटिंग हॉल में 'समर्थ-प्रशिक्षण' का शुभारंभ करते हुए कही। कुलपति ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय के चारों जिलों के लिए मुख्यालय से एक-एक नोडल ऑफिसर कॉलेजों के समर्थ-कार्य के संचालन की निगरानी करेंगे।

**अंगीभूत कॉलेजों के नामित नोडल पदाधिकारियों के समर्थ प्रशिक्षण का कुलपति ने किया शुभारंभ**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से चर्चा की। भविष्य में विश्वविद्यालय का कार्य परीक्षा आयोजित करने तथा आवश्यक निर्देश आदि प्रदान करने तक ही सीमित हो जाएगा। कुलपति का स्वागत डॉ मो ज्या हैदर ने बुके से किया।स्वागत संबोधन में आइक्यूएसी निदेशक डॉ मो ज्या हैदर ने कहा कि समर्थ प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें सभी नोडल पदाधिकारी अपने लैपटॉप के साथ शामिल हुए। प्रथम सत्र में दरभंगा एवं बेगूसराय तथा द्वितीय सत्र में समस्तीपुर एवं मधुबनी के नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। समर्थ प्रशिक्षक के रूप में विश्वविद्यालय नोडल पदाधिकारी डॉ मो ज्या हैदर एवं एसोसिएट नोडल ऑफिसर्स- डॉ दिवाकर झा, डॉ मसरूर आलम तथा डॉ पी भंजन के नाम शामिल हैं। प्रशिक्षण में समर्थ लीव मॉड्यूल तथा बेसिक माड्यूल की विस्तार से चर्चा की गई। तकनीकी सहायता इ गणेश पासवान तथा इ विपुल कुमार ने प्रदान किया।




उद्घाटन करते कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी।

## संक्षिप्त खबरें

### पीड़ितों के आवेदन पर त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्रवाई करें सुनिश्चित : एसडीओ

**अजा/जजा अधिनियम अंतर्गत अनुमंडल स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित**



**समस्तीपुर एनएसबी)।** अजा/जजा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ितों को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना एवं प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, बुधवार को अनुमंडल सभा कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत अनुमंडल स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्राप्त मामलों की क्रमवार समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि, पीड़ितों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में समस्तीपुर विधायक अश्वमेघ देवी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना प्रभारी, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### चैती छठ और ईद को लेकर एसडीओ ने थानाध्यक्षों के साथ की बैठक, दिए सख्त निर्देश



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रकृति पूजन की परम्परा के तहत शुद्धता और पवित्रता की पराकाष्ठा का प्रतीक लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ एवं परस्पर सहकार, सौहार्द और प्रेम का पर्व ईद-उल-फितर के मद्देनजर अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि, सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती तथा अफवाहों पर सख्ती से नियंत्रण सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि, वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में आपसी भाईचारा, शांति एवं सद्भाव बनाए रखना है, ताकि सभी नागरिक बिना किसी भय या असुविधा के त्योहारों का आनंद ले सकें। इस दौरान एसडीओ श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश दे गया दावत ए इफ्तार, सभी ने एक-दूसरे के गले मिल कर दी ईद की बधाई

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत कलीमी नगर स्थित नूरी मस्जिद परिसर में बुधवार की शाम दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों के अलावा गैर मुस्लिम लोगों ने भी विविध व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान सबसे पहले उपस्थित रोजेदारों ने अपना रोजा खोला तथा एक-दूसरे से गले मिल बधाई दी। आयोजनकर्ता समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि लालबाबू सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन से दोनों समुदाय के लोगों में आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ता है, जिससे समाज में समरसता आती है। वहीं इस इफ्तार पार्टी को हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के अलावा हिंदू समाज के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रोजेदारों ने खुदा से सभी के लिए अमन-चैन की दुआ की तथा गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखने का संदेश दिया। मौके पर गुड्डू सिंह, मुमताज, मो. चांद, मो.शहनवाज आदि मौजूद थे।

### रामनवमी एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**बिथान (एनएसबी)।** आगामी रामनवमी एवं ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को बिथान थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीडीओ आफताब आलम ने की एवं संचालन थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र राजू ने किया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से प्रशासन ने अपील की कि दोनों त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। इस क्रम में बीडीओ ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। वहीं अपने संबोधन में थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र राजू ने कहा कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पुलिस गश्त भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान पर्व के दौरान साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

### बिथान के मनोज बने सब इंस्पेक्टर, प्रखंड में खुशी की लहर

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बिथान गांव निवासी रामानंद साह के पुत्र मनोज कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कार्यरत मनोज कुमार को पदोन्नति देकर अब सब इंस्पेक्टर बना दिया गया है।बताया जाता है कि मनोज कुमार पहले सीआरपीएफ में एएसआई (असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर) के पद पर जीसी हैदराबाद में कार्यरत थे। उनके उत्कृष्ट कार्य,अनुशासन और सेवा के प्रति



समर्पण को देखते हुए उन्हें पदोन्नत किया गया है ।जीसी हैदराबाद में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान सीआरपीएफ के डीआईजी उदय भास्कर बिल्ला (आईपीएस) एवं उप कमांडेंट ध्रुवनारायण ने उन्हें कंधों पर सितारा लगाकर सम्मानित किया और सब इंस्पेक्टर के पद की जिम्मेदारी सौंपी।मनोज कुमार की इस उपलब्धि से उनके परिवार सहित पूरे बिथान प्रखंड में खुशी का माहौल है। गांव और पंचायत के लोगों ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि मनोज कुमार ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी तरह देश की सेवा करते रहेंगे।स्थानीय जनप्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकताओं और युवाओं ने खुशी का इजहार किया। लोगों का कहना है कि मनोज कुमार की सफलता से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी देश सेवा के लिए आगे बढ़ेंगे।

# जिला पदाधिकारी ने किया ओपन जिम का उद्घाटन, बंदी दरबार में सुनी बंदियों की समस्या, दिया आश्वासन



गार्ड ऑफ ऑनर लेते डीएम।



जिम का उद्घाटन करते डीएम, काराधीक्षक व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुधवार को जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में ओपन जिम के विधिवत उद्घाटन के बाद मंडल कारा परिसर में बंदी दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कारा पर उनके आगमन के उपरान्त, सर्वप्रथम सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी ने पहले मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत कारा कर्मियों हेतु कारा परिसर में नव अधिष्ठापित ओपेन जिम का उद्घाटन किया। पुनः बंदी दरबार को संबोधित किया।

बंदी दरबार में पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर की ओर से पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) नरेन्द्र शर्मा पुलिस केन्द्र, काराधीक्षक प्रशान्त कुमार ओझा, प्रभारी उपाधीक्षक मनोज कुमार सिंह, सहायक अधीक्षक प्रेरणा पटेल, कंचन कुमारी सहित कारा के सुरक्षा कर्मी एवं कारा में संसीमित बंदी उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम काराधीक्षक श्री ओझा ने जिला पदाधिकारी को पौधा से सम्मानित किया। बंदी दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी बंदियों से उनकी शिकायत निवारण हेतु व्यक्तिगत एवं सामुहिक समस्या / सुझाव पूछे। बंदियों द्वारा कारा में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर पानी की उपलब्धता हेतु 06 चापाकल लगवाने एवं भीषण गर्मी से बचाव हेतु वाटर कुलर उपलब्ध कराने हेतु लिखित आवेदन देकर अनुरोध किया। जिला पदाधिकारी ने बंदियों को आश्वासन दिया कि, बंदी हित में कारा में चापाकल एवं वाटर कुलर यथाशीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। अपने संबोधन में श्री कुशवाहा ने बताया कि, विद्युत की आपूर्ति के लिए सोलर उपकरण हेतु संबंधित विभाग यथा ब्रेडा आदि को उपकरण लगाने हेतु निर्देशित किया जाएगा तथा नया जनरेटर खरीदने हेतु विभाग को अनुशंसा भेजी जाएगी। उन्होंने काराधीक्षक को निदेश दिया कि इस संबंध में संबंधित विभाग से यथाशीघ्र पत्राचार करें। कुछ बंदियों ने बंदी दरबार में अपने व्यक्तिगत पारिवारिक जमीनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन समर्पित किया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी को समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारा की व्यवस्था सुधार की ओर प्रगतिशील है। कारा में बंदियों की समस्याओं को न्युनतम करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बंदियो से नकारात्मक सोंच के उपर उठकर रचनात्मक कार्यों यथा कारा में चलायी जा रही मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण, शैक्षणिक प्रशैक्षणिक प्रशिक्षणों में बढ़-चढ़कर सम्मलित होने को कहा। ताकि कारामुक्त होने के उपरान्त स्वावलंबी होकर सम्मानपूर्वक अपना जीवनयापन कर सकें। बंदियों की अन्य किसी भी प्रकार की कोई समस्या/सुझाव नहीं होने पर काराधीक्षक ने जिला पदाधिकारी को मिथिला पेंटिंग में प्रतीक चिन्ह समर्पित कर उनकी अनुमति से बंदी दरबार के समाप्ति की घोषणा की।

## नवम कक्षा के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा शुरू



परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत सभी 14 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बुधवार से नवम कक्षा के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन भाषा विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें प्रथम पाली में हिंदी तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई। वहीं 11वीं कक्षा के छात्रों के लिए भी भाषा विषय की परीक्षा आयोजित की गई। उधर, परीक्षा को लेकर विभागीय दिशा-निर्देश के अनुसार विद्यालय स्तर पर व्यापक तैयारी की गई थी, ताकि नकल पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। हालांकि, कई विद्यालयों में संसाधनों और कक्षाओं की कमी के कारण छात्रों को बैठाने में परेशानी देखने को मिली। कुछ केंद्रों पर एक ही बेंच पर तीन से चार छात्र-छात्राओं को बैठाना पड़ा, जिससे न केवल छात्रों को असुविधा हुई बल्कि परीक्षा की निष्पक्षता पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मऊ वाजिदपुर दक्षिण में सर्वाधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित भूषण ने बताया कि दोनों पालियों में आयोजित परीक्षा में पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। वहीं, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ धनेश्वर दक्षिण में भी दोनों पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। यहां छात्रों को सीट अरेंजमेंट के अनुसार बैठाया गया ताकि नकल पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। प्रधानाध्यापक अमजद हुसैन ने बताया कि नवम कक्षा में 153 तथा 11वीं कक्षा में 130 छात्रों ने परीक्षा दी। इस दौरान शिक्षक कुमार शुभम, चंदन कुमार, रवि कुमार, राम गणेश सिंह, हरिमोहन सिंह आदि परीक्षा के संचालन में जुटे रहे। वहीं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाजिदपुर में जगह के अभाव के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित रहीं। प्रधानाध्यापिका चंद्रिका कुमारी ने बताया कि सीमित संसाधनों के कारण छात्रों को बैठाने में कठिनाई हुई। यहां नवम में 74 और 11वीं में 48 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि परीक्षा पूरी तरह बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के बोर्ड पैटर्न पर ली जा रही है तथा प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपुर ढेपुरा, बालकृष्णपुर मड़वा एवं हरपुर बोचहा सहित अन्य विद्यालयों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। बताया गया कि नवम वर्ग की परीक्षा 24 मार्च तक चलेगी, जबकि 11वीं की परीक्षा भी समानांतर रूप से आयोजित की जा रही है। दोनों कक्षाओं की परीक्षा एक साथ होने के कारण कई विद्यालयों में कक्षाओं की कमी महसूस की जा रही है।

प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और सभी विद्यालयों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## जनसंपर्क को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है हिन्दी : डीआरएम

**मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम बैठक संपन्न, शुद्ध सरल और व्यवहारिक हिंदी के प्रयोग पर दिया गया जोर**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर मंडल पूर्णतः हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित है, जहाँ आम आदमी अपने अधिकांश कार्य हिंदी में ही करते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि कार्यालयी कार्यों में भी शुद्ध, सरल एवं व्यवहारिक हिंदी का प्रयोग बढ़ाया जाए, जिससे हिंदी का वास्तविक विकास एवं व्यापक प्रसार सुनिश्चित हो सके। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में बुधवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026 की पहली बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने उक्त बातें कही। इस दौरान उन्होंने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी के प्रयोग की पुरजोर वकालत की। मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरूआत अपर मुख्य रजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबंधक सन्नी सिन्हा द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुई। तत्पश्चात राजभाषा अधिकारी सह सहायक कार्मिक अधिकारी ने विषय प्रवेश कराते हुए बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत की और राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक कार्यसूची के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विभागों में हिंदी के प्रयोग की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए उपयोग बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। बैठक में विशेष रूप से नोटिंग, ड्राफ्टिंग, पत्राचार तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिंदी के प्रयोग को प्राथमिकता दिए जाने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग केवल संवैधानिक दायित्व ही नहीं, बल्कि जनसंपर्क को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम भी है। हिंदी के व्यापक प्रयोग से न केवल प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ती है, बल्कि आम नागरिकों के साथ संवाद भी अधिक सरल और सहज हो जाता है। इस दौरान बताया गया कि, समस्तीपुर मंडल द्वारा राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं उसके अधिकाधिक प्रयोग के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और जनसंपर्क दोनों को सुदृढ़ किया जा सके। अंत में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई तथा राजभाषा अधिकारी सह सहायक कार्मिक अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। मौके पर सभी शाखाधिकारी उपस्थित थे।

### नहीं रहे उच्च विद्यालय बेलामेघ के पूर्व एचएम, शिक्षाविद कृष्णदत्त झा, शोक



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** नहीं रहे प्रखंड के गढ़सिसई पंचायत के भजनगामा निवासी एवं उजियारपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय बेलमेघ के पूर्व प्रधानाध्यापक शिक्षाविद कृष्णदत्त झा। मंगलवार को उनका निधन हो गया। वे करीब 95 वर्ष के थे। अपने पीछे वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। वे एक आदर्श शिक्षक एवं कुशल मार्गदर्शक थे, जिनके अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न सरकारी पदों पर कार्यरत हैं। खबर मिलते ही मुखिया रतन कुमार, पूर्व मुखिया शशिकांत झा, सत्यनारायण मिश्र, अमरेंद्र ठाकुर, बीरेंद्र चौधरी, उपेंद्र चौधरी आदि ग्रामीण एवं छात्रों ने गहरा शोक जताते हुए उनका अंतिम दर्शन किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण अंतिम विदाई दी।

### दलसिंहसराय के दारोगा ने अवैध तरीके से मिट्टी कटाकर बेचने के लिए मांगे एक लाख महीना, बताया हिसाब, ऑडियो वायरल

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** नगर थाना के एक और दारोगा का व्हाट्स एप कॉल पर बात करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के अनुसार दलसिंहसराय थाना में एएसआई के पद पर तैनात राहुल कश्यप किसी अवैध खनन माफिया से मिट्टी काटकर बेचने के लिए मासिक शुल्क तय कर रहे है। वाट्सअप कॉल से बातचीत का एक वीडियो बनाया गया है, जिसमें दारोगा श्री काश्यप का वाट्सअप प्रोफाइल में लगा फोटो के साथ नंबर भी दिख रहा है। ऑडियो के वीडियो क्लिप में साफ साफ सुनाई दे रहा है कि, दारोगा अवैध खनन माफिया से मिट्टी काट कर बेचने के एवज में एक अधिकारी के लिए महीना सेट कर रहे हैं। जिसमें एक लाख रुपए मांगने के बाद 70 हजार रुपया महीना देने की बात की जा रही है। हालांकि खनन माफिया 50 हजार देने की बात कर रहा है। ऑडियो अनुसार राहुल कश्यप यह कहते सुनाई दे रहे है कि सर बोले कैसे मिट्टी कटाई हो रहा है। एक लाख देगा तब कुछ होगा। तब राहुल कश्यप बोलते है कि नहीं सर मेरे पास आया है तो कुछ कम कर दीजिए 70 तक दे देगा ।

# बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह क्षमतावर्धन कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न



कार्यशाला का उद्घाटन करते पदाधिकारी व समाजसेवी।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुधवार को बेटी बचाओ, बाल विवाह मुक्त भारत, बचपन बचाओ सहित दर्जनों आंदोलन की सहकार जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जननायक कपूर्री ठाकुर सभागार में बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह क्षमतावर्धन कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

आरक्षी उपाधीक्षक-यातायात- आशीष राज, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रंजू कुमारी तथा जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी, संदीप कुमार, बलराम चौरसिया, ललिता कुमारी, किरण कुमारी, रवि कुमार मिश्रा, पप्पु यादव, दिप्ती कुमारी, रविन्द्र पासवान, वीभा कुमारी आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि आशीष राज, आरक्षी उपाधीक्षक-यातायात ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए किशोर न्याय अधिनियम में कई उपाय बताये गये हैं, जरूरत है सरकार और समाज को सजग और संवेदनशील होने की। तभी हम बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम और बाल दूर्व्यपार से बच्चों को बचा सकते हैं। आज का यह प्रशिक्षण हमारे पुलिस पदाधिकारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रंजू कुमारी ने भी पुलिस, प्रशासन और सामुदायिक भागीदारी को प्रमुखता से रखा। पोक्सो और किशोर न्याय कानून को विस्तार से समझाते हुए प्रशिक्षक भगवान पाठक ने कानून की बारीकियों और पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षक प्रकाश कुमार नें पोक्सो एक्ट के अंदर सजा के प्रावधान के बारे में बताया। महिला एवं बाल विकास निगम, समस्तीपुर के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रवि प्रकाश सिंह नें पोक्सो पीड़िताओं के त्वरित न्याय तथा बेहतर आवासन के लिए निगम की योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि संस्था ने समस्तीपुर जिला में अब तक 150 पोक्सो पीड़िताओं को मनोसामाजिक और कानूनी सहायता दिया गया है। लगभग 1700 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर मुख्य धारा में शामिल कराया कराया है एवं उनको विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा है। 3000 से अधिक नाबालिग किशोरियों और उनके परिवार को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया गया तथा 600 नाबालिग किशोरियों को बाल विवाह से मुक्त कराया गया है जिसकी शादी तय हो गई थी। इस कार्य में चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस, जिला प्रशासन, श्रम संसाधन विभाग, रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेल पुलिस का सहयोग मिला। इसके साथ हीं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में महिला और बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस, क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू, एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम का सहयोग और तकनीकी समर्थन प्राप्त है। बच्चों के सुरक्षा और संरक्षण के लिए जिला के तमाम मिडिया संस्थान का भी सकारात्मक सहयोग मिलता रहा है। आज के इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला के विभिन्न थानों से सौ से ज्यादा थानाध्यक्ष व बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। मौके पर दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा, चेतना सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार राय, अर्जून प्रसाद सिंह, मयंक कुमार सिंहा, अनुष्का कुमारी, नवनीत कुमार, संदीप कुमार, पैरवी-नई दिल्ली की कार्यक्रम समन्वयक वीभा कुमारी, बबिता कुमारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक शंकर मल्लिक, नगर थाना से सिम्पल कुमार वर्मा, अल्का विश्वास, वीर बहादूर सिंह, शिवानी नंदिनी, पुनम कुमारी, मीरा कुमारी, काजल कुमारी, खुश्बू कुमारी, शबनम कुमारी, गोपाल कुमार गुप्ता, सलीम रजा इत्यादि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रोगी कल्याण समिति की एक बैठक का आयोजन



**खजौली (एनएसबी)।** बुधवार को सीएचसी के परिसर में रोगी कल्याण समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोगी कल्याण समिति के पदेन अध्यक्ष सह बीडीओ लवली कुमारी ने किया। गत बैठक की संपुष्टि के बाद बैठक की विधिवत शुरूआत करते हुए सीएचसी में प्रतिनियुक्त गार्ड की पिछले जनवरी फरवरी मार्च की उपस्थिति रजिस्टर बायोमेट्रिक उपस्थिति और गार्ड की रोस्टर मांगे जाने पर सीएचसी प्रभारी सह रोगी कल्याण समिति के सचिव डॉ.ज्योतेन्द्र नारायण ने बताया कि गार्ड की उपस्थिति रजिस्टर गार्ड के सुपरवाइजर के पास हैं । वहीं बायोमेट्रिक एटेंडेंस मधुबनी से निकला जाता हैं। वहीं गार्ड की रोस्टर बैठक में प्रस्तुत नही करने पर बीडीओ सह समिति के पदेन अध्यक्ष लवली कुमारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए बैठक को स्थगित करते हुए गुरुवार को पुनः दो बजे रोगी कल्याण समिति की बैठक का समय निर्धारित किया। इस मौके पर सुमित कुमार सिंह शिव कुमार सिंह,अनीता देवी, कृष्णा कुमारी,स्वास्थ्य प्रबंधक अर्चना भट्ट सहित अन्य मौजूद थे।

### 33 गैस एजेंसियों के द्वारा शुरू की जा चुकी है होम डिलीवरी की सुविधा

**मधुबनी (एनएसबी)।** एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के समस्या के निराकरण हेतु प्रतिदिन कई माध्यमों से आवश्यक कारवाई की जा रही है।विदित हो कि जिले में विभिन्न कंपनियों यथा आई.ओ.सी.एल., एच. पी.सी.एल. तथा बी.पी.सी.एल के कुल-103 एलपीजी गैस एजेंसी कार्यरत है। जिसमें कुल उपभोक्ताओं की संख्या-9 लाख 61 हजार 36 है। सभी कंपनियों को मिलाकर 1 से 17. मार्च तक कुल-2 लाख 42 हजार 439 उपभोक्ताओं के द्वारा बुकिंग की गयी है।1 से 17 मार्च तक कुल-1 लाख 90 हजार 625 एलपीजी गैस की डिलिवरी कर दी गयी है।कालाबाजारी एवं जमाखोरी करनेवालों पर कारवाई के लिए गठित टीम चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुई है।सभी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की गयी है तथा महिलाओं, दिव्यांगों एवं बुजुर्गों के लिए अलग से विशेष लाईन की व्यवस्था की गयी है। शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिन तथा सभी उपभोक्ताओं के लिए साल में मात्र 12 गैस की ही बुकिंग करने की व्यवस्था लागू है।सभी उपभोक्ता इसका पालन करते हुए ही बुकिंग का प्रयास करें। वर्त्तमान में सर्वर की समस्या नहीं है।

### दावत- ए- इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन.



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय औसी वभनगामा उत्तरी के विद्यालय प्रधानाध्यापक मोहम्मद जियाउद्दीन के देख-रेख में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन औसी बिचलाटोल स्थित आवासीय परिसर मैं किया गया. इस मौके पर रमजान के पाक एवं बरकत महीने की फजीलत पर चर्चा की गई. शिक्षक सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे. शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद नूर आलम, विद्यालय प्रधान मोहम्मद जियाउद्दीन, मोहम्मद इनामुल हक रहमतुल्लाह, मोहम्मद फैयाज ने कहा कि इफ्तार पार्टी भाईचारे का पैगाम देता है. इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोग एक साथ में बैठकर इफ्तार करते हैं. रमजान के पवित्र महीने में इफ्तार पार्टी होती है. कहा कि हमारे हिंदुस्तान की खूबसूरती है कि हम सभी समुदाय के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं और भाईचारे का पैगाम देते हैं. वही अनुज कुमार सुमन, सुनील कुमार शर्मा, आशीष गुप्ता ,प्रवेश कुमार यादव ,अभिषेक कुमार, राहुल कुमार लव ने कहा की इफ्तार पार्टी में जाने से मुझे बहुत खुशी औरआनंद मिलता है. शांति और भाईचारे के माहौल में यहां के लोग इस महीने को मानते हैं और एक दूसरे का सहयोग भी करते है!

### सादुल्लाहपुर में घटित घटना में प्रयोग की गई हथियार बरामद



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सादुल्लाहपुर गांव में पिछले दिनों हुई घटना में प्रयोग की गई हथियार बिस्फी थाना के द्वारा बरामद कर लिया गया है. इसकी जानकारी देते हुए बुधवार को डीएसपी अमित कुमार ने थाना परिसर में बताया कि इसको लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एसआईटी टीम गठित की गई थी. ताकि घटना में प्रयोग की गई हथियार को बरामद किया जा सके. इस घटना को लेकर नामजद अभियुक्त रणवीर सहनी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था. घटना 11 मार्च की रात्रि को की गई थी. सादुल्लाहपुर एवं आलम चौक के बीच दो लड़कों के साथ घटित घटना को लेकर प्राथमिकी की गई थी.नामजद अभियुक्त रणवीर सहनी के द्वारा घटना में प्रयोग की गई हथियार को तालाब में फे-के जाने की बात बताया गया था. तत्पश्चात एसआईटी टीम के द्वारा गोताखोर के सहयोग से घटना में प्रयोग की गई हथियार को तालाब से बरामद किया गया.छापेमारी दल मे थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, एसआई अरविंद कुमार, टिंकू कुमार सिंह, रंजू कुमारी, कृष्ण कुमार यादव, कमलेश महतो शामिल थे.

### मिथिला महोत्सव एवं बिहार दिवस 2026 को लेकर स्क्रीनिंग आयोजित, प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंचः जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला महोत्सव एवं बिहार दिवस 2026 के अवसर पर स्कूली बच्चों एवं युवा-नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करने हेतु आज खेल भवन, मधुबनी में भव्य स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री चंदन कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि मिथिला महोत्सव का आयोजन 20 एवं 21 मार्च को तथा बिहार दिवस का आयोजन 22 मार्च को वॉटसन उच्च विद्यालय, मधुबनी में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा के निदेर्शानुसार इन आयोजनों की तैयारियाँ जोर-शोर से की जा रही हैं। स्थानीय कला-संस्कृति एवं खान-पान की झलक बनेगी मुख्य आकर्षण उन्होंने आगे बताया कि इन आयोजनों के दौरान जिले के लोगों को स्थानीय खान-पान एवं समृद्ध मिथिला कला-संस्कृति पर आधारित स्टॉल भी देखने को मिलेंगे। यह महोत्सव न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। दिन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए युवाओं ने विशेष उत्साह दिखाया है और बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की है, जो जिले के सांस्कृतिक विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है। विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, निर्णायक मंडल ने की सराहना स्क्रीनिंग कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. अभिषेक कुमार, श्री उमेश कुमार, मधु कुमारी, डॉ. शिवनारायण मिश्र एवं प्रेरणा कुमारी ने बताया कि आईपीएस, पोल स्टार, रिजनल सेकेंड्री, उच्च विद्यालय बेलाही, उच्च विद्यालय बलहा, उच्च विद्यालय राजनगर, उच्च विद्यालय वॉटसन, उच्च विद्यालय शिवगंगा सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित मंच और मार्गदर्शन की है, जो इन आयोजनों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। जनसामान्य से सहभागिता की अपीलजिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन आयोजनों में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं तथा स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।



# ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण में तेजी, साहरघाट-कलुआही सेक्शन-1 में मरम्मती कार्य शुरू : डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा द्वारा ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग का सकारात्मक परिणाम अब जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में साहरघाट से कलुआही सेक्शन-1 सड़क के मरम्मती कार्य का शुभारंभ हो गया है। इस महत्वपूर्ण सड़क के मरम्मत पूर्ण हो जाने के पश्चात क्षेत्र में आवागमन और अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। यह सड़क क्षेत्रीय संपर्क का प्रमुख माध्यम है, जिसके सुदृढ़ीकरण से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण में मधुबनी राज्य के अग्रणी जिलों में शामिलगौरतलब है कि मधुबनी जिला ग्रामीण सड़कों के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्यभर में 18,021 ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी, जिनकी कुल लंबाई लगभग 30,848 किलोमीटर है। इनमें से अब तक 10,073 किलोमीटर सड़कों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।इसी क्रम में मधुबनी जिले ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कुल 656 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है, जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुलभ, विकास को मिल रही नई गतिग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण से जिले के गांवों में आवागमन की सुविधा में व्यापक सुधार हुआ है। इससे किसानों, छात्रों, व्यवसायियों एवं आम नागरिकों को काफी सहूलियत मिल रही है। साथ ही गांवों का प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से बेहतर संपर्क स्थापित हो रहा है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल रहा है।गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देशइस संबंध में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।समग्र ग्रामीण विकास के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धजिला प्रशासन, मधुबनी द्वारा ग्रामीण विकास एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है।



सड़क की मरमती।

# शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में ईद पर्व मनाये : डीएम, एसपी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में ईद पर्व को शांतिपूर्ण ,सौहाद्रपूर्ण एवम भाईचारे के वातावरण में मनाने एवं इस अवसर पर जिले में विधिव्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के 432 स्थानों पर 864 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर संयुक्त फोटो, व्हाट्सएप नम्बर पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करे। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने से जरा भी नही हिचके। सादे लिबास में पुलिसकर्मी शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह से चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। विधिव्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों को जबावदेही दी गई है,जो सीधे पल -पल की गतिविधियों से जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे। सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ एवम थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि आपस मे समन्वय बनाकर लगातार सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी नजर रखेंगे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद का त्योहार मनाने की अपील किया गया हैं।जिले की पल पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 20 मार्च से पर्व की समाप्ति तक लगातार 24 घण्टे कार्य करेगा।



जानकारी देते डीएम एसपी ।

**जिले के 432 स्थानों पर 864 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवानों की हुई प्रतिनियुक्ति**

**सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ एवम थानाध्यक्ष लगातार सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानो पर भ्रमणशील रहकर विधिव्यवस्था पर रखेंगे कड़ी नजर**

**जिला साइबर सेल एवं सूचना एवं जनसम्पर्क की सोशल मीडिया टीम को 24घंटे सक्रिय रहकर सोशल मीडिया पर रखेगी कड़ी नजर**

# चैती बसंत नवरात्र प्रारंभ, कलश स्थापना आज

**मधुबनी (एनएसबी)।** वसंत नवरात्र इस बार गुरुवार यानी आज से आरम्भ हो रही है, इसी दिन से हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत की शुरूआत होती है। नवरात्र के दौरान आदि शक्ति जगदम्बा मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा पाठ किया जाता है।नवरात्र का यह नौ दिन उपवास सात्विक भोजन, और ध्यान के माध्यम से शरीर को डिटॉक्स करने, इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने और बदलते मौसम के अनुसार शरीर को तैयार करने की प्रक्रिया है। नवरात्र में कलश स्थापना (घटस्थापना) सुख, समृद्धि, और सकारात्मक ऊर्जा के आह्वान का प्रतीक है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, कलश में सभी देवी-देवताओं, नवग्रहों और तीर्थों का वास होता है। वैज्ञानिक रूप से, यह मिट्टी के बर्तन में जल और जौ के माध्यम से घर के वातावरण को शुद्ध करने, वास्तु दोष दूर करने और नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने का एक उपाय है। शास्त्र अनुसार कलश के मुख में भगवान विष्णु, कंठ में शिव और मूल में ब्रह्मा जी विराजते हैं। कलश के मध्य में देवियां निवास करती हैं, जिससे यह भगवान गणेश का भी प्रतीक माना जाता है।कलश को ब्रह्मांड की शक्तियों और माँ दुर्गा का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इसे 'घट' कहते हैं।पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन पूजी जाने वाली देवी दुर्गा का प्रथम स्वरूप हैं। हिमालय की पुत्री (पार्वती) के रूप में प्रसिद्ध, व स्थिरता, तपस्या और शक्ति का प्रतीक हैं। धार्मिक रूप से, वे मूलाधार चक्र को जागृत कर जीवन में संतुलन लाती हैं, जबकि वैज्ञानिक रूप से यह दिन शरीर और मन की शुद्धि के लिए साधना की शुरूआत का प्रतीक है।

**19 मार्च 2026 गुरुवार प्रतिपदा**

मां शैलपुत्री पूजा, घटस्थापना, (भगवती आगमन वाहन डोली)

हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 आरम्भ।

**20 मार्च 2026 (शुक्रवार)-**

**द्वितीया -**

मां ब्रह्मचारिणी पूजा, श्री रेमन्त पूजा।

**21 मार्च 2026 (शनिवार)-**



पंडित पंकज शास्त्री ।

**तृतीया -**

मां चंद्रघंटा पूजा

22 मार्च 2026 (रविवार)-

**चतुर्थी -**

मां कूष्मांडा पूजा, श्री गणेश चौथ व्रत, चैत्र छठ व्रती हेतु नहाय - खाय दिन।

23 मार्च 2026 (सोमवार)-

**पंचमी -**

मां स्कंदमाता पूजा, चैत्र छठ वर्ती हेतु खरना पर्व।

24 मार्च 2026 (मंगलवार)-

**षष्ठी -**

मां कात्यायनी पूजा, बेलनौती, गज पूजा, श्री सूर्य षष्ठी व्रत, संध्याकालिकार्घदान।

**25 मार्च 2026 (बुधवार)-**

**सप्तमी -**

मां कालरात्रि पूजा, नवपत्रिका प्रवेश, निशा पूजा, भगवती दर्शन, रात्रि जागरण, चैत्र छठ का प्रातः कालिकार्घदान।

26 मार्च 2026 (गुरुवार)-

**अष्टमी -**

मां महागौरी पूजा, दुर्गा अष्टमी, महा अष्टमी व्रत।

27 मार्च 2026 (शुक्रवार)-

**नवमी-**

मां सिद्धिदात्री पूजा, कन्या पूजन, महा नवमी व्रत,

श्री राम नवमी , नवमी हवन!

28 मार्च 2026(शनिवार)-

**दशमी-**

विजया दशमी, देवी विसर्जन, अपराजिता पूजा, देवी गमन वाहन अश्व (घोड़ा)

# वार्ड सदस्य महासंघ का प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा सात सूत्री मांगों का ज्ञापन




प्रदर्शन करते वार्ड सदस्य।

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर प्रखंड में बुधवार को वार्ड सदस्य महासंघ के बैनर तले जनप्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन महासंघ के अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ सुरेश यादव के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें पंचायत स्तर से जुड़ी सात प्रमुख समस्याओं को उठाया गया।ज्ञापन में मुख्य रूप से वर्षों से लंबित शौचालय निर्माण की राशि का भुगतान शीघ्र करने की मांग की गई। वार्ड सदस्यों का कहना है कि कई लाभार्थियों को अब तक भुगतान नहीं मिला है, जिससे योजनाओं का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही शौचालय निर्माण के फॉर्म पर वार्ड सदस्य के हस्ताक्षर को अनिवार्य करने की मांग भी रखी गई, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित हो सके।इसके अलावा अनुरक्षक (केयरटेकर) के बकाया मानदेय का पूर्ण भुगतान करने, आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पोशाक का समय पर वितरण सुनिश्चित करने जैसी मांगें भी प्रमुख रूप से शामिल रहीं। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।हालांकि, इस मामले में प्रशासन की ओर से आरोपों का खंडन किया गया है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जयनगर की प्रवेक्षक कंचन कुमारी ने स्पष्ट कहा कि महासंघ द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने बताया कि शौचालय निर्माण और भुगतान से संबंधित प्रक्रियाएं नियमानुसार संचालित हो रही हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत सही नहीं है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महासंघ के अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ सुरेश यादव के साथ संरक्षक सूर्यनाथ महासेठ, देवधा दक्षिणी पंचायत के वार्ड सदस्य श्याम सुंदर कुमार, रजौली पंचायत के विजय साह, मोहम्मद जबार, जयनगर बस्ती पंचायत की वार्ड सदस्य आशा देवी, हरिदेव शर्मा, अमरनाथ सिंह और राम सोगारथ यादव समेत कई अन्य वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है। एक ओर जहां वार्ड सदस्य अपनी मांगों को लेकर दबाव बना रहे हैं, वहीं प्रशासन आरोपों को खारिज कर अपनी प्रक्रिया को सही बता रहा है। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच संवाद और समाधान की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंच सके।

### जयनगर अंचल कार्यालय में एक माह से हड़ताल, कामकाज ठप; आम लोग परेशान

**जयनगर/एनएसबी।** जयनगर प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय में पिछले एक माह से जारी हड़ताल के कारण प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अंचलाधिकारी (सीओ), राजस्व पदाधिकारी और हल्का कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से कार्यालय का कामकाज लगभग ठप पड़ गया है। बुधवार को भी हड़ताल का असर साफ तौर पर देखने को मिला, जब आठवें दिन तक अंचल कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। 9 फरवरी से हल्का कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

# रामनवमी पर्व को दिव्य बनाने की तैयारी, बजरंग अखाड़ा अकौन्हा में बैठक संपन्न



बैठक करते संस्था के लोग।

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत अकौन्हा गांव में आगामी रामनवमी पर्व को भव्य, दिव्य एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर बुधवार को बजरंग अखाड़ा दल द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अखाड़ा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता बजरंग अखाड़ा दल के संरक्षक सह मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने की। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह सनातन संस्कृति, मयार्दा, अनुशासन और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सहयोग और समन्वय के साथ पर्व को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026 में जयनगर की रामनवमी को और अधिक भव्य और ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा। इसके लिए शोभा यात्रा को आकर्षक बनाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन समिति द्वारा यह भी तय किया गया कि शोभा यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए स्वयंसेवकों की विशेष टीम तैनात की जाएगी।बैठक का मुख्य उद्देश्य रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करना तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करना था। इस दौरान मार्ग निर्धारण, सजावट, लाइटिंग, ध्वनि व्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासनिक सहयोग जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।इस मौके पर मोतीलाल यादव, धनिक लाल यादव, पवन सिंह, गंगा राम यादव, अमर यादव, जगत यादव, अरविंद तिवारी, रामचंद्र यादव, अरुण यादव, विजय रोहिता, पप्पू यादव, नवीन यादव, रामबाबू दास, सरोज यादव, पंकज यादव, सुमन यादव, सुमन कुमार पूर्वे, बोए लाल यादव, संजय यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि रामनवमी के अवसर पर जयनगर में आयोजित होने वाली शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण, भव्य और यादगार बनाया जाएगा। इसके लिए सभी वर्गों के लोगों से सहयोग लेने और आपसी भाईचारे को बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गायघाट हिंसक झड़प मामले में थानेदार लाइन हाजिर, 24 घंटे में जांच की एसएसपी ने मांगी रिपोर्ट

**ग्रामीण एसपी व एसडीओ पूर्वी के नेतृत्व में मामले की जांच शुरू, एफएसएल की भी ली जा रही मदद**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने गायघाट थानाध्यक्ष राजा सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं तुर्की थाना में पदस्थापित दारोग राकेश कुमार को गायघाट का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। गायघाट के चोरनिया में हुए ग्रामीण पुलिस हिंसक झड़प के मामले में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लिया गया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को 24 घंटे के भीतर घटना की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए आवेदन की भी निष्पक्ष जांच की जाएगी, ताकि घटना के सभी पहलुओं को सामने लाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पूरे मामले की जांच की जाएगी, जिससे जांच प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रह सके। एसएसपी ने कहा कि फिलहाल स्थिति सामान्य है। साथ हीं उन्होंने क्षेत्र के लोगों से किसी तरह की अफवाह से बचने तथा सोशल मीडिया द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक संवादो पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। ज्ञात हो कि गायघाट थाना क्षेत्र में पुलिस छापेमारी के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई हिंसक में एक ग्रामीण की मौत हो गई है। वहीं गायघाट के थानाध्यक्ष राजा सिंह सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हुए है। उधर, बुधवार की दोपहर मामले की जांच के लिए ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर व एसडीओ पूर्वी के नेतृत्व में टीम चोरनिया गांव पहुंची तथा एफएसएल की टीम के साथ पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

### अब व्हाट्सएप और जीपीएस से होगी एईएस वार्ड के डॉक्टरों की निगरानी, 24 घंटे अलर्ट पर कंट्रोल रूम

**सदर अस्पताल में 10 और सभी पीएचसी में 2-2 बेड का एईएस वार्ड हुआ तैयार**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सिविल सर्जन कार्यालय में बुधवार को सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार की अध्यक्षता में एईएस व जेई से निपटने के लिए की जा रही तैयारी के मुद्दे पर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में एईएस वार्ड में दवा और उपकरणों को उपलब्धता, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मी की उपस्थिति एवं विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले आईईसी एक्टिविटी की गहन समीक्षा की गई।



समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सदर अस्पताल में दस बेड का एईएस वार्ड एवं सभी सीएचसी/पीएचसी में दो बेड का एईएस वार्ड तैयार है, जिसमें सभी आवश्यक दवाएं एवं उपकरण उपलब्ध है। एईएस वार्ड में कार्य करने वाले डॉक्टर एवं पैरामेडिकल कर्मी का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। बैठक में बताया गया कि 18 मार्च से एईएस वार्ड में कार्यरत डॉक्टर एवं पैरामेडिकल कर्मी की जीपीएस लोकेशन युक्त उपस्थिति का अनुश्रवण व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। जिला मुख्यालय एवं स्वास्थ्य केंद्रों में 24 ७ 7 कंट्रोल रूम कार्यरत है। वहीं आंगनबाड़ी सेविका द्वारा 0-15 वर्ष के बच्चों का सर्वे कराया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### जदयू जिलाध्यक्ष का बोचहां में पार्टी कार्यकताओं ने किया स्वागत, संगठन को मजबूती मिलने की जताई उम्मीद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर के नवनियुक्त जदयू जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार का बोचहां में बुधवार को स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रखंड जदयू अध्यक्ष राम एकबाल सिंह के नेतृत्व में जदयू कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला, बुके और अंगवस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया। मौके पर जदयू जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह कुशवाहा ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार संगठन के मामले में अनुभवी हैं। उनके नेतृत्व में जिला संगठन को और मजबूती मिलेगी। विनोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि अनुपम कुमार ने वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष निशांत कुमार को राजनीति में लाने का मुद्दा उठाया था। यह बात अब वर्ष 2026 में साकार हुई है और निशांत कुमार ने जदयू में प्रवेश किया है। कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपस्थित सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में निशांत कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की मांग प्रदेश नेतृत्व से की। इस अवसर पर जदयू जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष राम एकबाल सिंह, वरिष्ठ जदयू नेता हरिनंदन सहनी, जिला महासचिव सह भूताने पैक्स अध्यक्ष रंजन कुमार, अमोद मिश्र, प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा, नवल किशोर मिश्र, रामश्रेष्ठ प्रसाद, रवींद्र कुमार सिंह, अरुण कुमार सहनी, सत्य नारायण भगत, संतोष कुमार, भरत महतो सहित दर्जनों जदयू कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### जदयू नेता रामनरेश सिंह का निधन, विधायक अजीत कुमार ने शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

**कांटी(एनएसबी) ।** कांटी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, जदयू के समर्पित कार्यकर्ता व लंबे समय तक विधायक प्रतिनिधि रहे असनगर निवासी 62 वर्षीय रामनरेश सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक ई अजीत कुमार उनके पैतृक गांव असनगर पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के नेता रहे स्व रामनरेश सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विदित हो कि स्वर्गीय सिंह लंबे समय तक विधायक अजीत कुमार के प्रतिनिधि रह चुके थे। साथ ही वे एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हर एक सामाजिक गतिविधि में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। स्वर्गीय सिंह का गरीबों के प्रति काफी आदर सम्मान था। वे संपूर्ण जीवन कमजोर वर्ग के लिए काम करते रहे। स्वर्गीय सिंह के निधन से कांटी क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं में शोक व्याप्त है। स्व सिंह के अंतिम संस्कार में विधायक अजीत कुमार के अलावा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विनोद गुप्ता, मरवन के अध्यक्ष मोहम्मद शमीम, अशोक पासवान, गजाधर पटेल, बंटी शाही, मुखिया इंद्रमोहन झा, साकेत रमन पांडे, मंकू पाठक, शंभूनाथ चौबे, मुरारी झा, राम सागर चौधरी, सुरेंद्र सिंह सुमन कुमार सिंह, पवन कुमार, रविंद्र सिंह, मो हफीज ओजैर, अमन कुमार, पप्पू तिवारी, चंदेश्वर महतो, चुल्हाई महतो, आदि मुख्य रूप से शामिल थे।



### बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय फैलोशिप अवार्ड से सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय को प्रतिष्ठित 'फैलोशिप ऑफ द चैंबर फॉर एडवांसमेंट ऑफ स्मॉल एंड मीडियम बिजनेसेस' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रो राय को यह अवॉर्ड महाभारत में श्रीकृष्ण का दिव्य और अनुपम चरित्र साकार करने वाले पूर्व सांसद डॉ नीतीश भारद्वाज द्वारा प्रदान किया गया। कुलपति प्रो राय को यह सम्मान डेयरी विज्ञान और खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके तीन दशकों के उत्कृष्ट योगदान, अकादमिक अनुसंधान को उद्योगों से जोड़ने तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों को तकनीकी मजबूती प्रदान करने के प्रयासों के लिए दिया गया है। प्रो राय की यह विशिष्ट उपलब्धि उनके दशकों के गहन शोध और वैश्विक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का जीवंत प्रमाण है। उनके नाम अब तक 195 से अधिक उच्च-प्रभाव वाले विश्वस्तरीय शोध प्रकाशन दर्ज हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय अकादमिक जगत में अपनी गहरी छाप छोड़ी है। इतना ही नहीं, दुनिया के कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में उनके व्यापक एक्सपोजर और वैश्विक शोध नेटवर्क ने उन्हें खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक वैश्विक मार्गदर्शक के रूप में स्थापित किया है।

# पॉक्सो मामले के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला, ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प से स्थिति हुई अनियंत्रित

**दो पुलिस वाहनों को किया क्षतिग्रस्त, हमले में गायघाट थानाध्यक्ष सहित 4 पुलिसकर्मी घायल, एक ग्रामीण की मौत**



ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प में मृत ग्रामीण के शव के पास रोते बिलखते परिजन।



हिंसक झड़प में घायल पुलिसकर्मी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट थाना क्षेत्र के चोरनिया गांव में मंगलवार देर रात पॉक्सो मामले के एक आरोपी को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच जमकर भिड़ंत हुई, जो फायरिंग तक पहुंच गई। इस घटना में 55 वर्षीय ग्रामीण जगतवीर राय की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि गायघाट थानेदार राजा सिंह समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में पुलिस के खिलाफ भारी आक्रोश फैल गया। पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई हिंसक झड़प व फायरिंग में एक ग्रामीण की मौत को लेकर भड़के ग्रामीणों के आक्रोश से हालात इतने बिगड़ गए कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे तक पुलिस गांव में प्रवेश करने से बचती रही। वही आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा गायघाट थानाध्यक्ष द्वारा की गई फायरिंग में गोली लगने से ग्रामीण जगतवीर राय की मौत का आरोप लगाते हुए गायघाट थानाध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े थे।

वहीं स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा। इस मामले में पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मंगलवार की रात पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गायघाट थाना पुलिस की टीम चोरनिया गांव में गई थी। इसी दौरान आरोपी और उसके समर्थकों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के समर्थकों ने पुलिस को घेर लिया और लाठी डंडे तथा पत्थरबाजी कर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिस वाहनों पर भी हमला किया और दो पुलिस वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं कथित तौर पर पुलिस पर फायरिंग भी की गई। पुलिस का कहना है कि स्थिति को देखते हुए आत्मरक्षार्थ टीम का नेतृत्व कर रहे गायघाट के थानेदार राजा सिंह ने दो राउंड हवाई फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग के दौरान एक गोली वहां मौजूद ग्रामीण जगतवीर राय को लेवी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ चोरनिया के ग्रामीण पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पुलिस द्वारा जगतवीर राय को गोली मारने का आरोप लगा रहे हैं।

> **ग्रामीणों पर लाठी डंडे व पत्थर के साथ फायरिंग करने का आरोप, वहीं पुलिस पर ग्रामीण लगा रहे एक की हत्या का आरोप**

मृतक के परिजन व ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस गलत घर पर छापेमारी करने पहुंची थी। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस पॉक्सो आरोपी भिखारी राय के घर न जाकर अजय कुमार के घर पहुंच गई और उसे जबरन पकड़ने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि जब अजय कुमार ने गिरफ्तारी का कारण पूछा और वारंट दिखाने को कहा, तो थानेदार ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और पुलिस ने पहले हवाई फायरिंग की। इसके बाद अजय कुमार को निशाना बनाकर गोली चलाई लेकिन वह बच गया और वह गोली मौके पर पहुंचे जगतवीर राय को लग गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि ग्रामीण की पुलिस की गोली से हुई मौत के बाद वहां की स्थिति बेकाबू हो गई। रात लगभग 12 बजे आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया। वहीं स्थिति को भांपते हुए पुलिस टीम वहां से जान बचाकर भागी। बताया गया है कि पुलिस टीम करीब दो किलोमीटर तक पैदल भागती रही, जबकि ग्रामीण उन्हें खदेड़ते रहे। वही बुधवार की सुबह होते ही गांव में आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में लोग जुट गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों ने थानेदार की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला मुख्यालय से वरीय पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से पूरी घटना की जानकारी ली। घटना की जानकारी लेने के बाद शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद स्थिति कुछ हद तक शांत हुई। स्थिति नियंत्रण होने पर पुलिस ने मृतक ग्रामीण जगतवीर राय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही एसएसपी के निर्देश पर ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर और एसडीओ पूर्वी के नेतृत्व में टीम पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि जांच के बाद सच्चाई सामने लाई जाएगी और दोषी किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे।

## जीविका और सिडबी के तत्वावधान में आयोजित समारोह में वेहतर काम करने वाली जीविका दीदियां हुई सम्मानित




सिडबी द्वारा निर्गत दो लाख का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान करते अतिथिगण।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर जीविका और सिडबी द्वारा बुधवार को शहर के एक निजी होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीआरडीए डायरेक्टर अभिजीत चौधरी, डीपीओ मनरेगा अमित कुमार, डीडीएम नाबार्ड सुमन प्रभा, जीएम डीआईसी विजय कुमार और जीविका डीपीएम अनिशा के साथ ही दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर अभिजीत चौधरी ने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाएं काफी सशक्त हो रही है। सिडबी द्वारा जो भी ऋण दिया जा रहा है इससे उनका व्यवसाय भी बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान डीडीएम ने नाबार्ड से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं जीएम डीआईसी ने उद्योग विभाग के योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का स्वागत सहदेव कुमार ने किया। इस दौरान अच्छा कार्य करने वाली जीविका दीदियों को सम्मानित भी किया गया। वहीं सिडबी द्वारा अतिथियों के माध्यम से तीन दीदियों को व्यवसाय के लिए दो लाख रु का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया गया। सिडबी के संयोजक सहदेव कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यमिता को बढ़ावा देने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से सिडबी प्रयास योजना एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रही है। इस परियोजना का मुख्य फोकस ग्रामीण महिलाओं को केवल आजीविका तक सीमित रखने के बजाय उन्हें स्थायी और सफल उद्यमी के रूप में विकसित करना है। वहीं जीविका डीपीएम अनिशा ने कहा कि प्रयास परियोजना ग्रामीण महिलाओं के लिए एक नई आशा लेकर आई है। यह पहल न केवल उन्हें वित्तीय संसाधनों तक पहुंच प्रदान करती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और सतत आजीविका के अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को डायरेक्टर ने चमकी बुखार के प्रति जागरूकता के लिए शपथ दिलाई। मंच संचालन संचार प्रबंधक राजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम के दौरान आनंद शंकर, शिवम सिंह, सुनील कुमार, मो अमानुल्लाह, विकास कुमार, मसरूर अहमद, नूरी जमाल, शोभा साव, मो कैफ सुप्रिया कुमारी, शिवांगी कुमारी, प्रणव कुमार सहित नौ प्रखंडों के प्रखंड परियोजना प्रबंधक के साथ सिडबी और जीविका कर्मी उपस्थित थे।

## आयुष समिति मुजफ्फरपुर ने जिले के 13 आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष में 'आयुर्विद्या कार्यक्रम' का किया सफल आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी) ।** राष्ट्रीय आयुष मिशन, भारत सरकार एवं राज्य आयुष समिति, पटना, बिहार के निर्देश पर जिला आयुष समिति मुजफ्फरपुर इकाई द्वारा जिले के कुल 13 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) पर "आयुर्विद्या कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया। इसके उपरांत सरैया प्रखंड के ग्राम शिवरीएमा के ब्रह्म स्थान प्रांगण में आयुष ग्राम कार्यक्रम से संबन्धित बिन्दु पर ग्रामीण जनता, जन प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किरण शुक्ला के नेतृत्व में जिला आयुष समिति द्वारा निःशुल्क किचेन गार्डेन बनाने के लिए बीज एवं औषधीय पौधे का वितरण किया गया। साथ ही चिकित्सकों द्वारा औषधीय गुणों के साथ पौधे के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान आयुष ग्राम कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें आयुष के तीनों विधा आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी चिकित्सा के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जाँच, परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में डॉ कुमार आदित्य (होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी), डॉ दीप्ति कुमारी (आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ सुबोध कुमार (होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ एम ओसाद (यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ सुबोध कुमार (आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी) तथा केन्द्र पर कार्यरत डॉ राजीव रंजन सिंह (आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी) ने लोगों को चिकित्सा सेवा से लाभान्वित किया। इस क्रम में पंचायत में कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आयुष पद्धति के उपयोग से होने वाले लाभ की जानकारी ली। वहीं उच्च एवं मध्य विद्यालय शिवरी एमा में रंगोली कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के दौरान वेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ हीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से शिवरीएमा ग्राम को "आयुष ग्राम" घोषित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर(आयुष),सरैया के आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन सिंह द्वारा किया गया। संचालन जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किरण शुक्ला, अध्यक्षता बहिलवारा गोविंद पंचायत की मुखिया रिंकी देवी ने किया।



सरैया में आयोजित आयुर्विधा कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी गण।

# बिहार दिवस पर शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को स्थानीय शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में भव्य एवं आकर्षक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष समारोह को खास बनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें सांस्कृतिक, शैक्षणिक, खेलकूद एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का समावेश किया गया है। समारोह के सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर समन्वय समिति स्थापित की गई है। समारोह का शुभारंभ 22 मार्च की सुबह प्रभात फेरी के साथ होगा। इस प्रभात फेरी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, प्रशासनिक पदाधिकारी, कर्मचारी तथा शहर के आम नागरिक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों में बिहार दिवस के प्रति जागरूकता और उत्साह का संचार किया जाएगा। इसके उपरांत शाम 4:00 बजे समारोह का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, वरीय अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, उपलब्धियों एवं सेवाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस दौरान एक निःशुल्क मेडिकल कैंप भी आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में आम लोगों के लिए बीपी, शुगर एवं आंखों की जांच मुफ्त में की जाएगी। साथ ही एईएस व जेई जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष जानकारी भी दी जाएगी।

समारोह के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं कला का प्रदर्शन किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों एवं आम नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें म्यूजिकल चेयर सहित अन्य खेलकूद गतिविधियां प्रमुख होंगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन 24 मार्च को प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न कार्यों के समयबद्ध निष्पादन के लिए कई समितियों का गठन किया गया है। प्रत्येक समिति में संबंधित विभागों के अधिकारियों को शामिल कर उनके दायित्व स्पष्ट रूप से निर्धारित किए गए हैं। वहीं समारोह के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती भी की जाएगी।




बिहार दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक करते डीएम।

## संक्षिप्त खबरें

### चिन्मया इंटरनेशनल स्कूल में वरुणदीप फाउंडेशन ने उपलब्ध करायी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** वरुणदीप फाउंडेशन के द्वारा बुधवार 18.03.2026 को चिन्मया इंटरनेशनल स्कूल, सीतामढ़ी में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन को स्थापित किया गया। मशीन का उद्घाटन संस्थान की एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती नम्रता ठाकुर द्वारा किया गया। इस मौके पर बच्चियों को मशीन की उपयोगिता और स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई और ये बताया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, न कि छिपाने या शर्मिंदा होने वाली कोई चीज। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित करना स्वास्थ्य, शिक्षा और गरिमा के लिए अत्यंत आवश्यक है। एक सच्चा प्रगतिशील समाज वह है, जहाँ हर लड़की इस विषय पर खुलकर बात कर सके और बिना किसी सामाजिक झिझक के अपना जीवन जी सके। मौके पर वरुणदीप फाउंडेशन के निदेशक कुमार पद्माकर, समाजसेवी प्रमोद कुमार नील एव स्कूल के अन्य महिला सहकर्मी उपस्थित थे'



मौके पर उपस्थित संस्थान व स्कूल के प्रतिनिधि, बच्चियां व अन्य ।

### डौली कुमारी की कविता मुझे डाल से मत तोड़ो ने दी बेटियों की आवाज को धार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सुप्रसिद्ध कवियत्री एवं शिक्षिका डौली कुमारी ने अपनी नवीनतम कविता "मुझे डाल से मत तोड़ो" के माध्यम से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ एक अनूठी पहल करते हुए बेटियों के अंतर्मन के दर्द और सपनों को अपनी कविताओं के माध्यम से पिरोया है। यह काव्यात्मक प्रयास समाज को जागरूक करने और बाल विवाह को रोकने के लिए एक भावनात्मक अपील है। कवयित्री की पंक्तियाँ "दो कलम- किताबें हाथों में कुछ करके तुम्हें दिखाऊंगी, गर्व करोगे तुम मुझपर, अपना परचम लहराऊंगी, उड़ने दो उन्मुक्त गगन में ना चारदीवारी में घेरो, टुकड़ा हूं तेरे दिल का ही, बाबा न यूं नजरें फेरो, अभी तो मैं नन्हीं कली हूं, मुझे डाल से मत तोड़ो, टुकड़ा हूं तेरे दिल का ही बाबा न यूं नजरें फेरो" कविता की यह पंक्तियां पाठकों के दिल को छू लेती हैं और इस कुरीति के खिलाफ सामूहिक प्रयास एवं एकजुट होने का संदेश देती हैं। यह कविता ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता फैला रही हैं। डौली कुमारी ने कहा, "बाल विवाह केवल एक कुरीति ही नहीं, बल्कि एक अपराध है जो मासूमों के सुनहरे भविष्य को अंधकार में धकेल देता है।" कवयित्री डौली की इस रचना को साहित्य जगत के दिग्गजों और सामाजिक कार्यकताओं से काफी सराहना मिल रही है।



कवियत्री एवं शिक्षिका डौली कुमारी।

**काव्य से सामाजिक चेतना का आह्वान**

### माता की रसोई कार्यक्रम के तहत 85 जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक कराया गया भोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर दिनांक 17 मार्च 2026 तदनुसार मार्च माह के तीसरे मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रात्रि 7:00 बजे से माता की रसोई का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित मंदिर सदस्यों एवं मां भक्तों ने माता श्री की विशेष पूजा अर्चना एवं संध्या आरती कर उन्हें चावल, दाल, आलू-गोभी-मटर की रसेदार सब्जी तथा भुना हुआ मिर्च का भोग लगाया गया एवं उसे मंदिर अतिथि गृह में पाटिया पर बैठा कर 85 जरूरतमंदों को, जिसमें विशेष संख्या रिक्शा ठेला चालकों, अनाथ, मांग के खाने वालों तथा महिलाओं की थी श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। माताश्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त पदाधिकारी कृष्ण मोहन दास एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती किरण दास की द्वारा की गई। वहीं मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिंहा, महासचिव राजीव कुमार राजा, सुजय कुमार पप्पू, समाज सेवी रोहित कुमार एवं शेसांत कुमार ने आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभायी।



मंदिर अतिथि गृह में जरूरतमंदों को भोजन परोसते श्रद्धालु ।

### डिजिटल क्रांति की ओर सरकारी स्कूल : सीतामढ़ी में शिक्षकों को एआई प्रशिक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों ने शिक्षकों को एआई के उपयोग की जानकारी दी। डायट डुमरा की व्याख्याता डॉ. कुमारी नेहा ने बताया कि पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उन्हें एआई का ह्लगार्डियनह्व बनाया जा रहा है, ताकि वे छात्रों को इसके सही और सुरक्षित उपयोग के लिए मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग केवल उच्च कक्षाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्राथमिक स्तर पर भी जटिल विषयों को सरल बनाने में सहायक होगा। हालांकि, नैतिक शिक्षा और मूल्यों के लिए शिक्षक का मानवीय स्पर्श जरूरी रहेगा। करीब 400 प्रतिभागियों की मौजूदगी में संपन्न यह पहल सरकारी स्कूलों के छात्रों को निजी स्कूलों के बराबर लाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

### बैंक से अपने पैसे निकाल कर जा रहे व्यक्ति के ₹1 लाख पर ऑटो गिरोह ने किया हाथ साफ, एक आरोपी गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के कन्हौली थाना क्षेत्र के ग्राम अररिया निवासी जुगत लाल राम बुधवार को अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने से बाल-बाल बचे। सुबह करीब 11:30 बजे वे किरण चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से अपनी निजी जरूरतों के लिए ₹1,00,000 की निकासी कर बाहर निकले थे। उन्होंने राशि को एक थैले में सुरक्षित रखा था और कारगिल चौक स्थित बजाज फाइनेंस कार्यालय जाने के लिए एक ऑटो में सवार हुए। उन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि शातिर चोरों का एक गिरोह बैंक से ही उनका पीछा कर रहा है। ऑटो में सवार होते ही चोरों ने अपनी योजना पर अमल शुरू कर दिया। जैसे ही ऑटो लखनदेई पुल और कारगिल चौक के बीच एक किताब दुकान के पास पहुँचा, गिरोह के सदस्यों ने ध्यान भटकाने वाली पुरानी तकनीक अपनाई। उन्होंने जानबूझकर कुछ रुपये नीचे गिरा दिए और उन्हें उठाने का नाटक करने लगे। इसी धक्का-मुक्की और शोर-शराबे के बीच, जुगत लाल के बगल में बैठे युवक ने बड़ी सफाई से ब्लेड या किसी नुकीले हथियार से थैले के निचले हिस्से को काट दिया और पलक झपकते ही ₹1 लाख की गड्डी पार कर दी। चोरी करने के बाद जब युवक तेजी से ऑटो से उतरकर भागने लगा, तब जुगत लाल की नजर अपने कटे हुए थैले पर पड़ी। थैले से कपड़े बाहर निकलते देख उन्हें तुरंत अनहोनी का अहसास हुआ। उन्होंने बिना देर किए "चोर-चोर" का शोर मचाना शुरू कर दिया। भागते हुए संदिग्ध को देखकर स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत हरकत में आए और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल के जवानों ने स्थिति को बिगड़ने से बचाया और आरोपी को तुरंत अपनी हिरासत में ले लिया।

# 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के तहत नानपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में डीएम ने सुनी आम जनों की समस्यायें

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय झ3 अंतर्गत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के तहत नानपुर प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर जिलाधिकारी द्वारा आम जनों की समस्याओं को सुना गया। नानपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में 500से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन के साथ कई स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में भूमि विवाद से संबंधित सबसे अधिक मामले आए। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड, शौचालय भुगतान, पेयजल समस्या, सड़क अतिक्रमण, एंबुलेंस उपलब्धता, श्रम कार्ड, फसल क्षति अनुदान, विद्युत पोल की अनुपलब्धता, सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मती, परिमार्जन/दाखिल खारिज की स्थिति, खाद्यान्न वितरण, सड़क निर्माण में लापरवाही, पंचायत भवनों में कर्मियों की अनुपस्थिति, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक की कमी, भूमि विवाद, नलझजल योजनाओं एवं सरकारी योजनाओं हेतु भूमि उपलब्धता, जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं। इन सभी बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।




कार्यक्रम में आम जनों की समस्यायें सुनते जिलाधिकारी व उपस्थित अन्य।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने आरटीपीएस सेवाओं में सुधार का निर्देश देते हुए कहा कि कार्यपालक सहायक, बीडीओ, सीओ एवं बीपीआरओ अपने-अपने स्तर से सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने स्पष्ट कहा - ह्लआरटीपीएस सेवाओं में देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मी पर कार्रवाई तय है। जनता को समयबद्ध सेवा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डीएम ने बीडीओ व बीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी पंचायत कार्यालयों में विभिन्न विभागों के कर्मियों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मियों, कार्यपालक सहायकों और पंचायत सचिवों से उनकी उपस्थिति एवं कार्य निष्पादन की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि ह्लचर प्रदर्शन करने वालों पर हर हाल में कार्रवाई की जाएगी। जनता की सेवाओं में शिथिलता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।उनकी उपस्थित का नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश बीडीओ, सीओ एवं बीपीआरओ को दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्य संस्कृति में अपेक्षित सुधार दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र सक्रिय और जवाबदेह बने। दायित्वों के निर्वहन में प्रतिबद्धता और पारदर्शिता स्पष्ट झलकनी चाहिए, तभी कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति संभव है। कार्यक्रम में एसडीओ पुपरी, नोडल पदाधिकारी पुपरी, संबंधित बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ, प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी के साथ स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस 23 मार्च को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनाने का निर्णय



किसान सभा कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित किसान-मजदूर संगठनों के प्रतिनिधि।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** किसान-मजदूर संसद, दिल्ली के निर्णय के आलोक में संयुक्त किसान मोर्चा, सीतामढी ने सरदार भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरू के शहादत दिवस पर 23 मार्च को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

किसान सभा कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता किसान सभा के सचिव जयप्रकाश राय ने की। आन्दोलन का यह निर्णय अमेरिका के साथ भारत सरकार के कृषि पर ट्रेड डील कर खेती को अमेरिका के हाथों गिरवी रखकर किसानों का जीवन संकट में डालने, साम्राज्यवादी अमेरिका तथा ईजरायल के साथ खडा होकर पुराने मित्र राष्ट्र ईरान के खिलाफ होकर पूरे देश में घरेलू इंधन तथा डीजल पेट्रोल का संकट खडा कर आर्थिक परेशानी पैदा करने के खिलाफ लिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि केन्द्र सरकार तथा पीएम मोदी खेती को अमेरिका के हाथों गिरवी रखने की नीति पर काम कर रही है। अमेरिका मे हजारों एकड बाले किसान है और भारत से हजार प्रतिशत अधिक सबसीडी देकर कृषि उनका व्यापार है जबकि भारत में कृषि कम सबसीडी के साथ जीवन का आधार है। सरकार कृषि के अमेरिकीकरण तथा कारपोरेटीकरण पर रोक लगाये,एम एसपी सीटू प्लस 50 प्रतिशत पर कानून बनाये, बीज तथा बिजली विधेयक वापस ले, मनरेगा के स्वरूप को पूर्ववत रखते हुए उसे खेती से जोडने की घोषणा करे, कृषि कर्ज की माफी हो, सभी किसानों को किसान सम्मान के लेमनचूस की जगह 10 हजार रू मासिक पेंशन दिया जाए। किसानों के ज्वलंत समस्यायों पर सरकार कदम नही उठाती है तो किसान लगातार बड़े तथा कड़े आन्दोलन चलाएगी। 23 मार्च को सभी संगठन के सदस्य मेहसौल चौक से जूलूस के रूप मे सरदार भगत सिंह के शहीद स्मारक तक पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा करेंगे। बैठक में बिहार राज्य किसान सभा, संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, ट्रेड यूनियन जन संगठन मंच, किसान सभा, किसान नेता प्रो. आनन्द किशोर, जलंधर यदुबंशी, सुरेश बैठा, दिनेशचन्द्र द्विवेदी, अमरेन्द्र राय, श्रीप्रकाश पूर्वे, अवधेश यादव, अश्विनी कुमार मिश्र, हंसराज राय, बबलू राय सहित अन्य किसान-ट्रेड यूनियन संगठन के नेताओं ने अपने विचार रखे तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी किसान-मजदूर, श्रमिक तथा छात्रों-युवाओं से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

## सीतामढ़ी के बोखरा प्रखंड के चौर में करोड़ों की लागत से बना थाना भवन बना सफेद हाथी

**भरत चौबे**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के बोखरा प्रखंड में करोड़ों रुपये की लागत से बना आधुनिक थाना भवन आज अपनी बदहाल स्थिति और अनुपयोगिता को लेकर चर्चा में है। भव्य इमारत बनकर तैयार है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ न पुलिस की नियमित गतिविधि दिखती है और न ही आम जनता की आवाजाही। वजह है-इसका चयनित स्थान, जो मुख्य सड़क से करीब 3 किलोमीटर दूर चौर (निचले व बाढ़ प्रभावित क्षेत्र) में स्थित है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन निर्माण के समय क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को नजरअंदाज किया गया। यहाँ तक पहुँचने के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही समुचित परिवहन व्यवस्था। बरसात के मौसम में पूरा इलाका जलमग्न हो जाता है, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। ऐसे में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गश्त की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

तकनीकी रूप से भवन का निर्माण पूरा कर विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन को हैंडओवर भी कर दिया गया है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में इसका उपयोग शुरू नहीं हो सका है। बिजली, पानी, आवास और सुरक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्थाएँ भी अधूरी हैं। परिणामस्वरूप बोखरा थाना आज भी पुराने कृषि भवन से ही संचालित हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिना समुचित योजना और दूरदृष्टि के करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। आसपास के गाँव-नया टोल, कतरोल, गरहौल शरीफ के लोगों को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पक्की सड़क और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ, ताकि इस भवन का उपयोग हो सके। अन्यथा, यह इमारत आने वाले वर्षों में खंडहर में तब्दील हो जाएगी।



खेतों के बीच, मुख्य सड़क से करीब 3 किमी दूर स्थित बोखरा का नया थाना भवन ।

### नानपुर प्रखंड के पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद

## मध्य विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण दिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के नानपुर प्रखंड अंतर्गत मोहिनी पंचायत में बुधवार को जिलाधिकारी रिची पांडेय द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय एवं स्वास्थ्य संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का गहन आकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**आंगनबाड़ी केंद्र में व्यवस्थाओं की जांच, लापरवाही पर सख्ती :** जिलाधिकारी ने मोहिनी पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-71 का निरीक्षण करते हुए बच्चों की उपस्थिति पंजी, साप्ताहिक पोषण मेन्यू, पोषाहार राशि वितरण की स्थिति, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की संख्या तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के टीएचआर पंजी की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कार्यो में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित लेडी सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया तथा संबंधित सीडीपीओ को भी कार्यशैली में सुधार हेतु कड़ी चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बच्चों एवं महिलाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कुपोषण उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित मॉनिटरिंग करें। सभी पंजी अद्यतन एवं पारदर्शी रूप से संधारित हों। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**विद्यालय में गुणवत्ता शिक्षा और स्वच्छता पर जोर:** मध्य विद्यालय नौवाडीह के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य, शौचालयों की साफ-सफाई तथा खेलकूद सामग्री की उपलब्धता की जांच की। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों को स्वच्छ एवं पौष्टिक मध्यान्ह भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाए। कक्षा में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित हो। विद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखा जाए। खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा :** मोहिनी पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी पंजी, मरीजों की दैनिक उपस्थिति, चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की रोस्टर पंजी की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर सेवाएं दें। मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही उन्होंने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि उपलब्धता की दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

**आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता:** निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने मोहिनी पंचायत भवन में ह्लसबका सम्मान, जीवन आसानह्व कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, राशन कार्ड निर्माण, खाद्यान्न उपलब्धता, बिजली आपूर्ति एवं पेंशन से संबंधित प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही सुशासन का आधार है। निरीक्षण के मौके पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास अधिकारी, अंचल अधिकारी तथा अधिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



मध्य विद्यालय के निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश देते जिलाधिकारी व अन्य।

## कुशल युवा कार्यक्रम के तहत सीतामढ़ी के 45 केंद्रों पर मिल रहा निःशुल्क आधुनिक कौशल प्रशिक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय के अंतर्गत कुशल युवा कार्यक्रम' (केवाईपी) प्रदेश के युवाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो रही है। सीतामढ़ी जिले के डिस्ट्रिक्ट स्किल मैनेजर, कुमार ऋतुराज ने एक विशेष बातचीत में बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की एक अत्यंत दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आधुनिक समय की जरूरतों के अनुसार सक्षम बनाना है। वर्तमान में, सीतामढ़ी जिले के सभी 17 ब्लॉकों में कुल 45 केंद्र पूरी सक्रियता से संचालित हो रहे हैं।

इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि किसी भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र को प्रशिक्षण के लिए शहर नहीं भागना पड़ता, बल्कि उनके अपने ब्लॉक में ही विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इस कार्यक्रम में नामांकन लेना काफी सरल है, लेकिन इसके लिए कुछ पात्रता मापदंड तय किए गए हैं। कुमार ऋतुराज के अनुसार, 15 से 35 वर्ष की आयु का कोई भी युवा, जिसने कम से कम मैट्रिक की परीक्षा किसी भी डिवीजन से उत्तीर्ण की हो, इस प्रशिक्षण का लाभ उठा सकता है। नामांकन के लिए छात्रों को अपने मैट्रिक के अंकपत्र, आधार कार्ड, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र और एक अपडेटेड बैंक पासबुक के साथ अपने संबंधित ब्लॉक के डीआरसीसी (जिला पंजीकरण एवं परामर्श केंद्र) में पंजीकरण कराना होता है। वहां से प्राप्त रसीद के आधार पर छात्र अपनी पसंद के किसी भी केंद्र में दाखिला ले सकते हैं। यह तीन महीने का एक समग्र कोर्स है, जिसे तीन मुख्य भागों कंप्यूटर ज्ञान, भाषा कौशल और व्यवहार कौशल में विभाजित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को न केवल कंप्यूटर और इंटरनेट की बारीकियां सिखाई जाती हैं, बल्कि उनके संवाद करने के तरीके और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रत्येक केंद्र पर एक आधुनिक कंप्यूटर लैब मौजूद है, जहाँ छात्र रोजाना 2 घंटे थ्योरी और 2 घंटे प्रैक्टिकल के माध्यम से महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर सीखते हैं। यह व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्रों को आज के प्रतिस्पर्धी जॉब मार्केट के लिए तैयार करता है। स्किल मैनेजर ने बताया कि नामांकन के समय केवल ₹1,000 की सुरक्षा जमा सिक्योरिटी डिपाजिट ली जाती है। यह राशि कोई फीस नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण और परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद सीधे छात्र के बैंक खाते में रिफंड कर दी जाती है। इसके अलावा, योजना का एक प्रमुख स्तंभ 'रोजगार' है। जो छात्र अपना कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं, विभाग उन्हें प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर दिलाने में भी सक्रिय सहयोग प्रदान करता है।



कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करते युवा ।

# एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों का करें निपटारा : डा. प्रदीप

## डीडीसी ने की मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक, अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश

**मोतिहारी(एन एस बी)।** उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गईस बैठक में एनुअल एक्शन प्लान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि एक सप्ताह में जिले में 10,361 योजनाओं की प्रगति दर्ज की गई है। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में 40 योजनाओं की प्रविष्टि युक्तिधारा पोर्टल पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

कार्य पूर्णता की समीक्षा में पाया गया कि जिले का औसत 8572 प्रतिशत है, जो राज्य के 8664 प्रतिशत से थोड़ा कम है। कई प्रखंडों में प्रगति अपेक्षात कम पाई गई। इस पर सभी अधिकारियों को अपूर्ण योजनाओं के लिए मास्टर प्लान तैयार कर 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया गया।पीएम आवास योजना (ग्रामीण) कन्वर्जेस के अंतर्गत नरेगा और पीएमएवाईजी सफ्ट में आंकड़ों के बीच 14,610 योजनाओं का अंतर पाया गया। इसे शीघ्र अद्यतन करने के साथ योजना कोड जनरेट कर मस्टर रोल जारी करने का निर्देश दिया गया।जियो टैगिंग, ई-केवाईसी और मानव दिवस के मुद्दों पर भी विस्तृत समीक्षा हुई। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों का निपटारा कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक मजदूरों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

सामाजिक अंकेक्षण के तहत लंबित मामलों के निष्पादन तथा खेल मैदान निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वर्ष 2025-26 के लंबित मैटेरियल वाउचर की शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने को भी कहा गया।उक्त बैठक में निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) राजेश कुमार, कार्यपालक अभियन्ता, (मनरेगा), सहायक अभियन्ता (मनरेगा), डीआरपी, सोशल अडिट, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) एवं कनीय अभियन्ता (मनरेगा) एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# रामनवमी, ईद व चैती छठ पर शांति समिति की बैठक

## प्रशासन ने सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की

**पीपराकोठी।** रामनवमी, ईद और चौती छठ पर्वो के मद्देनजर बुधवार को स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने की, जिसमें बीडीओ मोहिनी कश्यप भी उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों से क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। बीडीओ मोहिनी कश्यप ने भी लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने और प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्वो के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जुलूसों और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।



बेठक में उपस्थित लोग।

इस अवसर पर एसआई आदित्य कुमार भारद्वाज, नंदलाल पासवान, ज्योति महतो, एएसआई राकेश पाल, मुखिया उपेंद्र पासवान, जितेंद्र यादव, कुणाल पटेल, सरपंच मनोज कुमार, विश्वनाथ यादव, गरीब राय, उपसरपंच रामेश्वर राय, मो़ एकराम, क्यामुद्दीन चिश्ती, मो़ याकूब, रुदल पांडेय, संजय गिरी, अजीत कुमार पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### ममरखा भैया टोला पैक्स चुनाव में 66 प्रतिशत हुआ मतदान

**अरेराज ( एन एस बी)।** प्रखंड क्षेत्र के ममरखा भैया टोला पंचायत के पैक्स चुनाव बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण सम्पन हो गया । ममरखा भैया टोला पंचायत के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय कामलुआ में पैक्स के लिए चार मतदान केन्द्र बनाये गए थे । जहाँ पर 2213 कुल मतदाता में 1464 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया । जिसमे 889 पुरुष व 575 महिलाओं ने मतदान किया। मतदान के दौरान पुलिस निरीक्षक पीके समर्थ, बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित व मलाही थानां प्रभारी सहित पुलिस बल तैनात थे ।वही संग्रामपुर बीडीओ अनुराग आदित्य व आरेराज दरोगा राजेश तिवारी बूथ का निरीक्षण करते दिखे । बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि पैक्स चुनाव में 6615 प्रतिशत मतदान हुआ है । वही मतगरण की तैयारी की जारही है ।

## कृषि प्रसार कर्मियों ने सीखे फसल विविधीकरण के गुर

**पीपराकोठी।** भारतीय षि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं षि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को फसल विविधीकरण के माध्यम से जीविकोपार्जन में वृद्धि विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में पूर्वी चंपारण जिले के कुल 20 षि प्रसार कर्मियों ने भाग लिया, जिनमें 5 महिला प्रतिभागी भी शामिल रहीं। परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं फसल अनुसंधान प्रभाग के अध्यक्ष ड़ संजीव कुमार ने प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्रसार कर्मियों को संबोधित करते हुए फसल विविधीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पारंपरिक खेती में विविध फसलों को शामिल करने से उत्पादन क्षमता बढ़ती है और किसानों की आय में स्थायी वृद्धि संभव होती है। साथ ही उन्होंने विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला षि पदाधिकारी, मोतिहारी, मनीष कुमार सिंह ने प्रसार कर्मियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त आधुनिक तकनीकों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाएं, जिससे खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। षि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी के अध्यक्ष ड़ अरविंद कुमार सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्नत फसल उत्पादन एवं प्रबंधन तकनीकों की जानकारी साझा की। आत्मा के उप-परियोजना निदेशक ड़ीपी़ धीर ने फसल विविधीकरण को ग्रामीण आजीविका सुढ़ करने का महत्वपूर्ण साधन बताया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ड़ पंकज सिंह ने मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता प्रबंधन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की, वहीं ड. के़ प्रसाद ने उद्यानिकी फसलों के समावेश से आय बढ़ाने की संभावनाओं को रेखांकित किया। पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिक ड़ अभिषेक कुमार ने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में फसल विविधीकरण एवं षिवानिकी की प्रासंगिकता पर बल दिया। षि विज्ञान केंद्र की विषय-वस्तु विशेषज्ञ ड. गायत्री कुमारी पाढ़ी ने समेकित कीट प्रबंधन तथा श्रीमती सविता कुमारी ने श्री अन्न के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर विस्तृत जानकारी दी। निदेशक ड़ अनुप दास ने अपने संदेश में कहा कि बदलते जलवायु परिश्य में फसल विविधीकरण किसानों की आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम है। यह प्रशिक्षण 19 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मेहसी में कुरान तिलावत पूर्ण करने वालों का सम्मान

**मेहसी (पूर्वी चंपारण)।** रमजान के पवित्र महीने में तंजीम-ए-उलेमा-ए-अहले-सुन्नत-ए-जमात, मेहसी शरीफ द्वारा पूर्वी बथाना में फलाह कौम-ए-मिल्लत कन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम का उद्देश्य कुरान की तिलावत पूरी करने वाले नौजवान हफ्फाज का सम्मान करना और नई पीढ़ी को दीन की राह पर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम इशा और तरावीह की नमाज के बाद शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर पांच नौजवान हफ्फाजहाफिज जिया अल-मुस्तफा, नवरेज आलम, चाँद रजा, मुहम्मद राहेल और तबरेज आलमको संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इन सभी ने पहली बार तरावीह में कुरान पाक की तिलावत पूरी की। साथ ही कम उम्र में रोजा रखने वाले बच्चों मुहम्मद रजा (8 वर्ष) और मुहम्मद अहसान रजा (7 वर्ष) का भी उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने उनके जज्बे की सराहना करते हुए इसे इस्लाम की मजबूत होती नई पीढ़ी का संकेत बताया। कार्यक्रम में हजरत मुफ्ती कुतुबुद्दीन रिजवी, मुफ्ती शमीम रजा इस्माइली, कारी महबूब रजा शबनम रिजवी और हाफिज शहाबुद्दीन ने अपने संबोधन में ईमान, नमाज और कुरान की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## महायज्ञ में रासलीला और झूला कार्यक्रम रहेंगे आकर्षण का केंद्र

पहाड़पुर(एस एन बी) प्रखंड के पश्चिमी सरेया पंचायत अंतर्गत सारंगी छाप मिश्राइन टोला गांव में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ। 501 कन्याओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।आचार्यो के वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से यज्ञशाला पूजन के बाद गाजा-बाजा और जयकारों के बीच शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मिश्राइन टोला चौक, कोहड़गढ़, प्रताप टोला, बंजारी पट्टी, खोरिया पट्टी, तुरकौलिया गांव होते हुए रामनगर बैरिया स्थित चंद्रावत नदी तट तक पहुंची।नदी तट पर आचार्य राकेश त्रिपाठी, राहुल पांडेय एवं अभिषेक मिश्रा के सानिध्य में गंगा पूजन और गणेश पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद 501 कन्याओं ने विधिवत जल बोझी कर कलश में पवित्र जल भरा और पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश स्थापना की।महायज्ञ के संरक्षक बाबा मनमोहन दास ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ वृंदावन की रासलीला और झूला कार्यक्रम विशेष आकर्षण होंगे। महायज्ञ के माध्यम से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जा रही है।समिति अध्यक्ष पप्पू मिश्रा और कोषाध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि चौत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर आयोजित इस महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।इस आयोजन को सफल बनाने में संयोजक नरेंद्र मिश्रा,अमरेश मिश्रा, सचिव ष्ण कांत मिश्रा,उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह, संतोष ठाकुर, दीपक ठाकुर, अजीत तिवारी, पप्पू सिंह, मुन्ना सिंह, संजीव सिंह, मुन्ना मिश्रा, सरपंच प्रतिनिधि राम एकबाल प्रसाद सहित ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## रेलवे क्रसिंग पर कार को अमृत भारत एक्सप्रेस ने मारी टक्कर

**रक्सौल(एनएसबी)**सप्रखंड के सहदेवा गांव स्थित सैनिक रोड रेल क्रसिंग पर रविवार की रात एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। आनंद विहार से दरभंगा की ओर जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन एक कार से टकरा गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि समय रहते कार सवार लोग वाहन छोड़कर भाग निकले, जिससे सभी की जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार, अमृत भारत एक्सप्रेस रक्सौल स्टेशन से खुलकर दरभंगा की ओर जा रही थी। इसी दौरान सहदेवा गांव के समीप सैनिक रोड रेलवे क्रसिंग पर एक कार चालक अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करने का प्रयास कर रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान कार अचानक रेलवे ट्रैक पर फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तभी तेज रफ्तार से ट्रेन को आता देख कार में सवार लोग घबरा गए और आनन-फानन में वाहन को छोड़कर मौके से भाग निकले। कुछ ही क्षण बाद ट्रेन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रेन उसे धकेलते हुए आगे निकल गई। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस व आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। रेल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पवन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कार चालक द्वारा अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करने के दौरान यह हादसा हुआ। आरपीएफ पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को बरामद कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। कार किसकी है और उस समय उसमें कौन लोग सवार थे, इसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। रेल अधिकारियों के अनुसार, घटना के बाद थोड़ी देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही, लेकिन रेलवे ट्रैक पर ज्यादा देर तक अवरोध नहीं रहा।

# मोतिहारी में होटलों पर छापे, घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, संचालकों पर कार्रवाई का निर्देश

**मोतिहारी(एन एस बी)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने बुधवार संध्या प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ष्णकांत के साथ शहर के गांधी चौक स्थित जमुना होटल सहित अन्य दो होटलों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां से सात घरेलू उपयोग वाले गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनका व्यावसायिक कार्य में उपयोग किया जा रहा था।

अधिकारियों ने सभी सात सिलेंडरों को मौके पर ही जब्त कर लिया तथा संबंधित होटल संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि इस मामले में टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है, लेकिन घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह गैरकानूनी है। उन्होंने होटल संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की कि वे घबराएं नहीं और आवश्यकता के अनुसार ही गैस सिलेंडर बुक करें। साथ ही उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस गोदाम जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि होम डिलीवरी की व्यवस्था सुचारू रूप से लागू की जा रही है। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से अवैध गैस उपयोग करने वालों में हड़कंप मच गया है।



छापेमारी करते अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### भादा के तेजप्रताप उर्फ सिद्धू का नवोदय विद्यालय में चयन

**अरेराज ( एनएसबी )।** स्थानीय अनुमंडल के हरसिद्धि प्रखंड के भादा गांव के होनहार छात्र तेजप्रताप सिद्धू ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने गांव, परिवार और पूरे प्रखंड का नाम रौशन किया है। सिद्धू ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 975 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चयनित होकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। उसकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।तेजप्रताप सिद्धू भादा गांव निवासी मनीष कुमार ठाकुर एवं निप्पु कुमारी के बड़े पुत्र हैं। सिद्धू बचपन से ही पढ़ाई में काफी मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्र रहा है। वह हमेशा से अपनी पढ़ाई के प्रति गंभीर रहा और नियमित मेहनत करता रहा। इसी लगन और कड़ी मेहनत के कारण उसने नवोदय विद्यालय की कठिन प्रवेश परीक्षा में उत्ष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। सिद्धू की इस उपलब्धि से उसके परिवार में खुशी की लहर है। उसके नाना-नानी, दादा-दादी और अन्य परिजन इस सफलता से बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि सिद्धू ने हमेशा मेहनत और लगन से पढ़ाई की है, । जिसका परिणाम आज सबके सामने है।गांव के लोगों ने भी सिद्धू की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उसे बधाई दी है। ग्रामीणों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद सिद्धू ने अपनी मेहनत और ढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उसकी सफलता गांव के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करेगी।सिद्धू की इस उपलब्धि की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल बन गया। लोग उसके घर पहुंचकर उसे बधाइयां दे रहे हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिद्धू ने अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। विधायक ष्णनंदन पासवान, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, राकेश गुप्ता, अशोक कुशवाहा, मुन्ना बाबू, कस्तूरी खान और सचिन कुमार सहित कई लोगों ने सिद्धू को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि सिद्धू की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और उम्मीद जताई कि वह आगे भी अपनी मेहनत के बल पर नई उंचाइयों को हासिल करेगा।

### 22 मार्च को होगी बड़ी प्रतियोगिता

**पहाड़पुर(एन एस बी)** प्रखंड क्षेत्र के इंगलिश चौक स्थित गुरुकुल विद्यापीठ परिसर में चम्पारण स्पोर्ट्स एकेडमी की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी 22 मार्च को होने वाली खेल प्रतियोगिता की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया और अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।एकेडमी के खेल प्रबंधक राजा कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एकेडमी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।वहीं संरक्षक ड़ नवनीत कुमार ने प्रतियोगिता को बच्चों के लिए बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे खेलो इंडिया जैसे मंच तक पहुंचने का मौका मिल सकता है। बैठक में सचिव सुजीत कुमार, खो-खो कोच सुभाष पटेल, खेल प्रेमी नजरे आलम उर्फ सेठ भाई सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रतियोगिता को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### शांतिपूर्ण ढंग से पैक्स चुनाव संपन्न

**रक्सौल(एनएसबी)**बुधवार को पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के दो पंचायतों में पैक्स चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कहीं से किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक मतदाता की जांच के बाद ही उन्हें मतदान केंद्र में प्रवेश दिया जा रहा था, जिससे चुनाव व्यवस्था पूरी तरह से पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआस बता दे कि एसडीएम मनीष कुमार स्वयं लगातार सभी बूथों का दौरा कर रहे थे और हर गतिविधि पर कड़ी नजर बनाए हुए थे। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसके लिए पूरी टीम मुस्तैदी से काम कर रही थी।प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के चलते मतदाता भी बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग किए।

### चकिया में सेल टैक्स की छापेमारी

**चकिया।** टैक्स चोरी के खिलाफ वाणिज्य कर विभाग का अभियान शुरू है। वाणिज्य कर विभाग की टीम ने मधुबन रोड स्थित सीमेंट,सरिया प्रतिष्ठान संपूर्णा ट्रेडर्स व केसरिया रोड स्थित सीमेंट व्यावसायिक प्रतिष्ठान सक्षम सीमेंट हाउस में छापेमारी की। जिससे कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जब तक छापामारी चली तब तक कई दुकान बंद रहे। अधिकारियों ने दुकान के अभिलेखों की जांच की व उसका रिकर्ड अपने साथ लेते गए।

### मुखिया ने हजारों रोजेदारों संग किया इफ्तार

**तेतरिया (एसएनबी)।** तेतरिया प्रखंड के सेमराहा पंचायत के मुखिया सुरेंद्र राय ने रमजान के पवित्र महीने में अपने पंचायत क्षेत्र में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस आयोजन में पंचायत के हजारों रोजेदारों ने भाग लिया और सामूहिक रूप से इफ्तार किया। इफ्तार में शामिल प्रमुख लोगों में शेख जमालुद्दीन, शेख शौकत अली, कमरुद्दीन, शमशेर आलम, रोज दिन अंसारी, समसुल हसन, मुश्ताक आलम, कमरुद्दीन मियां, बदरुद्दीन अंसारी, फीता हुसैन, सरफुद्दीन अली, शाहिद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। मुखिया सुरेंद्र राय द्वारा रोजेदारों के लिए काजू, किशमिश, बादाम, अखरोट, तरबूज, मौसमी फल और ठंडे जूस की उत्तम व्यवस्था की गई थी। साथ ही सभी रोजेदारों को गमछा देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुखिया सुरेंद्र राय ने कहा कि रमजान का महीना हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि जो लोग सच्चे मन से रोजा रखते हैं, उन्हें जन्नत की प्राप्ति होती है।यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और एकता की मिसाल बनकर उभरा।

### मधुछपरा की अस्तुति भारती का नवोदय में चयन

**पीपराकोठी।** प्रखंड के मधुछपरा गांव की छात्रा अस्तुति भारती ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अस्तुति भारती राकेश कुमार रजक और अभिलाषा की पुत्री हैं। एक साधारण परिवार से आने वाली अस्तुति ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके इस चयन से गांव के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलने की उम्मीद है। परिजनों के अनुसार, अस्तुति शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उनका सपना नवोदय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने का था, जो अब पूरा हो गया है। ग्रामीणों और शिक्षकों ने भी छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस उपलब्धि को लेकर लोगों ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और इससे शिक्षा के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी।

### पुलिस मुठभेड़ मामले में आठ नामजद में पांच गिरप्तार

#### मृत अपराधी कुंदन ठाकुर के भाई की गिरप्तारी के लिए छापेमारी जारी

चकिया। थाना क्षेत्र के सिहोरवा गांव में हुई पुलिस व अपराधी मुठभेड़ मामले में गिरप्तार अपराधी गिरोह के पांच नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने बुधवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। न्यायिक हिरासत में भेजे गए अभियुक्तों की पहचान सिहोरवा गांव निवासी संत कुमार तिवारी व उसकी पत्नी मुन्नी देवी,पुत्र उज्वल कुमार,पुत्री रिस्टी कुमारी के अलावा मृत अपराधी कुंदन ठाकुर का साला स्थानीय थाना क्षेत्र के कोइरगांवा गांव निवासी दिव्यांशु उर्फ दीपांशु दुबे के रूप में बताई गई है। उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने दी। साथ हीं बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिसमें आठ नामजद अभियुक्तों में पांच अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दो अपराधी कुंदन ठाकुर व प्रियांशु दुबे मुठभेड़ में ढेर हो चुका है। फरार चल रहे बुलाचक गांव निवासी एक अभियुक्त मृतक कुंदन ठाकुर का भाई कुणाल ठाकुर के गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र अंतर्गत सिहोरवा गांव स्थित मठ के निकट एक घर में बीते मंगलवार को रात्रि करीब दो बजे पुलिस व अपराधी में मुठभेड़ हुई थी। जिसमें दो कुख्यात अपराधी ढेर हो गया था व एक एसटीएफ के जवान शहीद हो गए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गैस सिलेंडर की कमी से उपभोक्ताओं में परेशानी



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के जय माँ भगवती ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, 8 मार्च के बाद 17 मार्च को एजेंसी में गैस सिलेंडर पहुंचा, जिसके बाद उसी दिन वितरण किया गया। हालांकि, अगले ही दिन 18 मार्च को गैस सिलेंडर खत्म हो जाने के कारण वितरण पूरी तरह से बंद कर दिया गया। इससे दूर-दराज से आए उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में एजेंसी संचालक से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका। उपभोक्ताओं का कहना है कि नियमित आपूर्ति नहीं होने से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

### जर्जर पंचायत भवन हटाकर बन रहा नया सामुदायिक भवन, लोगों में उत्साह।



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के सरबेला पंचायत में लगभग 45 वर्ष पुराना पंचायत भवन पिछले 15-20 वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ था। समय के साथ भवन की स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि यह कभी भी हादसे का कारण बन सकता था। लंबे समय से इस भवन के पुनर्निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत की मुखिया सैय्यदा खातून ने पहल करते हुए जर्जर भवन को तोड़ने का निर्णय लिया। अब वहां नए सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने से पंचायत के लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस दौरान अहमर फरीदी ने बताया कि जर्जर भवन असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका था। वहां अक्सर नशा करने वाले लोगों का जमावड़ा लगा रहता था, जिससे आसपास के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थान असुरक्षित हो गया था। ग्रामीणों का कहना है कि नए सामुदायिक भवन के बनने से पंचायत के सरकारी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। लोगों को उम्मीद है कि यह भवन पंचायत के विकास में अहम भूमिका निभाएगा और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

### राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल कार्यालय का कार्य प्रभावित।



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय में इन दिनों राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से दाखिल-खारिज से जुड़े सभी कार्य ठप पड़े हुए हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंचल कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग जमीन से संबंधित कार्यों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन हड़ताल के चलते उन्हें बिना काम के ही वापस लौटना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि वे कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण उनका काम नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दाखिल-खारिज जैसे जरूरी कार्य के ठप होने से जमीन की खरीद-बिक्री और अन्य कानूनी प्रक्रियाएं भी प्रभावित हो रही हैं। वहीं, अंचल कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### नशा मुक्त भारत अभियानह्व के तहत जिले में एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला को नशा मुक्त हेतु बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित ह्यनशा मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए सामाजिक सुरक्षा कोषांग ,सहरसा द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार, ह्लनशा मुक्त भारत अभियानह्व के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से जिले में एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की जा गई। इस कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अपर समाहर्ता,सहरसा द्वारा एक विशेष ह्लसांग लॉन्चह्व किया गया। साथ ही, जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए समाहरणालय परिसर से उनके द्वारा ह्लजन-जागरूकता रथह्व को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना है। ह्लनशा मुक्त सहरसाह्व बनाने के लिए सामुदायिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यह रथ जिले के विभिन्न कोनों में जाकर लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाएगा और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, डायरेक्टर डीआरडीए ,जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, महाप्रबंधक उद्योग एवं अन्य उपस्थित थे।

### ईद, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित



**सहरसा (एनएसबी)।** बुधवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आसन्न पर्व त्योहार के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति के साथ आयोजित बैठक में विधि व्यवस्थाध्पर्व त्योहार के शांतिपूर्ण-एसद्भावपूर्ण वातावरण में आयोजन हेतु जिला स्तर पर क्रियान्वित प्रयासों के संबंध में अवगत कराया गया। जानकारी दी गई की ईद, रामनवमी आदि के अवसर पर डीजे पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। सोशल मीडिया का निरंतर पर्यवेक्षण किया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से आपसी सद्भाव, खलल उत्पन्न करने वाले पोस्ट करने, शेयर करने की स्थिति में कठोर कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति से संबंधित सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

### गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी अनिवार्य करने एवं गोदाम पर भीड़ न लगाए: डीएम



**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के सभी सम्मानित नागरिकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के गैस भंडारों, प्रतिष्ठानों पर सिलेंडर लेने हेतु अत्यधिक भीड़ एकत्र होने की सूचना प्राप्त हो रही है। इस अव्यवस्था के कारण जहाँ ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को असुविधा हो रही है, वहीं सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। अतः जिलाधिकारी के आदेशानुसार निम्नलिखित व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाती है। जिसमें शत-प्रतिशत होम डिलीवरी: सभी गैस विक्रेता अब केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। प्रतिष्ठान से बिक्री पर रोक: किसी भी विक्रेता द्वारा अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान या गोदाम से सीधे गैस सिलेंडर का वितरण नहीं किया जाएगा। सख्त कार्रवाई: यदि कोई विक्रेता अपने प्रतिष्ठान से गैस वितरण करते हुए पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने घरों पर ही सिलेंडर प्राप्त करें और अनावश्यक रूप से गैस गोदामों पर भीड़ न लगाएं। आपकी सुविधा और सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है।

# 18 वें विधानसभा सत्र में सबसे ज्यादा प्रश्न पूछने वाले विधायक आईपी गुप्ता का अभिनंदन समारोह आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा के विधायक इंजीनियर इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता के सम्मान में बुधवार को पूजा बैंकट हॉल में भव्य नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह सहरसा विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक-राजनीतिक संगठनों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकत्ता, बुद्धिजीवी, युवा तथा आम नागरिक भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष मो ताहिर एवं संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 धनोज कुमार ने किया। इस मौके पर सीपीआई नेता ओमप्रकाश नारायण, सीपीएम के रणधीर यादव, माले नेता कुंदन यादव, रीवा शर्मा, हीरा प्रभाकर, जिप उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव, रजक नेता, रणजीत यादव, धनिक लाल मुखिया, आईआईटी प्रदेश महासचिव टुनटुन शर्मा, जिला अध्यक्ष विद्या शर्मा, इंजीनियर कौशल यादव, राजद महिला नेता गुंजन देवी, गोविंद दास तांती, रंजीत दास, रामसागर, धीरज सम्राट, गोनर शर्मा सहित अन्य विधायक का अभिनंदन कर समारोह को संबोधित किया। वक्ताओ ने कहा कि 18 वें विधानसभा के पहले सत्र में पूरे बिहार में सबसे ज्यादा प्रश्न पूछने वाले विधायक आईपी गुप्ता का अभिनंदन किया। वही विधायक आईपी गुप्ता ने कहा कि सहरसा की



समारोह में विधायक, जिलाध्यक्ष व महागठबंधन के कार्यकर्ता।

जनता ने अपना बहुमत देकर मुझे सेवक के रूप में चुना है। मैं सहरसा के लिए जीना और मरना चाहता हुं। उन्होंने कहा कि हम क्रेडिट लेने नहीं आए हैं बल्कि सहरसा का विकास करने आए हैं। मैं रात-रात भर जाकर बहुत अध्ययन करने के बाद विधानसभा में 40 से अधिक समस्याओं को उठाया है। मेरे पास सारे डॉक्यूमेंट है जिसमें किसने क्या किया या काम कराया। उन्होंने कहा कि सहरसा ने जो वोट देकर जिताया है वह हमें रात भर सोने नहीं देता है।मैं अब तक 1500 से अधिक मरीजों को पटना के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराकर इलाज करवाया है। मैं 80 लाख तांती ततमा समाज का आवाज हूं। धोखा देना ततमा के खून में नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं एमएलए बनने नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए लड़ना आया हूं। गुप्ता को कोई खरीद नहीं सकता। इस मौके पर उन्होंने विधायक प्रतिनिधि के रूप में सौर बाजार से अमित कुमार शर्मा, सुनील यादव, नगर से अमरिंदर कुमार, बनगांव से इमरान खान, कहरा पवन यादव के माध्यम से लोगों को अपना समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सहरसा से यूनिवर्सिटी, लॉ कॉलेज, एनएचएआई का मुख्यालय पोस्ट ऑफिस का मुख्यालय तथा एम्स चला गया। जबकि 70 सत्तर कटैया में 100 से अधिक लोग कैंसर से निधन हो गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 20 कैंसर मरीज में से 15 कैंसर मरीज सहरसा के भर्ती है। उन्होंने कहा कि फुटपाथ दुकानदार वोट देते हैं भाजपा को और आवाज उठाने के लिए मुझे अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार के ऊपर कडा प्रहार करते हुए कहा कि भ्रष्ट अधिकारी संभल जाएं क्योंकि आईपी गुप्ता उनके सारे काले कारनामों को बहुत जल्द उजागर करने वाला है। उन्होंने कहा कि मैं वार्ड सदस्य पंचायत समिति मुखिया को साथ लेकर चलेंगे मैं उनकी लड़ाई लड़ने जा रहा हूं। जेई राज खत्म करना चाहते हैं। साथ ही झूठे मुकदमे की जांच करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सहरसा ही नहीं पूरे बिहार से तार हटाने वाला है क्योंकि तार से लोगों की मृत्यु हो रही है। उन्होंने कहा कि सहरसा में दो करोड़ लीटर गंदा पानी प्रतिदिन बह रहा है लेकिन नाले के नाम पर सिर्फ खाने पूर्ति की गई है जबकि राज्य सरकार अब तक 243 करोड रुपए खर्च कर चुकी है। उन्होंने कहा कि वोट की राजनीति नहीं जनता को मजबूत करना है।

## जीविका गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में संचार की भूमिका अहम

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जीविका की जिला परियोजना समन्वयन इकाई, सहरसा के तत्वावधान में बुधवार को कौशकी जीविका शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र, सुलिन्दाबाद में संचार थीम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी 10 प्रखंडों से प्रखंड परियोजना प्रबंधक, कम्युनिकेशन नोडल सहित जिला कार्यालय के विभिन्न प्रबंधक एवं कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक श्लोक कुमार, प्रबंधक संचार सुधा दास एवं प्रशिक्षण अधिकारी अनुप्रिया पंजियार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संचार के विभिन्न आयामों एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक- श्लोक कुमार ने कहा कि जीविका की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं को गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में संचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि यदि सही सूचना समय पर आमजन तक पहुंचे, तो योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि वे आधुनिक संचार माध्यमों का अधिकतम उपयोग करें और जीविका की सकारात्मक पहलों को व्यापक स्तर पर प्रचारित करें।कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को संचार रणनीति, मीडिया समन्वय, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग एवं सूचना प्रसार के विभिन्न तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों के बीच विचार-विमर्श कर उनके अनुभवों को साझा किया गया, जिससे कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा हुई। यह कार्यशाला जीविका की गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं समुदाय तक सटीक जानकारी पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते अतिथि।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत मंडल कार्यकर्ताओं का कार्यशाला आयोजित



**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** भाजपा द्वारा बुधवार को सलखुआ प्रखंड अंतर्गत सामूदायिक भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के तहत मंडल की कार्यकत्ताओ के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।इस कार्यशाला में संगठन की विचारधारा, सुशासन के सिद्धांतों और जनसेवा के संकल्प को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकत्ताओ को संगठनात्मक रूप से दक्ष और वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है। भाजपा उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने इस अवसर पर मौजूद जिला मंत्री कुमार गौरव सिंह, अरविंद भगत ने कहा कि यह कार्यशाला भाजपा की वैचारिक दृढ़ता और जमीनी स्तर तक संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ललन जयसवाल जी की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में जिला के मंत्री पंकज पाठक, प्रवक्ता अभिलाष कुमार, अभिषेक पांडेय जी, अमर यादव जी, भाई भीएस, मिथिलेश भगत, पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र यादव ,महामंत्री झालेन्दर यादव, पप्पू कुमार, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, युवा अध्यक्ष विकास कुमार, किसान मोर्चा अध्यक्ष नीरज कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष दिनेश साह, मुकेश कुमार सिन्हा, कुंदन कुमार, राजेंद्र सादा, विजेन्द्र सादा, फुलमणि गुप्ता, सुजान देवी, प्रभू साह सहित अन्य ने बैठक को संबोधित किया।

## लोकसभा में सिमरी बख्तियारपुर-बिहारीगंज रेल लाइन की मांग पर सांसद दिनेश चंद्र यादव को क्षेत्र वासियों ने दी बधाई



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** कोशी क्षेत्र के लाखों यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या को सांसद दिनेश चंद्र यादव ने लोकसभा में जोरदार तरीके से उठाया। नियम 377 के तहत उन्होंने सिमरी बख्तियारपुर से बिहारीगंज तक नई रेल लाइन बिछाने की मांग की। सदन में लंबे समय आ रही जनता की समस्यायों की निदान की मांग रखते हुए सांसद ने कहा कि यह रेल लाइन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ेगी। जिससे कोशी क्षेत्र के आम लोगों का आवागमन आसान होगा और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में ललित मिश्रा के समय इसकी सर्वे हो चुका है। लेकिन निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ। रेल मंत्री से पुरजोर अपील करते हुए उन्होंने शीघ्र कदम उठाने की मांग की। इस लाइन से हजारों यात्री, किसान, व्यापारी और पर्यटन को लाभ होगा। सोनवर्षा राज, बिहारीगंज, सहरसा व मधेपुरा के करोड़ों लोग इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्रीय विकास मंच के संयोजक मुकेश मानस, मुखिया प्रतिनिधि निर्भय कुमार सिंह, मुखिया ललन यादव, शालिग्राम मिश्र, अमीर राम, अनमोल मिश्र, प्रमोद सादा, जदयू युवा नेता कारु सिंह, पंकज कुमार यादव, आजाद कुमार समेत सैकड़ों लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मैनेजर व लेखापाल पर लाखों रुपए गबन का आरोप, कंप्यूटर के डाटा में छेड़छाड़ कर की गबन की गयी राशि

**70-80 लाख रुपए गबन करने का है मामला, सूर्या हास्पीटल के निदेशक ने दर्ज करायी प्राथमिकी**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सूर्या हास्पीटल के मैनेजर व लेखापाल की मिलीभगत से सूर्या हास्पीटल से लाखों रुपए गबन किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में सूर्या हास्पीटल के निदेशक डा. विजय शंकर ने सदर थाना में आवेदन देकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। सदर थाना को दिए गए आवेदन में कहा कि सूर्या हास्पीटल में सुसोनु कुमार मैनेजर एवं एलेन फिडेलिस लेखापाल के रूप में वर्षों से कार्यरत था। प्रबंधक व लेखापाल दोनों मिलकर ही मरीजों से पैसों का लेनदेन करते थे। पिछले पांच वर्षों में मिलीभगत कर कंप्यूटर में छेड़छाड़ कर करीब 70-80 लाख रुपए का गबन कर लिया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रबंधक व लेखापाल ने सूर्या हास्पीटल से लाखों रुपए का बंदरबांट आपस में कर लिया। 8 फरवरी 26 को जब रोगियों द्वारा जमा किए गए रुपए एवं दिए गए रुपए का हिसाब किया तो दोनों में विरोधाभास लगा। इसके बाद 9 फरवरी को दोनों को बुलाकर जब विश्वास में लेकर पूछताछ किया तो दोनों ने स्वीकार किया कि हमदोनों पिछले पांच वर्षों से कंप्यूटर में छेड़छाड़ कर धोखाधड़ी एवं ठगी करने की नीयत से अलग-अलग खाता बनाकर धोखाधड़ी कर रुपया गबन कर लेते थे। निदेशक ने आवेदन में यह भी कहा कि दोनों आरोपितों ने कंप्यूटर का दो वर्ष का डाटा भी डिलीट कर दिया है। लेकिन तीन वर्ष के मिले डाटा के मुताबिक प्रबंधक सुसोनू व लेखापाल एलेन ने करीब 48 लाख रुपए का गबन कर लिया है। दोनों ने यह भी कहा कि सूर्या हास्पीटल से किए गए गबन की राशि से घर निर्माण सहित परिवारवालों पर पैसा खर्च कर दिया। सुसोनु ने कहा कि उसी पैसे से अपनी पत्नी को दुकान खुलवाया। गबन व चोरी की बात स्वीकार करने पर सुसोनु कुमार ने 2 लाख 22 हजार रुपए एवं एलेन ने 2 लाख 63 हजार रुपए वापस लौटाए। शेष राशि के लिए एक पखवाडा.का समय मांगा। समय की अवधि पूरी होने के बाद भी गबन की हुई राशि नहीं लौटाए जाने पर निदेशक ने सदर थाना में आरोपितों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## हितधारक अभिमुखीकरण एवं परियोजना शुभारंभ कार्यशाला का सफल आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के गांधी पथ स्थित एक निजी होटल में बुधवार को हितधारक अभिमुखीकरण एवं परियोजना शुभारंभ कार्यशालाह्व का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईटीसी के सहयोग से तथा कौशल्या फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित किया गया। इस अवसर पर आईटीसी मिशन सुनहरा काल मखाना विकास कार्यक्रमह्व की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध विभागों के कई प्रमुख अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इनमें जिला कृषि पदाधिकारी संजय, जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र, सहायक निदेशक सुकृति, तथा केवीके के पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉ.नदीम अख्तर सहित अन्य प्रखंड स्तरीय अधिकारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त आईटीसी से प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अंकिता एवं प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर दिलीप कुमार तथा कौशल्या फाउंडेशन से मैनेजिंग डायरेक्टर एंड ट्रस्टी कौशलेंद्र एवं सीनियर प्रोग्राम मैनेजर पुष्कर सहित परियोजना टीम के सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यशाला में किसान, फोड़ी करने वाले मखाना प्रोसेसर व्यापारी, थोक विक्रेता एवं विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करना था, ताकि परियोजना के उद्देश्यों, क्रियान्वयन रणनीतियों तथा सहयोग के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की जा सके। कार्यक्रम के दौरान सहरसा जिले में मखाना मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने तथा ग्रामीण महिला किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मखाना उत्पादन, गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता, वैज्ञानिक खेती तकनीक, किसानों के प्रशिक्षण तथा बाजार से बेहतर जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर



कार्यशाला कौशल्या फाउंडेशन।

## मंगवार पंचायत के दुगार्पुर फ्लैक्स प्रिंटिंग प्रेस का हुआ शुभारंभ, प्रिंटिंग प्रेस के शुभारंभ से प्रखंड वासियों को मिलेगी सुविधा

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के बसनही थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पुर मंगवार में बुधवार को माँ लक्ष्मी फ्लैक्स प्रिटिंग प्रेस का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। इस भव्य उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद दोपहर चार बजे आयोजित समारोह में अतिथियों ने फीता काटकर प्रेस का उद्घाटन किया। समारोह में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि शेखर पासवान, मुख्य पार्षद मनीष कुमार, पीएनबी सहकारी के शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार एवं बसनही थाना अध्यक्ष विकास कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इससे पूर्व बच्चों ने अतिथियों को तिलक लगाकर पारंपरिक स्वागत किया। वहीं सभी अतिथियों को पाग व शॉल देकर सम्मानित किया गया। प्रेस के संचालक गजेंद्र साह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र में आधुनिक प्रिंटिंग सुविधा उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है।



बताया गया कि यह रोजगार प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत मंगवार स्थित पीएनबी बैंक से ऋण लेकर शुरू किया गया है, जो स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। मौके पर मुखिया श्रवण कुमार, भाजपा जिला मंत्री मुकेश मानस, प्रदीप यादव, सरपंच यशोधर मंडल, बमबम, अजीत अनुज, नागेंद्र यादव, मुन्ना कुमार, शबाब आलम, प्रेम सिंघानिया, अनिल साह, पप्पू सिंह, जय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ईद और रामनवमी को लेकर राघोपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** थाना परिसर में बुधवार को ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों तथा दोनों समुदायों के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



बैठक में शामिल एसडीपीओ व थाना अध्यक्ष।

एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि रमजान के समापन पर मनाया जाने वाला ईद पर्व और रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की अपील की।

उन्होंने क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईहों में नमाज की व्यवस्था की जानकारी ली तथा रामनवमी के धार्मिक कार्यक्रमों, पूजा स्थलों और शोभायात्रा के रूट चार्ट की समीक्षा भी की।

प्रशासन की ओर से बताया गया कि पर्व के दौरान चिन्हित स्थानोंईहा, मस्जिद, पूजा पंडाल और प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी की तैनाती की जाएगी। साथ ही स्पष्ट किया गया कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने जानकारी दी कि पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और अश्लील व द्विअर्थी गीतों के प्रसारण पर भी रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की।

बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सभी पर्व पारंपरिक रूप से आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाते रहे हैं और आगे भी इस परंपरा को बनाए रखा जाएगा।

इस मौके पर बैजनाथ भगत, अताउल रहमान, कमल यादव, शैलेन्द्र सिंह, नूर आलम, दिलीप पुर्वे, अभिनन्दन दास, सागर यादव, मनीष भगत, संत अमरजीत, चन्दु दास, रिंकू भगत, अकरम राजा, सुरेन्द्र मंडल, सुभाष यादव, रामेश्वर यादव, प्रमोद साह, विजय मंडल, विक्की भगत, सुरेश मंडल, जयशंकर चौधरी, रामचंद्र भगत, भुपेंद्र यादव, सुबोध आदि उपस्थित थे ।

# शिक्षा विभाग की मासिक बैठक में डीएम ने राधेश्याम पब्लिक स्कूल सहित अन्य 45 स्कूलों के मान्यता रद्द करने के दिए निर्देश

### राधेश्याम पब्लिक स्कूल पर आरटीई के बच्चों की परीक्षा लेने का है आरोप

**सुपौल (एनएसबी) ।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं उप विकास आयुक्त, सुपौल की उपस्थिति में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें विभिन्न संभाग जैसे निजी विद्यालय में नामांकन, निजी विद्यालय का प्रस्वीकृक्ति एवं नवीनीकरण, विद्यालय को विभिन्न मद में दी गई राशि के व्यय, शिक्षा विभाग के नशामुक्ति, गर्ल्स एडोलेसेंट (माहवारी की जानकारी) कस्तुरबा विद्यालय में नामांकन, उपस्थिति, छात्रावास में हो रहे असैनिक निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी विद्यालय में बालमेला, ट्यूनिंग अफ स्कूल, असैनिक निर्माण कार्य इत्यादि की समीक्षा की गई। जिसमें कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में नामांकन की तुलना में कम उपस्थिति के लिए विशेष अभियान चलाने का निदेश दिया गया। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सभी रिक्त सीट को भरने का निदेश दिया गया। कस्तुरबा छात्रावास में मरम्मति कार्य की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि अविलंब गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाते हुए राशि का सदुपयोग किया जाय। कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में व्यय 72.5 प्रतिशत है। सुपौल, राघोपुर का व्यय कम है इस पर चिंता व्यक्त की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए ।

निजी विद्यालय द्वारा ज्ञानदीप पोर्टल पर 121 बच्चे का नामांकन नहीं लिया गया है जबकि 13 बच्चे को रिजेक्ट कर दिया गया है इस पर जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। राधेश्याम पब्लिक स्कूल, सुपौल के द्वारा बच्चे के नामांकन में मौखिक परीक्षा लेने की सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा निदेश दिया गया कि ऐसे विद्यालय को चिन्हित कर उसकी प्रस्वीकृति को रदद कर दिया जाय, 45 निजी विद्यालय के अपनी इन्टेक कैपेसिटि नहीं भरने के कारण इन सभी विद्यालय के मान्यता को रद्द करने का निदेश दिया गया।

190 विद्यालय को ट्यूनिंग ऑफ स्कूल के तहत दस हजार की राशि प्रति विद्यालय दी गई है। अब तक मात्र 68 विद्यालय के द्वारा राशि का व्यय किया गया है।



बैठक में शामिल डीएम, डीडीसी, डीईओ, डीपीओ व अन्य।

जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा उप विकास आयुक्त, सुपौल एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुपौल को विद्यालय के व्यय का जांच करने कार्यक्रम के संबंध में बच्चों का फीडबैक लेने का निदेश दिया गया।

समग्र विद्यालय अनुदान, खेल मद में दी गई राशि, सीआरसी को दी गई राशि के व्यय की स्थिति असंतोषजनक है, खेल मद में मात्र 7 प्रतिशत की निकासी की गई। जिलाधिकारी, सुपौल के द्वारा सभी विद्यालय के खेल सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने का निदेश दिया गया। जो भी विद्यालय अब तक व्यय नहीं किये हैं। वे अविलंब गुणवत्तापूर्ण सामग्री का क्रय करेंगे।

असैनिक निर्माण कार्य की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा 12 के भवन के निर्माण इसकी गुणवत्ता की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी, द्वारा कई विद्यालयों में लाल ईंट, फलाईएश ईंट की गुणवत्ता को अच्छे तरीके से जांच करने, निर्माण स्थल पर पानी का छिड़काव करने, कोटा स्टोन की पलिसिंग, छत की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। यदि किसी निर्माण स्थल पर गैर गुणवत्तापूर्ण की सामग्री का उपयोग को देखा गया तो संबंधित संवेदक से दण्डसवरूप राशि की कटौती कर दी जायेगी।

जिलाधिकारी द्वारा सभी निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाते हुए जिले का एक सम्पर्क संख्या भी आम लोगों के लिए उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया जिससे कि कोई भी व्यक्ति गलत कार्य की शिकायत जिला से कर सके।

जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक में बच्चों के पठन पाठन, लर्निग आउट कम, का पीपीटी नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा निदेश दिया गया कि अगले बैठक में इस विषय पर पीपीटी तैयार कर शमिल किया जाय ।

# जिला जनसंपर्क एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी गैस सिलेंडर उपलब्धता की जानकारी

**सुपौल (एसएनबी) ।** जिला जन संपर्क पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सुपौल द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की वर्तमान स्थिति के संबंध में प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिले में ईण्डेन के 26 एचपी के 16 एवं भारत गैस के 9 कुल 51 एजेंसी कार्यरत है। जिसमें कुल उपभोक्ताओं की संख्या 5,10, 823 है।

संबंधित गैस मार्केटिंग कम्पनीयों के द्वारा सुपौल जिले में प्रतिदिन लगभग 6250 गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। जिसे उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन बुकिंग के उपरान्त आपूर्ति किया जा रहा है। जिला स्तरीय संयुक्त आदेश के द्वारा प्रखंड स्तर पर घरेलु गैस सिलेंडरों के उठाव-वितरण की निगरानी करने के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिले में गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने एवं कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष सहित सभी संबंधित अधिकारी और कर्मी निरंतर उठाव वितरण की निगरानी कर रहे हैं और अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। मेसर्स रत्ना इण्डेन ग्रामीण वितरक, प्रखंड राघोपुर के गोदाम पर अनियममितता पाये जाने के पश्चात प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, राघोपुर के द्वारा सील बन्द कर दिया गया है, तथा अग्रेत्तर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। अबतक 16 गैस एजेंसियों एवं विभिन्न होटलों एवं प्रतिष्ठानों की जाँच की गई है और जाँच की कार्रवाई चल रही है।



प्रेस कान्फ्रेंस करते पदाधिकारी।

प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के प्रतिवेदनानुसार जिले के 51 गैस एजेंसियों में से 44 गैस एजेंसियों पर अभी एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 07 पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। जिला प्रशासन गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है।

गैस सिलेंडरों के कमी की अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं में एलपीजी गैस सिलेंडर की मांग में असामान्य तेजी देखी जा रही है, जिस कारण कुछ वितरकों के पास अस्थायी रूप से स्टक खत्म हो जा रहा है। जिसकी पूर्ति कुछ समय बाद ही हो जा रही है। वर्तमान स्टक और बटलिंग प्लांट से मिल रही आपूर्ति के आधार पर जिले में लगभग पर्याप्त स्टक उपलब्ध है। तत्काल आपूर्ति संकट की संभावना नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

जिले में गैस सिलेंडरों के उपलब्धता की स्थिति सामान्य है, घबराकर अधिक सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है।

समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु गैस सिलेंडरों के उठाव-वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। अभी तक जिला नियंत्रण कक्ष को कुल 65 शिकायतें जानकारी प्राप्त करने हेतु कल प्राप्त हुआ है। सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है।

# महिला एवं बाल विकास निगम के निर्देशन में प्रशिक्षण आयोजित

**सुपौल (एनएसबी) ।** विद्युत सभागार, सुपौल में समाज कल्याण विभाग, बिहार, सरकार के अधीन महिला एंव बाल विकास निगम के निर्देशानुसार जिलाधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई सी डी एस, सुपौल की अध्यक्षता में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध, प्रतितोष) अधिनियम 2013 विषय पर निजी संस्था के व्यवस्थापकध्न्योक्ता के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण -सह- कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आइ0 सी0 डी0 एस0 द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि अपने संस्था में महिलाओं के लिए सुरक्षित एंव सम्मानजनक कार्यस्थल सुनिश्चित करायें स जिला परियोजना प्रबंधक, जिला मिशन समन्वयक द्वारा बताया गया कि यह कार्यशाला महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल निर्माण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है स शिवम् झा पाश ट्रेनर के द्वारा उक्त अधिनियम पर उपस्थित सभी प्रतिभागी को विस्तार रूप से प्रशिक्षण दिया गया स कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0 सी0 डी0 एस0, सुपौल, श्रम अधिक्षक, सुपौल, जिला परियोजना प्रबंधक, जिला मिशन समन्वयक, डी एच ई डब्लू सुपौल, श्री हरेराम मंडल, अधिवक्ता, श्री लालेश्वर यादव, अधिवक्ता, केन्द्र प्रशासक वन स्टाप सेंटर, सभी कर्मी जिला हब फार इम्पावरमेंट आफ वीमेन कार्यलय तथा वन स्टाप सेंटर एंव प्रतिभागी के रुप में जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न निजी संस्थानों के व्यवस्थापक उपस्थित थे ।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पदाधिकारी।

## खबरें : एक नजर में

### 25.50 लाख के मॉड्यूलर टॉयलेट बने शोभा की वस्तु, छह महीने बाद भी इंस्टालेशन अधूरा

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** नगर पंचायत सिमराही द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से खरीदी गई लाखों रुपये की मड्यूलर टयलेट यूनिट फिलहाल उपयोग से दूर पड़ी हुई हैं। करीब 25 लाख 50 हजार रुपये की लागत से खरीदी गई दो यूनिट पिछले छह महीनों से नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बेकार खड़ी हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रत्येक यूनिट की कीमत लगभग 12 लाख 75 हजार रुपये है। इन्हें अक्टूबर 2025 में जैम पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया था। योजना यह थी कि इन टयलेट यूनिट को सार्वजनिक कार्यक्रमों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अस्थायी रूप से लगाया जाएगा, ताकि लोगों को स्वच्छ शौचालय सुविधा मिल सके। लेकिन खरीद के बाद अब तक इनका इंस्टलेशन पूरा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टयलेट यूनिट आज भी कार्यालय परिसर के बाहर उसी स्थिति में रखे हुए हैं। इनमें न बिजली की व्यवस्था की गई है और न ही पानी की। ऐसे में ये पूरी तरह अनुपयोगी बने हुए हैं। कई बार सामाजिक और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान आयोजकों ने नगर पंचायत से मोबाइल टयलेट उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन हर बार यह कहकर टाल दिया गया कि इंस्टलेशन का काम पूरा नहीं हुआ है। मामले में कार्यपालक पदाधिकारी वीणा वैशाली का कहना है कि मड्यूलर टयलेट चालू अवस्था में है और जरूरत पड़ने पर आवेदन देकर इसका उपयोग किया जा सकता है । इधर, स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि टयलेट यूनिट की खरीद बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर की गई है। लोगों ने इसके गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की भी मांग की है ।



मॉड्यूलर टॉयलेट यूनिट।

### ईदगाहों की सुरक्षा में पुलिस बल की होगी तैनाती, शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं ईद : थाना अध्यक्ष

**सुपौल (एनएसबी)।** किशनपुर थाना परिसर में वुधवार को ईद उल फितर को लेकर थानाध्यक्ष ज्ञानरंजन कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों एवं गनमान्यों ने अपनी अपनी बातें रखी। जिला परिसद सदस्य हसनैन नोमानी ने ईदगाह की जानकारी देते हुए कहा कि सुबह सात से 10 बजे तक ईदगाह पर सुरक्षा का इंतजाम किया जाय । साथ ही उन्होंने कहा कि ईद के चांद की रात महिलाएं बाजार में देर रात तक खरिदारी करती है । जहां भी गस्ती दल तैनात हो ताकी शांतिपूर्ण ईद संम्पन्न हो सके । वहीं मैहाशिमर मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ने कहा कि मैहाशिमर स्थित शीव मंदिर जो मुस्लिम बाहुल्य के बीच है जहां ईद के दिन गस्ती की आवश्यकता बताया । इसी प्रकार जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश उर्फ मंगल यादव, बिजली सिंह यादव आदि ने भी अपने - अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ईद शांति व आपसी भाईचारे का पर्व है यहां सभी पर्व शांतिपूर्ण संम्पन्न होता आया है । वहीं थाना अध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान सभी ईहो पर सुरक्षा के इंतजाम रहेगें । संध्या, रात्रि व दीवा गस्ती कड़ाई से की जाएगी । जहां कहीं भी कोई विवाद की सूचना मिलेगी तो शीघ्र कार्रवाई होगी । उन्होंने समुदाय के लोगों को ईद की बधाई देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की । मोके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश ठाकुर, गौड़ी शंकर यादव, मो अली, महामाया चौधरी, बिजली सिंह, रविन्द्र साह, ओम प्रकाश यादव, गंगाराम यादव, बालेश्वर यादव सहित काफी संख्यां में जनप्रतिनिधि एवं बुद्धजीवी मौजूद थे।



बैठक में शामिल थाना अध्यक्ष व अन्य।

### धर्म परिवर्तन व देह व्यापार के आरोप में प्राथमिकी दर्ज, नामजदो में मचा हड़कंप

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** पिपरा थाना क्षेत्र के निर्मली वार्ड 1 से सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। 17 साल पहले गायब हुई रिंकु कुमारी हीना खातुन के रूप में किसी तरह अपने घर एक बच्चे के साथ लौटी है और अब अपने साथ हुई कहानी को लेकर पुलिस प्रशासन के चौखट खटखटाते हुए इंसाफ की गुहार लगा रही है। बताया जाता है कि रिंकू मूल रूप से किशनपुर थाना क्षेत्र के सुजानपुर में जन्मी और पली-बढ़ी जो वर्ष 2008 में आई कोशी की विभिषिका से तंग आकर अपने ननिहाल निर्मली में माता पिता के साथ रहने लगी की कुछ दिनों बाद है अपने ननिहाल निर्मली से गायब हो गई। जो 17 साल बाद अपने घर निर्मली वापस आई और घर के सदस्यों को आपबीती सुनाई जो काफी दर्दनाक और मर्माहत कर देने वाली बात है। रिंकू की माता पिता दोनों बिमारी से ग्रसित है बावजूद इसके अपनी बेटी को लेकर मंगलवार को पिपरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने साथ 17 साल में हुई अत्याचार की बातों को बया की है जो रोंगटे खड़े देने वाली है। लड़की ने थाना को दिये आवेदन में गांव के ही मुस्लिम समुदाय के एक नामजद महिला दो पुरुष और एक अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण कर देह-व्यापार करवाने और धर्म परिवर्तन करवाने सहित अन्य आरोप लगाया है। लड़की की बदकिस्मती हो या परिजन की लापरवाही बताया जा रहा है कि जिस समय लड़की गुम हुई थी उस समय लड़की के पिता अन्य प्रदेश में मजदूरी कर रहे थे और घर में उनकी बिमार मां थी जो उस समय पुलिस में अपनी बेटी की गुमशुी को लेकर शिकायत नहीं करवाई थी। जो आज बड़ी परेशानी का कारण बनता दिख रहा है। आवेदिका के अनुसार उन्हें गांव के ही कुछ लोगों द्वारा पहले पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर ले जाया गया वहां दो से ढाई वर्ष तक पचास से अधिक की संख्या में नाबालिग लड़कियों के साथ रखने के बाद फिर उन्हें किशनगंज लाया गया जहां इनसे दो वर्षो तक देह व्यापार करवाने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति से उनकी शादी करवा दी। जिस व्यक्ति से उनकी शादी हुई वो व्यक्ति फिर उन्हें फारबिसगंज में किसी देह व्यापार का सिंडिकेट चलाने वाले दलाल के हाथों बेच दिया जहां इन्होंने लगभग दस वर्षो से अधिक समय बिताई इस दौरान इनके तीन बच्चे भी हुई जिसमें दो बच्चे की मौत हो गई जबकि एक लड़का अभी इसके साथ है। आवेदिका के अनुसार फारबिसगंज में तबीयत खराब होने के बाद जब इन्हें सदर अस्पताल अररिया लाया गया तो इलाज के दौरान अस्पताल में किसी कर्मी को इन्होंने आपबीती बताई तो अस्पताल कर्मी देवदूत बनकर इनके परिजन से सम्पर्क साधा और सारी बातें बताई तब जाकर लड़की के बहन बहनोई बड़ी मशक्कत के बाद उन्हें फारबिसगंज से घर लाई है। जिसके बाद से लड़की अपने साथ हुई यातनाएं की बदला लेने के लिए कानून का दरवाजा खटखटा रही है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि पीड़िता के द्वारा दी गई लिखित आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है पुलिस हरेक मामले में बारिकी से जांच कर रही है।

# डा. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**सुपौल (एनएसबी ) ।** डीएम सावन कुमार द्वारा डा भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, पिपरा का निरीक्षण किया गया। जिस दौरान वर्ग कक्ष, पुस्तकालय, छात्रावास, मेस संचालन आवासित बच्चियों के कमरों का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में बच्चियों का वार्षिक परीक्षा चल रही थी। मेस के निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को बच्चियों के कमरों एवं किचन की साफ-सफाई व्यवस्था को और दुरूस्त करने एवं खाने की गुणवत्ता को समय-समय पर स्वयं खाकर जाँच करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा नामांकित एवं आवासित छात्राओं से वार्ता कर उनके समस्याओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की । बच्चियों द्वारा जिला पदाधिकारी को पठन-पाठन एवं भोजन व्यवस्था संतोषजनक बतायी गई। विद्यालय में मेडिकल कैम्प आयोजित था, जिसमें डक्टरों के द्वारा बच्चियों के स्वास्थ्य की जाँच की जा रही थी। जिला पदाधिकारी द्वारा डाक्टरों से बच्चियों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उन्हें महीने में कम से कम दो बार सभी बच्चियों के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निदेश दिया गया। विद्यालय के शिक्षकों को पठन-पाठन कार्य और अच्छे तरीके से चलाने तथा बच्चियों की साप्तहिक जाँच परीक्षा वर्गवार लेने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी को विद्यालय की व्यवस्था को और दुरूस्त करने तथा विद्यालय की समस्याओं से समय-समय पर अवगत कराने का निदेश दिया गया।



स्कूली बच्चों से पूछताछ करते डीएम।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक

**सुपौल (एनएसबी) ।** जिला स्तरीय बैठक में शक्ति सदन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। विशेष रूप से महिलाओं के सुरक्षित आवासन, पुनर्वास व्यवस्था, लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता, परामर्श सेवाएँ, सुरक्षा प्रबंधन तथा संस्थान के दैनिक संचालन की प्रगति पर गहन चर्चा की गई।



बैठक में शामिल डीएम, डीडीसी व अन्य।



बैठक में शामिल लोग।

जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि शक्ति सदन का संचालन पूर्णतः विभागीय मार्गदर्शिका एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि जरूरतमंद महिलाओं को समयबद्ध, सुरक्षित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, लाभार्थियों के मामलों की नियमित मनिटरिंग करने तथा सभी व्यवस्थाओं को सुढ़ एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए तथा संचालन व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

# पिपरा में तीन पैक्सों के लिए 62 प्रतिशत हुआ मतदान

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के 3 पैक्सों में बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण माहौल में अध्यक्ष व सदस्य पद का चुनाव संपन्न हो गया। वहीं 62.12 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर उक्त सभी अभ्यर्थियों की किस्मत मतपेटी में बंद कर दी। जानकारी के मुताबिक सुबह 7 बजे मतदान शुरू होते ही मतदाताओं की कतार संबंधित बूथ पर लगनी शुरू हो गई एवं धूप खिलने के साथ ही मतदाताओं की कतार लंबी होती चली गई। नहीं मिडिल स्कूल कटैया गोठ बूथ पर मतदान शुरू होते ही पोलिंग एजेंट के लापरवाही के कारण हुई नोकझोंक से थोड़ी देर तक मतदान बाधित रही। जबकि महिला बुर्कानशी मतदाताओं के कारण मतदानकर्मियों को परेशानियों से जूझना पड़ा। वहीं नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक अलग-अलग 3 पैक्स में कुल 62.12 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें कटैया माहे पैक्स में कुल मतदाता 2690 में 1559 मत अमहा में कुल 2709 मतदाता में 1771 मत ठारही भवानी पुर पैक्स में कुल 2575 में 1657 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अभ्यर्थियों की किस्मत मतपेटी में बंद कर दी। वहीं शांतिपूर्ण माहौल में पैक्स चुनाव संपन्न होने से मतदान कर्मी प्रत्याशी व उनके समर्थक राहत की सांस ली हैं। वहीं मतदान केंद्र से सील बंद मतपेटी देर शाम प्रखंड स्थित वज्रगृह की ओर रवाना होते ही प्रत्याशी व समर्थकों के बीच चुनावी रुझान को लेकर जोर शोर से चर्चाएं शुरू हो गई है। वहीं जीत हार का चुनावी गणित में प्रत्याशी एवं इनके समर्थक अपने अपने जीत का दावा करते नजर आए । वहीं चुनाव के दौरान बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी अमरेन्दर पंडित थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा आदि के द्वारा मतदान केंद्रों का जायजा लिया ।



मतदान को कतारबद्ध मतदाता।

## संक्षिप्त खबरें

### दस हजार रंगदारी मांगने की शिकायत दर्ज

**बेलदौर।** कजरी पंचायत के वार्ड नंबर सत्रह गवास महाजन बासा निवासी सुरेंद्र पासवान ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अपने ही गांव के एक व्यक्ति को नामजद अभियुक्त बनाते हुए पुत्र से रंगदारी में दस हजार रुपये मांगने एवं नहीं देने पर जबरन मवेशी बथान से दूधारू भैंस खोल लेने की शिकायत की है। पीड़ित ने कहा कि विरोध करने पर जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर गाली गलौज कर पुत्र के गले में पहने छह भर की चांदी की सिकड़ी भी छीन ली है। आवेदक के मुताबिक, नामजद वार्ड नंबर 18 कदवा बासा निवासी 55 वर्षीय विदो सिंह देसी कट्टा से लैस होकर उसके दरवाजे पर पहुंच कर बीस वर्षीय पुत्र पांडव कुमार से जबरन दस हजार रुपये रंगदारी मांगने लगे। विरोध करने पर नाराज होकर घटना को अंजाम दिया। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पीड़ितों को प्रतिकर राशि का भुगतान

**खगड़िया।** बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विभिन्न प्रकार के वादों के पीड़ित-पीड़िता को प्रतिकर राशि का भुगतान किया जाता है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया द्वारा गोगरी थाना कांड संख्या 291/2005 के मृतक के 2 पुत्रों एवं 1 पुत्री को एक-एक लाख रुपये कुल 300000 रुपये एवं गोगरी पौरा थाना का संख्या 112/23 की पीड़िता को 350000 रुपया प्रतिकर के रूप में किया गया है। साथ ही प्राधिकार के सचिव द्वारा जिले के आमजन से अपील की गयी है कि अगर जिले में इस प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को तत्काल दें ताकि संबंधित पीड़ित-पीड़िता को अविलंब प्रतिकार की राशि का भुगतान किया जा सके।

### काली मंदिर में मानस महिला मंदाकिनी गोष्ठी का 32वां वार्षिकोत्सव संपन्न, राम विवाह प्रसंग से गूंजा परिसर

**परबत्ता।** कन्हैयाचक काली मंदिर के परिसर में मानस महिला मंदाकिनी गोष्ठी का 32वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ बुधवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा बहती रही। अवध धाम से पधारे रामानंदाचार्य श्री कलमाचार्य जी महाराज एवं झांसी से पधारे माधवाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण कर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। समापन दिवस पर माधवाचार्य जी महाराज ने राम विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम और माता सीता का विवाह केवल वैवाहिक बंधन नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का प्रतीक है, जिससे समाज को सदैव प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस के प्रसंगों में जीवन जीने की सही दिशा निहित है, जिसे अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। वहीं मनीष मानस एवं स्वामी प्रिया के भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और कार्यक्रम के समापन तक भक्ति का उत्साह बना रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा संत-महात्माओं का सम्मान किया गया तथा सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**पुरानी रंजिश में हुई खूनी वारदात**

**मृतक की पत्नी ने अपने पूर्व पति पर लगाया हत्या का आरोप**

**पिता की बरसी में शामिल होने आया था, इसी दौरान ले ली जान**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के मड़ैया सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरलतीफ पंचायत के मड़ैया वार्ड संख्या 12 में बुधवार को युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान स्व. मकिन्द्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र बॉबी कुमार के रूप में हुई है।

मृतक की पत्नी फूलकुमारी ने बताया कि उसकी पहली शादी पड़ोसी राजा कुमार से हुई थी। बाद में बॉबी कुमार के साथ उसका प्रेम प्रसंग शुरू हुआ, जिसके बाद उसने विधिवत तलाक लेकर बॉबी कुमार से शादी कर ली। इधर, राजा कुमार ने भी दूसरी शादी कर ली थी, लेकिन पुरानी रंजिश खत्म नहीं हुई। बताया जा रहा है कि इसी दुश्मनी के चलते आरोपी राजा कुमार ने फोन कर बॉबी कुमार को घर से कुछ दूरी पर बुलाया और गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही परबत्ता एवं मड़ैया पुलिस मौके पर पहुंची



घटनास्थल पर जमा लोगों की भीड़ और रोते-बिलखते परिजन।

और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मड़ैया सहायक थाना अध्यक्ष सावित्री कुमारी ने बताया कि हत्याकांड के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। घटनास्थल को पुलिस ने सील कर दिया है साथ ही मौके पर दो खोखा बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार, राजा कुमार अपनी पत्नी फूल कुमारी को बलिया से शादी कर गांव लाया था। दोनों के बीच संतान नहीं होने के कारण विवाद होने लगा। इसी दौरान बॉबी कुमार से नजदीकियां बढ़ीं और दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया, जो बाद में शादी में बदल गया। बताया जाता है कि राजा और बॉबी पहले अच्छे दोस्त थे, यही दोस्ती बाद में दुश्मनी में बदल गई और अंततः दर्दनाक हत्याकांड सामने आया। मृतक बॉबी अपने परिवार के साथ दिल्ली में रह रहा था। बताया जाता है कि बॉबी कुमार दिल्ली में रह रहा था और कुछ दिन पहले ही अपने गांव मड़ैया लौटा था। 20 मार्च को उसके पिता की बरसी थी, जिसमें शामिल होने वह घर आया था, लेकिन उससे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई।

## ट्रक और बाइक की टक्कर में वृद्ध की मौत

**महेशखूंट (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित धाना होटल के पास ट्रक और बाइक के टक्कर में वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान जागोनगर बन्नी निवासी 70 वर्षीय जागो सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जागो सिंह धाना होटल के निकट सड़क किनारे खड़े थे। बाइंक सवार खगड़िया की ओर जा रहा था। पीछे से ट्रक ने बाइक में धक्का मारा और बाइक वृद्ध से टकरा गया। हादसे में वृद्ध सड़क पर गिर गया। काफी चोट आने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गया। इधर, थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## कचरा को दुबारा उपयोग में ला सकते हैं : डीडीसी

**खगड़िया (एनएसबी)।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं इससे संबंधित निर्मित परिस्थितियों के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम समाहरणालय के सभागार में वुधवार को आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्वेता भारती ने कहा कि पंचायत को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए सभी को मिलकर अपना कार्य जिम्मेवारी के साथ करना होगा। कचरा को रिसाइकिल कर उपयोग में लाया जा सकता है। जिला समन्वयक मीरा कुमारी ने कहा कि कचरा से कई उपयोगी सामान बनाए जाते हैं। प्रशिक्षण का सफल संचालन आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से वाश इंस्टिट्यूट के टीम लीडर अजीत तिवारी ने किया। डीआरडीए के निदेशक ने ट्रेनिंग मे आये सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक को डब्लूपीओ को सुचारु रूप से संचालित का निर्देश दिया। सभी प्रखंडों के स्वच्छता पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि पंचायत स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता परिसंपत्तियों के समुचित संचालन एवं रख-रखाव को प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में वाश इंस्टिट्यूट के पुरुषोत्तम कुमार, जितेंद्र कुमार और सुनील कुमार शर्मा ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट के अलग-अलग आयामों को लेकर सभी को ट्रेनिंग दिया। सावित्री एनर्जी सोल्यूशन के अनूप कुमार ने गोवर्द्धन कार्यक्रम से संबंधित रूप रेखा रखकर सभी को इसकी जानकारी दी।

## महिला का शव मिलने से सनसनी

**ईद मनाने के लिए पति के साथ अपने मायका आयी थी महिला**

**बेलदौर (एनएसबी)।** कुर्बन पंचायत अंतर्गत ददरौजा दीघोन प्रधानमंत्री सड़क अवस्थित बाबा विशु स्थान के समीप बने उच्च स्तरीय पुल के नीचे बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब लोगों ने उक्त स्थल पर गर्भवती महिला का औंधे मुंह गिरा शव देखा। महिला के सिर पर गहरे घाव के निशान थे और अर्द्धनग्न अवस्था में उसका शव पुल के नीचे कीचड़ में सना हुआ था। मृतक महिला की पहचान दीघोन पंचायत के वार्ड नंबर 12 मेहता वासा निवासी तालिब की 27 वर्षीया पत्नी सीफत खातून के रूप में हुई। मृतका के पिता इंसान ने बताया कि लगभग एक हफ्ते पहले मेरी बेटी और दामाद चेन्नई से ईद पर्व को लेकर मिन्नत नगर स्थित मेरे घर आए थे। इसके बाद रविवार को दोनों मेहता वासा आवास योजना



मौका ए वारदात पर गमगीन परिजन।

का लाभ लेने के बहाने आए। शाम को सिफत ने दांत दर्द की शिकायत की थी जिसके बाद पति दवा लेकर घर पहुंचा। रात में पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई, जिसके बाद उसके सिर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। बेटी की मौत के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को लगभग तीन किलोमीटर पूर्व आकर फेंक दिया। मृतका की मां शहजादी खातून ने बताया कि सिफत खातून को तीन वर्षीय पुत्र आलो और दो वर्षीय पुत्री अलिना है। वहीं सिफत छह महीने की गर्भवती भी थी। सूचना मिलते ही बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार, एस आई राहुल कुमार, सरिता कुमारी, शक्कल साह समेत पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया।

## शिविर लगाकर किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**पशुपालन विभाग की टीम ने बकरियों का इलाज भी किया**

**खगड़िया (एनएसबी)।** नव जागृति संस्था द्वारा संचालित तथा टाटा ट्रस्ट के सहयोग से चल रहे कोशी सहजीवन कार्यक्रम के अंतर्गत चौथम प्रखंड के बुच्चा पंचायत में बहुउद्देश्यी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बकरी स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं मक्का खेती से संबंधित प्रशिक्षण दिए गए।

इस दौरान जिला पशुपालन विभाग की टीम ने लगभग 130 बकरियों का इलाज किया तथा दवाइयों का वितरण किया। विशेषज्ञों ने बताया कि इस तरह के शिविर से बकरी पालन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और पशुओं की मृत्यु दर में कमी आएगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

सामाजिक सुरक्षा शिविर के तहत आज विशेष रूप से स्मार्ट कार्ड आवेदन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मक्का खेती प्रशिक्षण सत्र में लगभग 75 किसान शामिल हुए। नव जागृति संस्था के कर्मचारी गौतम कुमार एवं अनिल कुमार ने किसानों को वर्तमान समय में मक्का में लगने वाली बीमारियों, उनके नियंत्रण एवं उचित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समय मक्का में बाल एवं दाना निकलने की अवस्था होती है, जिसमें खाद एवं सिंचाई का विशेष महत्व होता है, क्योंकि यही उपज को निर्धारित करता है। नव जागृति संस्था के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि संस्था मक्का खेती के साथ-साथ बकरी पालन एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस माह चौथम एवं मानसी प्रखंड में 5 से 7 ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। सिंह ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए जिला पशुपालन विभाग की टीम एवं नव जागृति संस्था के सभी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## मांग के अनुरूप की जा रही गैस की आपूर्ति

**समीक्षा बैठक में एलपीजी डीलरों ने दी जानकारी**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की संबंधित तेल कंपनियों के प्रबंधकों एवं एलपीजी गैस वितरकों के साथ समीक्षा की गई। वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम इंडियन ऑयल के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी गैस वितरकों को उनकी मांग के अनुरूप समय पर गैस की आपूर्ति की जा रही है। सभी गैस वितरकों ने भी तेल कंपनियों के प्रबंधकों की इस बात का समर्थन किया।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से गैस की संभावित कमी संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जिससे आम लोगों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसी अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वाले, जमाखोरी करने वाले या गैस की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि जैसा कि तेल कंपनियों के प्रबंधकों ने गैस की पूर्ण उपलब्धता की जानकारी दी है उसके आलोक में गैस उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अतिरिक्त गैस सिलेंडर की बुकिंग या घरों में गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग, अनधिकृत भंडारण या अवैध वितरण करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को एलपीजी गोदामों, वितरण केंद्रों एवं अन्य संदिग्ध स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए तथा आवश्यकता पड़ने पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि आपूर्ति को लेकर जिला कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसमें कल से अब तक 40 शिकायत प्राप्त हुई है जिसे निराकरण के लिए संबंधित नोडल पदाधिकारी को भेज दिया गया है। 3 से 4 दिनों में निराकरण कर दिया जायेगा। गैस उपभोक्ता के शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेते हुये संबंधित एजेंसी से इस संबंध में सूचना प्राप्त की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## 8वीं पुण्यतिथि पर महेश प्रसाद यादव को दी गयी श्रद्धांजलि

**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य पंचायत अंतर्गत ग्राम मोरकाही में आज समाजवादी नेता एवं समाजसेवी महेश प्रसाद यादव की 8वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जदयू के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार गौतम ने की।

मौके पर उपस्थित लोगों ने स्व. यादव के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्चे अर्थों में जनसेवक बताया। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महेश प्रसाद यादव न केवल राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता थे, बल्कि समाज के लिए समर्पित प्रेरणास्रोत थे। उनके आदर्श, सादगी और जनसेवा की भावना आज भी हमें मार्गदर्शन देती है। उनकी कमी समाज को हमेशा खलेगी। अन्य वक्ताओं ने भी स्व. यादव के सामाजिक योगदान को अविस्मरणीय बताया।

भाजपा नेता सह पूर्व जिला पार्षद कृष्ण कुमार यादव उर्फ मुन्ना भाई, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, समाजसेवी प्रफुल्ल चंद्र घोष, राजद नेता मौसम कुमार गोलू, पूर्व सैनिक गीता प्रसाद यादव, वीर प्रकाश यादव, भाजपा के रंजन साह, शिक्षक जीवन शर्मा एवं किसान सलाहकार अंकेश कुमार सहित कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी वक्ताओं ने कहा कि महेश प्रसाद यादव का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## गंगा कटाव के बावजूद अटूट आस्था : चकप्रयाग महावीर मंदिर में रामनवमी पर हजारों ध्वज चढ़ाने की है परंपरा

**यहां रात्रि में ही ध्वजारोहण करने की है परंपरा**

**परबत्ता (एनएसबी)** प्रखंड अंतर्गत लगार पंचायत के चकप्रयाग गांव स्थित महावीर मंदिर की महिमा अपरंपार मानी जाती है। यह अतिप्राचीन मंदिर आज भी अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है, जहां पूजा-पाठ और ग्रामीणों के बीच पारस्परिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिलती है। मान्यता है कि भगवान महावीर के दरबार में सच्चे मन से माथा टेकने वाले हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है। तीन बार गंगा कटाव का दंश झेलने के बावजूद गांव के लोगों ने अपनी धार्मिक परंपरा को न सिर्फ जीवित रखा, बल्कि उसे और मजबूत बनाया है।

रामनवमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भव्य ध्वजारोहण किया जाता है। चकप्रयाग निवासी दशरथ दास, श्रीनिवास चौधरी उर्फ कारे, सत्यदेव चौधरी, प्रमोद चौधरी, राधेश्याम गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय राय, शशिकांत चौधरी, अनिल चौधरी, सरबोध चौधरी, कौशल किशोर चौधरी, पुरुषोत्तम दास, अनुज चौधरी और विजय राय सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि स्व. पोलो दास के परिजनों द्वारा नवमी तिथि प्रवेश के साथ ही ध्वजारोहण की परंपरा निभाई जाती है। खास बात यह है कि यहां रात्रि में ही ध्वजारोहण किया जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार, स्व. पोलो दास भगवान महावीर के परम भक्त थे। एक बार इलाके में महामारी फैलने के दौरान उन्हें स्वप्न में भगवान महावीर ने गांव की सुरक्षा का आश्वासन दिया था। अगले दिन मंदिर परिसर में गदा का अवशेष मिला, जिसे आज भी श्रद्धापूर्वक देखा जाता है। तभी से यह परंपरा और भी मजबूत होती चली गई। हर वर्ष रामनवमी पर ध्वजारोहण की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष यहां एक हजार से अधिक ध्वज चढ़ाए गए थे। गांव के अलावा अन्य स्थानों पर बसे लोग भी इस अवसर पर पहुंचकर श्रद्धा के साथ ध्वजारोहण करते हैं। इस वर्ष ध्वजारोहण की शुरुआत 26 मार्च की देर शाम से होगी, जो पूरी रात जारी रहेगी। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। पूरे गांव में दो दिनों तक उत्सव जैसा माहौल बना रहता है।

## राजकीय चैती दुर्गा मेले में जीवंत होगी माता वैष्णो देवी की गुफा



निर्माणाधीन गुफा का दृश्य।

**माता वैष्णो देवी के गर्भगृह में स्थित पिंड और भैरव मंदिर की भी की जा रही है स्थापना**

**वैष्णो देवी की इस गुफा और झांकी के निर्माण पर करीब दस लाख रुपये का आएगा खर्च**

**पसराहा (एनएसबी)।** कहते हैं कि अगर हाथों में हुनर हो तो मिट्टी भी सोना उगलने लगती है। कुछ ऐसा ही कौशल लेकर जमुई और मुंगेर के मूर्तिकार खगड़िया जिले के महद्दीपुर स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय राजकीय चैती दुर्गा मेला में अपनी कला का प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं।

जमुई के कलाकार पिंटू साह, उनके पुत्र डब्लू कुमार, अरविंद यादव और मुंगेर के सुजीत कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर यहां भव्य संरचना को आकार दे रहे हैं। कलाकार डब्लू कुमार ने बताया कि पसराहा रेलवे स्टेशन से मात्र एक किलोमीटर दक्षिण मेले में वे जम्मू-कश्मीर की माता वैष्णो देवी की गुफा का निर्माण कर रहे हैं। इस परियोजना की तैयारी पूरी तत्परता से की जा रही है, जिसमें बांस, बल्ली, पटसन की चादर और पीओपी का उपयोग कर न केवल गुफा, बल्कि पहाड़ों और रास्तों में पड़ने वाले भव्य मंदिरों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके साथ ही माता वैष्णो देवी के गर्भगृह में स्थित पिंड और भैरव मंदिर की भी स्थापना की जा रही है, जिसे देखने के लिए अभी से ही सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। अपने अनुभव के बारे में चर्चा करते हुए पिंटू साह ने बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से राज्य और राज्य के बाहर बड़े मेलों में अलग-अलग थीम पर आधारित ऐसी झांकियों का निर्माण करते आ रहे हैं। इस कार्य से न केवल उन्हें अच्छी आय हो रही है, बल्कि वे लगभग पांच दर्जन से अधिक लोगों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर भी बना रहे हैं। अनुमान है कि वैष्णो देवी की इस गुफा और झांकी के निर्माण पर करीब दस लाख रुपये का खर्च आएगा, जिसमें प्रवेश के लिए 50 रुपये प्रति व्यक्ति सहयोग शुल्क निर्धारित किया गया है। मेला कमेटी ने कहा कि इस भव्य झांकी के निर्माण से राजकीय चैती दुर्गा मेला की रौनक और भी बढ़ जाएगी।

# एनडीए सरकार में मजबूत हुए हैं किसान : राजेश

**खगड़िया (एनएसबी)।** सांसद राजेश शर्मा ने देश के किसानों को भाग्य विधाता बताया। लोकसभा पटल पर बुधवार को खगड़िया की जनता और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की तरफ से अपना पक्ष रखते हुए उन्होंने कृषि और किसान कल्याण संबंधित अनुदानों की मांगों को रखा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का आभार व्यक्त करते हुए सदन में राजेश वर्मा ने कहा कि हम राष्ट्रगान की पहली पंक्ति जन गण मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता कहते हैं-आखिर वह भाग्यविधाता कौन है जिनकी मेहनत से 140 करोड़ का देश पलता है, जिसका हल चलता है तो देश की हर समस्या का हल निकलता है। हमारे अन्नदाता किसान हैं, किसान ही हमारे भारत भाग्यविधाता हैं। राष्ट्रगान की इस पंक्ति को सही मायने में कोई चरितार्थ कर रहा है तो वह हमारी एनडीए सरकार है। प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री के सामूहिक प्रयास से कृषि के क्षेत्र में हमारा देश नये आयाम लिख रहा है। हमारा देश तभी आगे बढ़ेगा जब देश का किसान आगे बढ़ेगा। धूप में चलकर जो मुस्कुराता है, हर मौसम में जो फसल उगाता है, वह किसान ही है जो इस देश को चलाता है। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में कृषि का बजट 27,633 करोड़ रुपये हुआ करता था, अब एनडीए की सरकार में यह 1 लाख 40 हजार करोड़ है। जो लगभग 5 गुना ज्यादा है। यूपीए सरकार में स्वामीनाथन आयोग की लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफे की सिफारिश थी। उसे रद्दी में फेंक दिया गया था। हमारी एनडीए सरकार में 2019 में उस योजना को न सिर्फ स्वीकृत किया गया



सांसद राजेश वर्मा।

**खगड़िया के सांसद ने लोकसभा में कृषि और किसान कल्याण संबंधित अनुदान मांगों को रखा**

बल्कि उसे लागू करने का भी काम एनडीए की सरकार ने किया। यूपीए की सरकार में धान का खरीद मूल्य 1310 रुपये था। एनडीए सरकार में यह 2,369 रुपये है। यूपीए सरकार में मक्के पर एमएसपी 1310 रुपये था हमारी सरकार में 83 प्रतिशत बढ़ाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल किया गया। इसके लिए खगड़िया के किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। क्योंकि सबसे ज्यादा मक्के का उत्पादन किसी लोकसभा और जिले में होता है तो वह मेरी खगड़िया लोकसभा है। 2004 से 2013 में धान की खरीद यूपीए की सरकार में 4.40 लाख करोड़ रुपये की गयी थी। एनडीए की सरकार में 12.51 लाख करोड़ रुपये की गयी जो लगभग 3 गुना ज्यादा है। राजेश वर्मा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो खुद को किसानों का रहनुमा बताते हैं उनके कार्यकाल में 2004 से 2014 के बीच 1,70,500 किसानों ने आत्महत्या की थी। हमारी सरकार किसानों को आत्महत्या करने पर नहीं उनका आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करती है। यह स्वाभाविक सी बात है कि उनके समय में किसानों का आत्मविश्वास नहीं बढ़ाया जा सकता था क्योंकि उनके प्रधानमंत्री ही कहा करते थे कि यहां से 1 रुपया भेजते हैं तो किसानों को 15 पैसा मिलता है। अभी की सरकार जो भेजती है वह सीधे किसानों के खाते में जाता है। आज भारत 150.18 मिलियन टन चावल का उत्पादन कर चीन को पीछे कर विश्व में पहले स्थान पर है। बंगाल के कृषि मॉडल पर राजेश वर्मा ने कहा कि कड़वा सच है कि वहां के किसान कोल्ड स्टोरेज के अभाव में किसान आत्महत्या करते हैं।

# लखीसराय में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा

## कजरा सोलर प्लांट का करेंगे निरीक्षण और योजनाओं का उद्घाटन

**लखीसराय (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी 'समृद्धि यात्रा' के तहत आज यानी 19 मार्च 2026 को लखीसराय जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला समाहरणालय द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे हेलीकाप्टर द्वारा सूर्यगढ़ा प्रखंड के कजरा स्थित सोलर पावर प्लांट के हेलीपैड पर उतरेंगे। इसके तुरंत बाद वे सोलर प्लांट के कंट्रोल रूम का भ्रमण करेंगे। दोपहर 12:15 बजे से वे प्लांट परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टलों का निरीक्षण करेंगे और दोपहर 12: 30 बजे कई महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात, मुख्यमंत्री 'समृद्धि यात्रा' से संबंधित एक समीक्षा बैठक में भाग लेंगे और दोपहर 12:50 बजे जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता से मुखातिब होंगे।

कार्यक्रम के अंत में दोपहर 01: 30 बजे वे हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे और 01: 35 बजे पटना के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अत्यंत सतर्क है। मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और कार्यक्रम स्थल पर एंटी-सबोटेज चेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो।


### लखीसराय में एलपीजी की किल्लत नहीं, कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई और जेल : जिला प्रशासन

**लखीसराय (एनएसबी)।** मध्य पूर्व में जारी युद्ध के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों के बीच लखीसराय जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। गैस एजेंसियों और विक्रेताओं के पास उमड़ रही संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थाना प्रभारियों की एक त्रिस्तरीय धावा दल (रेडिंग टीम) का गठन किया गया है। यह टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए औचक निरीक्षण और छापेमारी करेगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी आपूर्ति पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर छापेमारी करें और रिपोर्ट सीधे जिला प्रशासन को सौंपें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार भी किया जाएगा।

## पेंशनर समाज की बैठक में विद्युत आपूर्ति और कार्यालय रखरखाव पर हुई चर्चा, समाधान हेतु पदाधिकारी अधिकृत

**लखीसराय (एनएसबी)।** स्थानीय पेंशनर समाज भवन, लखीसराय के प्रांगण में बुधवार को कार्यकारिणी समिति की एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष रमेश प्रसाद शर्मा ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति और पेंशनर समाज कार्यालय के उचित रखरखाव पर केंद्रित रहा, जिस पर सचिव गणेश शंकर सिंह ने विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान उपस्थित सभी पेंशनरों ने अपनी-अपनी राय साझा की और संस्थान को आ रही छोटी-बड़ी समस्याओं से कार्यकारिणी को अवगत कराया। सदस्यों के सुझावों और समस्याओं पर विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कार्य समिति के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष, सचिव और उपाध्यक्ष को सामूहिक रूप से अधित किया कि वे संबंधित विभागों और अधिकारियों से मिलकर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में संगठन की मजबूती और सदस्यों की सुविधाओं पर विशेष बल दिया गया। सभा में सहदेव प्रसाद सिंह (संयुक्त सचिव), सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह (उपाध्यक्ष), इंजीनियर अजय कुमार, नरेश कुमार पंडित (संयुक्त सचिव), अरविंद कुमार भारती, जय प्रकाश सिंह, लक्ष्मीनारायण रजक, अर्जुन पंडित (जिला प्रतिनिधि), उमेश प्रसाद सिंह (कोषाध्यक्ष), वीरेंद्र पांडे, सीताराम सिंह (उपाध्यक्ष), राम मनोहर राय, उमेश आचार्य एवं पूर्व अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सिंह सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में रविंद्र प्रसाद साव और अर्जुन पंडित की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही।



बैठक करते पेंशनर ।

## खबरें : एक नजर में

## मुंगेर विश्वविद्यालय के आठवां स्थापना दिवस समारोह पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**मुंगेर (एनएसबी)।** मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर का आठवां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आरडी एंड डीजे कलेज, मुंगेर के अडिटोरियम में बुधवार को किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरडी एंड डीजे कालेज के प्रधानाचार्य प्रो डा बिजेंद्र कुमार, मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डा महेश्वर मिश्र और मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा घनश्याम राय मौजूद थे। स्थापना दिवस समारोह का आयोजन दो सत्रों में किया गया- प्रथम सत्र में औपचारिक उद्घाटन एवं द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम का संचालन डा पाशंकर पांडे ने किया जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन बीआरएम कॉलेज के डा रामरेखा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत मंगलाचरण , दीप प्रज्ज्वलन एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। उसके बाद अतिथियों का स्वागत शालॅ, मोमेंटो एवं बालवृक्ष से किया गया। कार्यक्रम




कार्यक्रम में शामिल कुलपति, कुलसचिव व प्रतिभागी।

में स्वागत भाषण आरडी एंड डीजे कलेज के प्रधानाचार्य प्रो डा बिजेंद्र कुमार ने प्रस्तुत किया। वर्तमान में विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियां की विस्तृत चर्चा की। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डा घनश्याम राय ने संबोधन के दौरान कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय सीमित संसाधनों में बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। सकारात्मक प्रयास एवं ऊर्जा से मुंगेर विश्वविद्यालय को भविष्य में ऊंचाइयों तक पहुंचने का कार्य करेंगे। सीमित साधनों के बावजूद मुंगेर विश्वविद्यालय एनएसएस के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में पहचान बना रहा है। मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डा महेश्वर मिश्र ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान नवाचार , शिक्षकों का समर्पण, छात्र-छात्राओं के सक्रिय योगदान, एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के द्वारा होता है। मुंगेर विश्वविद्यालय इन सभी आयामों पर निरंतर कार्यरत रहेगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा संजय कुमार ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आठवां स्थापना दिवस से पूर्व पीजी विभागों में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को पद स्वीकृत के बाद पोस्टिंग की गई है। उन्होंने कहा कि वह आशा करते हैं की पीजी विभाग अपने कार्यो के प्रति समर्पण एवं शोध कार्यो की बदौलत विश्वविद्यालय की पहचान स्थापित करने में योगदान करेंगे। विश्वविद्यालय में सेमिनार, कान्फ्रेंस, वर्कशप इत्यादि का आयोजन होना चाहिए। इंटर यूनिवर्सिटी में विश्वविद्यालय ने खेलकूद गतिविधियों में प्रतिभाग कर अपना सक्रिय योगदान दिखाया है। किसी भी विश्वविद्यालय को केंद्रीय या राज्य सरकार से ग्रांट तभी प्राप्त होता है जब इंट्रडिसीप्लिनरी प्रोजेक्ट पर कार्य किया जाता है। उन्होंने शिक्षकों को इस कार्य हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए क्लास में 75 प्रतिशत उपस्थित एवं ड्रेस कोड को अनिवार्य बताया। सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय को आगामी वर्षो में बेहतर करने के लिए उम्मीद जताया। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2026 में सफल प्रतिभाग करने के लिए एनएसएस स्वयंसेवक अभिजीत राज जो कोशी कलेज खगड़िया के हैं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मुंगेर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मानित किया गया। सांसतिक परिषद के संयोजक डा मृत्युंजय मिश्रा के नेतृत्व में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाव नृत्य, एकल नृत्य, झिझिया, गजल, गरबा, लोकगीत और होरी गीत की शानदार प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यालय कर्मी भारती कुमारी, सौरभ शांडिल्य, सपनी आदि का अहम योगदान रहा। इस समारोह में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न कालेजों के प्राचार्य, पीजी विभाग के विभागाध्यक्ष, सीनेट मेंबर, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी और छात्र-छात्राएं, मीडिया कर्मी आदि मौजूद रहे।

## आरपीएफ सीआईबी की टीम ट्रेन से चार हाकर को किया गिरफ्तार

### आरपीएफ के कार्रवाई के बावजूद ट्रेन में रोज लगता है अवैध हाकर का जमावड़ा

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** ट्रेनों में अवैध रूप से सामान या खाद्य पदार्थ बेचना रेल अधिनियम 1989 की धारा 144 के तहत एक दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद जमालपुर कियूल, बरियारपुर रेलखंड पर अवैध वेंडर नकली पानी, गुटखा, पकोड़ा और असुरक्षित भोजन बेचते देखा जा सकता है। हालांकि अवैध वेंडर एवं हाकर के विरुद्ध लगातार करवाई तो कर रही है इसके बावजूद चोरी छिपे ट्रेनों में पकोड़ा गुटका नकली पानी जैसे खाने पीने का सामान अवैध वेंडर बेचते देखे जा सकते हैं। ट्रेन हो या प्लेटफार्म पर अवैध रूप से वेंडर का झुंड जमालपुर स्टेशन पर ही चढ़ता है। अवैध वेंडर के खिलाफ वैसे तो आए दिन करवाई होती है और उसे पर जुर्माना भी लगाया जाता है पर आज तक ट्रेन में पकोड़ा बेचने वाले पर करवाई क्यों नहीं होता है यह समझ से पड़े हैं। बरहाल बुधवार को आरपीएफ सीआईबी की टीम ने ट्रेन से अवैध होकर वेंडर को गिरफ्तार कर कार्रवाई को लेकर आरपीएफ पोस्ट जमालपुर को दिया है।



ट्रेन में अवैध रूप से पकोड़ा बेचते हाकर।

## मुख्यमंत्री के स्वागत में मुंगेर में लगाया गया थ्री-डी पेंटिंग

### मुंगेर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वागत की तैयारी खास अंदाज में की गई

**मुंगेर (एनएसबी)।** बिहार का मुंगेर जिला जो अपनी समृद्ध ऐतिहासिक और पौराणिक विरासत के लिए जाना जाता है।अब एक नए रूप में नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 19 मार्च के प्रस्तावित दौरे को लेकर पूरे शहर को सजाया गया है।

जिलाधिकारी निखिल धनराज के निर्देश पर स्थानीय कलाकारों ने पोलो मैदान, सर्किट हाउस और कष्टहरणी गंगा घाट की दीवारों को थ्री-डी पेंटिंग से सजाया है।

पोलो मैदान में अप्टिकल इल्यूजन के जरिए मुंगेर किला के मुख्य द्वार का सजीव चित्रण किया गया है। वहीं दीवारों पर सरकारी योजनाओं और सीढ़ियों पर प्रेरणादायक कोटेशन लिखकर पूरे परिसर को भव्य रूप दिया गया है।

इसी मैदान में 19 मार्च को मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर उतरने वाला है। सर्किट हाउस की दीवारों पर चंडिका स्थान ऋषि कुमार सीता कुण्ड और सीता चरण जैसे ऐतिहासिक स्थलों का थ्री-डी चित्रण किया गया है, जिससे आने वाले मेहमानों को एक ही जगह पर पूरे जिले की झलक मिल सके। वहीं कष्टहरणी गंगा घाट पर भी भीमबंध और चंडिका स्थान समेत कई प्रमुख स्थलों को दीवारों पर उकेरा गया है। इसी घाट के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण भी मुख्यमंत्री करेंगे। इस पहल से जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय कलाकारों को रोजगार का अवसर भी मिल रहा है।



थ्री-डी पेंटिंग से सजा मुंगेर।

## हीरो तू मेरा हीरो है के गीत अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने डांस किए

### कल्याण ज्वेलर्स के उद्घाटन में पहुंचीं अभिनेत्री करिश्मा कपूर, झलक पाने को उमड़े फैंस

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** राजा हिंदुस्तानी, राजा बाबू, अंदाज अपना-अपना, दिल तो पागल है, शक्ति जैसी सुपरहिट फिल्मों की एक दौर की सफल व मशहूर नायिका रही करिश्मा कपूर ने अपने डांस एवं अभिनय का जलवा जमालपुर में बिखेरा जिसे देखकर युवाओं उनका स्वागत गर्म जोशी के साथ किया। मुंगेर-जमालपुर रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स शप का उद्घाटन करने के बाद अपने फैंस के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिहार में दूसरी बार आई हूं। अच्छा लगा की छोटे शहरों में भी हमें चाहने वाले पहुंचे हैं।अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने अपनी एक झलक पाने के लिए बेताब दर्शकों का खूब ख्याल रखा।लोगों का मनोरंजन किया।करिश्मा कपूर के मंच पर पहुंचते ही दर्शकों ने गर्मजोशी के साथ तालियों से उनका स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने हीरो तू मेरा हीरो है.. गीत प्रस्तुत किया और डांस भी किया। मौके पर उपस्थित लोग झूमने लगे।कुछ देर के लिए पुलिस प्रशासन को मुंगेर जमालपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन को रोकना पड़ा। वही अभिनेत्री ने हाथ जोड़कर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया।

अभिनेत्री अपने संबोधन में कहा कि जमालपुर वासियों से बहुत प्यार मिला।यहां के लोगों ने मेरा दिल जीत लिया।जब भी मौका मिलेगा तो मुंगेर जमालपुर जरूर आऊंगी।

कहा कि यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। इधर अभिनेत्री के जमालपुर पहुंचने पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। भीड़ को संभालने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग भी की गयी थी। हालांकि भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत भी करनी पड़ी।




उद्घाटन एवं फैंस का अभिवादन करते अभिनेत्री करिश्मा कपूर।

## महिला यात्रियों के सुरक्षा को लेकर विक्रमशिला ट्रेन में आरपीएफ ने चलाया अभियान, ट्रेन में अकेले सफर करने वाली महिला यात्रियों से आरपीएफ ने की पूछताछ

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** महिला यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ टीम ने विक्रमशिला के महिला डिब्बे में सर्च अभियान चलाकर महिला यात्रियों से सुरक्षा को लेकर पूछताछ किया। सर्च अभियान का नेतृत्व कर रहे सब इंस्पेक्टर के जेआर मीणा वैसे तो महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अपरेशन महिला सुरक्षा और मेरी सहेली जैसे अभियान चलाकर अनारक्षित देबो में अवैध रूप से यात्रा करने वाले पुरुष यात्री पर करवाई किया जाता है। इसके अलावे ट्रेन में अकेले सफर कर रही महिला यात्रियों को विशेष रूप से सुरक्षित यात्रा का माहौल बनाने को लेकर ट्रेन में इस तरह के अभियान चलाए जाते हैं। बुधवार को विक्रमशिला ट्रेन के महिला बोगी में अवैध रूप से सफर कर रहे कई पुरुष यात्री पर कार्रवाई करते हुए महिला यात्रियों से पूछताछ कर उनके सुरक्षा के बारे में बताते हुए आरपीएफ के हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी दिया गया। सब इंस्पेक्टर ने यह भी कहा कि यात्रियों को जागरूक बनाने को लेकर विशेषकर पुरुषों को महिला डिब्बों में यात्रा न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मौके पर एएसआई समीर दास, कांस्टेबल काजल कुमारी,सुनीता यादव, सुंदरम शामिल थे।



महिला डिब्बे में अभियान चलाते आरपीएफ।

## भ्रष्टाचार का पोस्टर लगाने वाले आरोपी सरोज कुमार को मिली जमानत, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

वीरेन्द्र विजय सिंह

**लखीसराय।** लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय भाजपा विधायक, बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा के विरुद्ध भ्रष्टाचार एवं भू-माफिया से संबंधित आरोपों वाले पोस्टर शहर में लगाने के मामले में गिरफ्तार अभियुक्त सरोज कुमार को बड़ी राहत मिली है। माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लखीसराय के न्यायालय ने मामले की गंभीरता और कानूनी प्रावधानों को देखते हुए अभियुक्त को जमानत प्रदान कर दी है। इस मामले में न्यायिक प्रक्रिया के दौरान पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हुए हैं। कानूनी जानकारों के अनुसार, उक्त मामले में अधिकतम सजा मात्र दो वर्ष निर्धारित है, इसके बावजूद लखीसराय पुलिस द्वारा अभियुक्त को सीधे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। जबकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि सात वर्ष तक की सजा वाले मामलों में अभियुक्त को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 35 के तहत नोटिस देकर जांच में सहयोग का अवसर देना अनिवार्य है। स्थानीय पुलिस पर इस वैधानिक प्रावधान का पालन न करने का आरोप लगा है। जमानत आवेदन पर सुनवाई के दौरान अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता रजनीश कुमार एवं राखी कुमारी ने प्रभावी ढंग से अपना पक्ष रखा। उन्होंने न्यायालय को बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तारी में नियमों की अनदेखी की गई है। वहीं, राज्य की ओर से जिला अभियोजन पदाधिकारी ने जमानत का जोरदार विरोध किया। हालांकि, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने तथ्यों एवं विधिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए सरोज कुमार की जमानत मंजूर कर ली।

### ट्रेनों का विलंब से परिचालन जारी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** भागलपुर कियूल जमालपुर रेल खंड पर ट्रेनों का विलंब से परिचालन जारी रहने से यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उपरोक्तरेल खंड पर बुधवार को विक्रमशिला, दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी, ब्रह्मपुत्र मेल, पटना दुमका, हावड़ा जयनगर, राजधानी एक्सप्रेस जैसे महत्वपूर्ण ट्रेन अपने निर्धारित समय से विलंब से परिचालन हुआ।

### आरपीएफ के डीआईजी का आगमन 26 को

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** आरपीएफ के डीआईजी अमीयनंद सिंह पोस्ट का निरीक्षण करने 26 मार्च को जमालपुर पहुंच रहे हैं। डीआईजी के आगमन को लेकर आरपीएफ पोस्ट में साफ सफाई के साथ फाइलों एवं संचिकाओं को अपडेट किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन कर पदाधिकारी जवानों के समस्याओं को भी डीआईजी सुनेंगे।

### नशे की हालत में शराबी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** जमालपुर पुलिस ने छोटी दौलतपुर बस्ती से दो शराबी को नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों शराबी छोटा दौलतपुर निवासी प्रीतम कुमार उर्फ गोलू एवं अश्वनी भारती बताए गए हैं। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों शराबी शराब के नशे में विधि व्यवस्था को भंग कर रहा था। दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## रोजगार मेले का आयोजन, 229 युवाओं को मिला नियोजन का अवसर



दीप प्रज्ज्वलित करते।



मौके पर उपस्थित जीविका ।

**लखीसराय (एनएसबी)।** जीविका द्वारा लखीसराय के हलसी प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का भव्य आयोजन किया गया। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर और सही करियर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्रखंड प्रमुख (हलसी) और जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक धर्मवीर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस रोजगार मेले में युवाओं का उत्साह देखते ही बना, जहाँ विभिन्न क्षेत्रों की कुल 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने स्टल लगाए और युवाओं का साक्षात्कार लिया। पूरे दिन चले इस आयोजन में कुल 565 अभ्यर्थियों ने अपना निबंधन कराया, जिनमें से उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर विभिन्न कंपनियों द्वारा 229 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित युवाओं के चेहरों पर रोजगार मिलने की खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान मंच का सफल संचालन जीविका की आजीविका विशेषज्ञ इशिता मुखर्जी द्वारा किया गया। वहीं, कार्यक्रम के समापन पर जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक श्रवण कुमार ने उपस्थित अतिथियों, कंपनी प्रतिनिधियों और युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जीविका के कई अन्य कर्मी और भारी संख्या में ग्रामीण युवा उपस्थित रहे।

### गर्मी के मौसम में बढ़ जाता है बच्चों में डायरिया का खतरा

**लखीसराय (एनएसबी)।** गर्मी के मौसम की दस्तक के साथ ही बच्चों में डायरिया (दस्त) की संभावना काफी बढ़ गई है। बढ़ते तापमान और चिलचिलाती धूप ने जनजीवन प्रभावित किया है, जिसका सबसे ज्यादा असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, गर्मी में निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) और बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण डायरिया का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। इस मौसम में भोजन में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं, जिससे भोजन जनित बीमारियों और गंदे पानी के सेवन से संक्रमण का प्रसार होता है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा़ अशोक कुमार भारती ने बताया कि प्रदूषित खान-पान, बासी भोजन, हाथों की सफाई न रखना और असुरक्षित पेयजल का इस्तेमाल डायरिया के मुख्य कारण हैं। उन्होंने सचेत किया कि पेट में मरोड़, दर्द, दस्त और उल्टी इसके प्रमुख लक्षण हैं।

## सावधानीपूर्वक रेलवे ट्रैक पर चल रहा मेंटेनेंस का कार्य

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** रेलवे ट्रैक पर मेंटेनेंस का कार्य अत्यधिक सावधानी और सुरक्षा प्रोटोकल के साथ किया जा रहा है। जमालपुर स्टेशन के पूर्वी एवं पश्चिमी दिशा में रेलवे पटरी पर मेंटेनेंस को बिना ब्लक लगाए सावधानी पूर्वक पीडब्ल्यूई के के द्वारा कार्य करते देखे गए।ट्रैक मेंटेनेंस के कार्य के दौरान नियमित रूप से पटरियों की जांच, टूट-फूट की मरम्मत और मजबूती सुनिश्चित करते हैं। वहीं सुरक्षा के लिए अक्सर ट्रेनों की गति धीमी करने या ब्लक लेने की आवश्यकता होती है। लेकिन वर्तमान में रेलवे ट्रैक पर किए जा रहे हैं मेंटेनेंस बिना ब्लक सावधानी पूर्वक किया जा रहा है जिससे कि परिचालन व्यवस्था इसका असर नहीं पड़े।हालांकि ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के बारे में स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि ट्रैक पर हो रहा कार्य यह रूटीन वर्क है जो पूरी सावधानी के साथ किया जाता है। मेंटेनेंस के दौरान ट्रैक के ढीले बोल्ट, फ्रै र या ट्रैक की ज्यामिति में खराबी को चेक किया जाता है। सुरक्षा को लेकर जहां फ्लैगमेन को निर्धारित दूरी पर तैनात किया जाता है ताकि आ रही ट्रेनों को संकेत देकर धीमा या रोका जा सके।



ट्रैक मेंटेनेंस कार्य करते पीडब्ल्यूई।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी ने जीविका मार्ट का किया निरीक्षण



**आरा।** उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह ने बाजार समिति परिसर में निर्माणाधीन जीविका मार्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और तय समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जीविका मार्ट के निर्माण से स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के विपणन में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आत्मा, जिला उद्यान पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत

**आरा/पीरो।** आरा-सासाराम रेलखंड पर जिले के हसन बाजार थाना क्षेत्र के महादेव हाल्ट के समीप बुधवार को भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र हसन बाजार थाना के कचनथ गांव निवासी दिनेश ठाकुर का 18 वर्षीय पुत्र के कुंदन कुमार है। वह इंटर का छात्र था। पंचायत के मुखिया ने बताया कि बुधवार की सुबह वह महादेव हाल्ट के समीप रेलवे ट्रैक की दूसरी तरफ शौच करने के लिए गया था। शौच करने के बाद जब वह वापस लौटने के क्रम ट्रैक पार कर रहा था। उसी दौरान इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### सड़क हादसे में अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**आरा/पीरो।** पीरो थाना के देवचंदा गांव के समीप दो दिन पूर्व सड़क हादसे में जख्मी अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में बुधवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### सवारियों से भरी अटो पलटी, दंपति समेत पांच जख्मी

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव के समीप बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी अटो पलट गई। हादसे में अटो पर सवार दंपत्ति समेत पांच लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में दो लोगो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि अन्य जख्मियों का इलाज रघुनाथपुर पीएचसी में कराया गया। जख्मियों में बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव निवासी 70 वर्षीय राधाकिशन प्रसाद, उनकी 65 वर्षीया पत्नी प्रेमशीला कुमारी एवं अन्य लोग शामिल है।

### राज्यसभा में उपेंद्र कुशवाहा का जाना बेहतर विकल्प : राणा प्रताप



**आरा।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई दी है। प्रो राणा प्रताप कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा सांसद पद पर पुनः निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कुशवाहा जात के नहीं जमात के नेता है। जबकि कुछ लोग उन्हें जात के नेता के रूप बांधना चाहते हैं। उपेंद्र बाबू आज के जमाने के नहीं बहुत पहले के समाजवादी राजनेताओं में से एक हैं। उनका आज भी जनाधार समाज के साथ सभी जातियों में भी बेहतर है। जिसका समर्थन एनडीए के बरीय नेता भी करते हैं। बधाई देने वालों में ललन कुशवाहा, राजेश कुशवाहा प्रवीण सिंह, नागेंद्र यादव, महेंद्र सिंह अधिवक्ता, ड संजय यादव हरे ष्णा दुबे शत्रुघ सिंह राधेश्याम सिंह रविंद्र सिंह आदि शामिल थे। सर्जरी या चोट से रिकवरी के लिए गैर-सर्जिकल उपचार है

### गीता देवी की पहली पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**आरा।** पिरौटा गांव में श्री जीयर स्वामी जी महाराज के मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा की माता श्रीमती गीता देवी की पहला पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बखोरापुर मंदिर के अध्यक्ष वीडी सिंह मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, लक्ष्मण तिवारी रविशंकर सिंह पिरौटा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू राय सहित काफी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। सुनील सिंह गोपाल ने बताया कि श्रीमती गीता देवी श्री जियर स्वामी जी की भक्त थी। उनके आग्रह पर श्री जीयर स्वामी जी महाराज तीन-तीन बार दर्शन देने हेतु पिरौटा आए थे। मौके दीनानाथ पांडे, उमाशंकर तिवारी, रामकुमार मिश्र, कमलेश पांडे, विमलेश पांडे, पशुपति पांडे व बृहस्पति पांडे आदि थे।

### पीरो में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**आरा।** पीरो नगर परिषद् के राजा मुहल्लाह पीरो में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सह सभापति प्रत्याशी मो खुर्शीद खान की देखरेख में आयोजित इस इफ्तार पार्टी में उप सभापति प्रत्याशी तौसीफ खान, अरमान खान, मोकीम खान, नाहिद खान, दिलशाद शेख, एजाज खान, बमबम खां, गालिब खां, चुन्नु भाई, अखलाक खान समेत दर्जनों की संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। हिंदू और मुस्लिम दोनो समुदाय के सैकड़ों की संख्या में लोग इस इफ्तार पार्टी में सम्मिलित होकर एक साथ इफ्तार किया और आपसी भाईचारा और एकता का संदेश दिया। मौके पर लोगों ने कहा कि सामूहिक इफ्तार पार्टी से समाज में आपसी भाईचारा का संदेश जाता है। धार्मिक त्योहार सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा का संदेश देते हैं। इफ्तार पार्टी में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

### नशे में धुत दो बदमाश गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाने की पुलिस ने वारदात को अंजाम से पहले ही अवैध हथियार के साथ नशे में धुत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटनास्थल से एक देसी पिस्टल और दो मोबाइल बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार बदमाशों में शीतल टोला निवासी आर्यन कुमार और शिवगंज चरखंभा गली निवासी कुणाल कुमार उर्फ अर्पित यादव शामिल हैं। हालांकि तीसरा बदमाश भागने में सफल रहा। उसकी पहचान शीतल टोला निवासी रतन प्रसाद के पुत्र सुमेश कुमार उर्फ सुमेश्वर सोनी है।

### खतम तराबीह के मौके कार्यक्रम का आयोजन

**पीरो।** अनुमंडल क्षेत्र के कोलोडिहरी गावं स्थित जमा मस्जिद में खतम कुरान के मौके पर शानदार जलसे का आयोजन किया गया। इस दौरान तकरीर के साथ साथ नामचीन शायरों द्वारा शेरो शायरी, नज्म, गजल पेश किए गए। मौके पर आयोजन कमिटी के द्वारा तराबीह पढ़ा रहे हाफिज व कारी मो अली को अंगवस्त्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया। जलसे के दौरान शायरो ने एक से बढ़ कर एक शायर पेश कर महफिल को बांधे रखा। उनकी पेशकश-सख्त राहों मे भी आसान सफर लगता है, ये मेरी मां की दुआओं का असर लगता है..वो तो असर है मां की दुआओं मे, वरना इतना सुकुन कहां था इन हवाओं मे.. वही हाफिज व कारी मो सब्बर एकबाल शायरी पेश करते हुए फरमाया-वह जिसके लिए महफिले कौनेन सजी है। वह हाशमी मक्की मदनि य्युल अरबी है। वह मेरा नबी, मेरा नबी, मेरा नबी है.... महफिल में मौजूद लोगों ने खूब सराहा।

# स्कूली वाहन और ऑटो से टकराया कंटेनर, 13 जख्मी

**आरा/कोईलवर (एनएसबी)।** आरा-पटना फोरलेन पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के मनभावन होटल के समीप बुधवार की सुबह कंटेनर ने पहले स्कूली वाहन को टक्कर मारी। इसके बाद वह सवारियों से भरी ऑटो से टकरा गया। हादसे में स्कूल वाहन पर सवार छात्र-छात्राएं, शिक्षिका व ऑटो पर सवार पिता-पुत्र समेत तेरह लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों एवं पुलिस के सहयोग से सभी जख्मियों को कोईलवर पीएचसी लाया गया जहां से दो को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार जख्मियों में स्कूल वाहन पर सवार कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी मिथिलेश सिंह का 9 वर्षीय पुत्र युवराज, 7 वर्षीय पुत्र यशराज, उसी गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह का 6 वर्षीय पुत्र पुष्कर, सरोज कुमार का 5 वर्षीय पुत्र अभिषेक, विशाल कुमार की 10 वर्षीया पुत्री हर्षिता कुमारी, चंद्रगुप्त कुमार सिंह की 5 वर्षीया पुत्री निर्मला कुमारी, राकेश सिंह की 6 वर्षीया पुत्री पीहू कुमारी, उसी स्कूल की शिक्षिका हेमा कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी रामजी राय का पुत्र सह स्कूल वाहन चालक सुमन कुमार शामिल है। ऑटो पर सवार कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव निवासी 35 वर्षीय मुस्तफा अहमद, उनका 9 वर्षीय पुत्र तौफीक अनवर एवं एक अन्य किशोरी भी घायल हो गए। मुस्तफा अहमद ने बताया कि वह अपने पुत्र के साथ ऑटो से अपना इलाज करवाने के लिए कोईलवर पीएचसी आ रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।

**जख्मी लोगों में छात्र व शिक्षक भी शामिल, सभी कोईलवर पीएचसी लाए गए, दो रेफर**

### मोतीहारी : सड़क हादसे में भोजपुर के बीएमपी जवान की मौत

**आरा (एनएसबी।** पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र के एडीएम ऑफिस के समीप दो दिन पूर्व सड़क हादसे में भोजपुर के बीएमपी जवान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मृत जवान चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव वार्ड नंबर-3 निवासी स्व. रामानंद सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार सिंह है। वह बीएमपी के हवलदार थे। वर्तमान में पूर्वी चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल के एडीएम के आवास में ड्यूटी पर तैनात थे। मृतक के परिजन ने बताया कि 16 मार्च की सुबह वह एडीएम ऑफिस के समीप किसी कार्य से जा रहे थे। उसी दौरान बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। तब अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से उन्हें बगहा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाएगा। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें रेफर कर दिया था। परिजन उन्हें पटना के निजी अस्पताल से वापस उनके घर भदवर गांव ले आए।

### गार्डनर कम नर्सरी रेजिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**कोईलवर (एनएसबी)।** कोईलवर प्रखंड में बुधवार को 'गार्डनर कम नर्सरी रेजिंग' विषय पर आरपीएल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों के कौशल को विकसित कर उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए सक्षम बनाना है। उद्घाटन प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है। प्रशिक्षण में कुल 30 अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। इसका संचालन प्रशिक्षक अदिति चंदेल एवं सुहानी राज द्वारा किया जा रहा है। दोनों प्रशिक्षक प्रतिभागियों को नर्सरी प्रबंधन, पौध उत्पादन तथा बागवानी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दे रही हैं। तकनीकी सहायक के रूप में जमील अख्तर भी सहयोग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाएगा, ताकि वे अपने कौशल को और बेहतर बना सकें।

## छठ के लिए सजने लगा बेलाउर का सूर्य धाम



**सफाई के साथ पोखरा में पानी भरने का काम शुरू**

| | |
|---|---|
| 22 मार्च | नहाय खाय |
| 23 मार्च | खरना |
| 24 मार्च | पहला अर्घ्य अथवा सांध्य अर्घ्य |
| 25 मार्च | दूसरा अर्घ्य अथवा ऊषा कालीन अर्घ्य |

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** बेलाउर स्थित ऐतिहासिक सूर्य धाम में महाव्रत की तैयारियां जोरों पर है। मंदिर प्रबंधन समिति तथा स्वयं सेवक चैती छठ व्रत को लेकर साफ सफाई तथा रंग रोगन के कार्य में जुट गए है। सूखा पड़ा भैरवानंद पोखरा को बोरिंग चला कर भरने का काम चल रहा है। वतियों को ठहरने के लिए धर्मशाला का सफाई कार्य तेजी से चल रहा है। बेलाउर सूर्य मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी मिन्टू चौधरी ने बताया कि 24 मार्च को चैती छठ व्रत है। हर साल छठ व्रत के दिन हजारों व्रती बेलाउर सूर्य धाम पहुंचते हैं। हालांकि भीषण गर्मी व तेज गर्म हवा के कारण चैती छठ अपेक्षाकृत कठिन होता है। फिर भी व्रती पूरे मनोयोग से सूर्य अराधना के लिए बेलाउर पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। तीन तरफ पक्का घाट बन चुके हैं। उत्तरी घाट का कार्य समाप्ति की ओर है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई शुरू है। इस कार्य में स्वंयसेवी मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों की मदद करते देखे जा सकते हैं। सूखे पड़े मंदिर पोखरा में बोरिंग के माध्यम से पानी भरा जा रहा है। हाई स्कूल के समीप से बोरिंग चला कर पानी करहा के माध्यम से भैरवानंद तालाब में गिराया जा रहा है। जेसीबी लगाकर करहे की सफाई की जा रही है जिससे पानी तालाब तक पहुंच सके।लाइट साउंड आदि की व्यवस्था की जा रही है।

## छापेमारी में हथियार और कारतूस के साथ एक अधेड़ पकड़ा गया

**आरा/जगदीशपुर (एनएसबी)।** जगदीशपुर पुलिस की टीम ने मंगलवार को कचनियां पानापुर गांव में छापेमारी कर एक अधेड़ को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके घर से 1 देशी कट्टा, 3 कारतूस एवं 2 अर्धनिर्मित बंदूक बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि 17 मार्च की शाम सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कचनियां स्थित लालजी मुसहर नाम का एक व्यक्ति कमर में देशी कट्टा खोसकर अपने घर के इर्द गिर्द घूम रहा है। थानाध्यक्ष जगदीशपुर के नेतृत्व में थाने के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के साथ विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ग्राम कचनियां स्थित लाल जी मुसहर के घर के पास पहुंची तथा उक्त घर का चारों तरफ घेराबंदी कर छापेमारी की। इस दौरान एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कचनियां पानापुर गांव निवासी लाल जी राम उर्फ लाल जी मुसहर है। उसके घर से एक देशी कट्टा, 315 बोर का तीन कारतूस, 2 लोहे का बना पुराना अर्द्धनिर्मित बंदूक बरामद किया गया। इस संबध में गिरफ्तार के विरुद्ध जगदीशपुर थाना में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

**आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज**

## ऊपर भगवान का बल और पृथ्वी पर धर्म का बल : आचार्य भारतभूषण

**आरा (एनएसबी)।** जगदेव नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के दूसरे दिन प्रवचन करते हुए आचार्य डॉ. भारतभूषण महाराज ने कहा कि ऊपर भगवान का बल, पृथ्वी पर धर्म का बल, व्यवहार में शास्त्र का बल और इनका उपदेश करनेवाले सद्गुरु का आश्रय ही जीवन का असली संबल है। इनसे विरहित जीवन वास्तव में दीन-हीन और अंधकारमय होता है। चौबीस अवतारों की कथा कहते हुए उन्होंने कहा कि संसार के रक्षण और शिक्षण के लिए ही भगवान विविध अवतार लेते हैं। नारद चरित्र, कुंती स्तुति और भीष्म चरित्र का विशद वर्णन करते हुए आचार्य ने भगवान के गुणानुवाद और उनकी महिमा को जीवन पथ का पाथेय निरूपित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आनेवाले सभी संकट भगवान के यश संकीर्तन तथा उनके चरणकमलों के स्मरण से ही समाप्त हो जाते हैं। भगवान के आश्रित जीव को किसी संकट का दुष्प्रभाव बाधित नहीं कर पाता है। देवर्षि नारद सत्संग के बल पर ब्रह्मा जी के पुत्र तथा भगवान के अवतार बने। उन्होंने भागवत कथा का उपदेश कर भगवान वेदव्यास की खिन्नता दूर की। कुंती माता ने श्रीकृष्ण के बार-बार दर्शनों के लिए विपत्तियों का वरदान मांगा।

**महाराज जी ने सुनाई चौबीस अवतारों की कथा**

## नरही-चांदी में ग्राम देवी यज्ञ की भव्य शुरुआत



**कोईलवर (एनएसबी)।** नरही-चांदी गांव में श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ के शुभारंभ पर बुधवार को भव्य जलभरी शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा गांव भक्ति और उत्साह के माहौल में डूबा रहा। सुबह से ही महिलाएं, युवतियां, नवयुवक व पुरुष पीत वस्त्र धारण कर बड़ी संख्या में शामिल हुए। हजारों श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चाँदी गांव से बहियारा स्थित सोन नद घाट के लिए रवाना हुए। चाँदी चौक से शुरू हुई शोभायात्रा गाजे-बाजे, हाथी-घोड़े, उंट और जयघोष के साथ निकाली गई। रास्ते भर जय माता दी के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। करीब 11 बजे श्रद्धालु सोन नद घाट पहुंचे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु जल लेकर यज्ञशाला पहुंचे और परिक्रमा कर कलश स्थापित किया। पूरे आयोजन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली, वहीं चाँदी थाना पुलिस भी सुरक्षा में तैनात रही। नौ दिवसीय यज्ञ में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और प्रतिदिन शाम को प्रवचन का आयोजन होगा।

**हजारों श्रद्धालुओं ने बहियारा सोन नद से भरा पवित्र जल**

## अधिगृहित भूमि पर लगी फसल 5 अप्रैल तक काटने की हिदायत

**पीरो (एनएसबी)।** आरा-सासाराम एनएच 119 ए के पैकेज एक के लिए किये जा रहे भू अर्जन कार्य को गति देने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी पीरो ने भूमि सुधार समाहर्ता पीरो, प्रखंड विकास पदाधिकारी तरारी व अन्य पदाधिकारियों के साथ अर्जित स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि तमाम किसान जिनको पूर्व में इस आशय की जानकारी दे दी गई थी कि किसी भी स्थिति में भू अर्जित जमीन पर फसल नहीं लगाएंगे, खेती नहीं करेंगे, वहां किसानों ने गेहूं, चना इत्यादि की फसल लगाई हुई है। इस संबंध में उपस्थित किसानों को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया की गेहूं करीब पकने की स्थिति में है। सभी किसान 1 अप्रैल से लेकर के 5 अप्रैल तक अपना अपना गेहूं काट लेंगे, जिससे कि एन एच का काम तेजी से किया जा सके। कई किसानों का भुगतान प्रक्रियाधीन है और कई किसानों ने अभी तक अपने कागजात जानबूझकर नहीं दिए हैं। जिन किसानों ने अभी तक अपने कागजात जानबूझकर नहीं दिए उन्हें आखिरी मौका दिया जा रहा है। यदि वह अगले 5 दिन में अपना कागजात नहीं देते देते हैं अथवा अपने से संबंधित सभी संबंधितों का अनापत्ति अथवा अन्य जरूरी कागजात उपलब्ध कराने में विफल रहते हैं तो यह माना जाएगा कि उनको भू अर्जन में दी जाने वाली राशि से कोई ज्यादा सरोकार नहीं है और फिर उस पर काम करना प्रशासन के लिए बाध्यता होगी और एन एच बनाने का कार्य तेजी से किया जाएगा।

### आर्ट ऑफ लिविंग का समाज निर्माण कार्यक्रम आज से

**आरा (एनएसबी)।** मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु श्री रविशंकर जी की संस्था आर्ट अफ लिविंग द्वारा आरा में 19 मार्च से दिव्य समाज निर्माण कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। उक्त कार्यक्रम शहर के जेल रोड स्थित मैना सुंदर धर्मशाला में आयोजित होगा। दिव्य समाज निर्माण या डायनेमिज्म फर सेल्स एंड नेशन स्वयं और राष्टं के लिए गतिशीलता कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास का अत्यंत सशक्त कार्यक्रम है। यह व्यक्ति के भीतर से डर, संकोच तथा मानसिक बधाओं को दूर करता है तथा प्रतिभागियों में आत्मविश्वास को बढ़ाता है, ताकि व्यक्ति एक सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में न सिर्फ आगे बढ़कर अपनी, बल्कि समाज की जिम्मेदारी भी उठाए और एक सशक्त राष्टं का निर्माण कर सके। यह वास्तव में आध्यात्मिक कमांडो टेंनिंग है।


## 29 को आयोजित होगा फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श का निःशुल्क शिविर



**आरा (एनएसबी)।** 'फिजियोथेरेपी दर्द प्रबंधन, गतिशीलता में सुधार और सर्जरी या चोट से रिकवरी के लिए एक आवश्यक गैर-सर्जिकल उपचार है। यह न केवल शरीर के मांसपेशियों को मजबूत करती है बल्कि जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाती है, इतना ही नही स्टोक, हृदय रोगों, और उम्र संबंधी समस्याओं के प्रबंधन में भी मदद करती है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उक्त बातें शहर के विष्णु नगर जेड चौक स्थित 'फिजियोहील' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के संचालक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने विशेष बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी बिना दवा के पुरानी और तीव्र पीठ, गर्दन, घुटने का दर्द आदि से राहत दिलाने में अत्यंत प्रभावी है। यह कई स्थितियों में सर्जरी को टाल सकती है। सर्जरी के बाद, यह रिकवरी प्रक्रिया को तेज करती है। यदि आपको चलने, खड़े होने या हिलाने-डुलाने में कठिनाई हो रही है, तो फिजियोथेरेपी आपकी शारीरिक कार्यक्षमता को पुनर्स्थापित करने में मदद करती है। डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि एथलीटों और कमजोर मांसपेशियों वाले लोगों के लिए, यह भविष्य की चोटों से बचने के लिए शरीर को मजबूत करती है और संतुलन में सुधार करती है। स्टोक या पार्किंसंस जैसे तंत्रिका संबंधी विकारों वाले मरीजों के लिए, यह अंगों को मजबूत करने और संतुलन वापस पाने में अहम भूमिका निभाती है।

# आरा की अधिष्ठात्री देवी हैं मां आरण्य देवी

**चैत नवरात्र**



**आरा (एनएसबी)।** आरा की ऐतिहासिक आरण्य देवी का मंदिर द्वापरकालीन है। द्वापर युग में यहां पांडवों ने देवी का दर्शन किया था। इस मंदिर में सालोभर श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्र में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां पशु बलि नहीं दी जाती बल्कि मां को नारियल चढ़ाया जाता है।

आरण्य देवी मंदिर में स्थापित बड़ी प्रतिमा को जहां सरस्वती का रूप माना जाता है, वहीं छोटी प्रतिमा को महालक्ष्मी का रूप माना जाता है। इस मंदिर में वर्ष 1953 में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुध व हनुमान जी के अलावे अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। बताया जाता है कि उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी। इस मंदिर के चारों ओर घनघोर वन था। पांडव वनवास के क्रम में आरा में ठहरे थे। पांडवों ने आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की। कहा जाता है कि भगवान राम, लक्ष्मण और विश्वामित्र जब बक्सर से जनकपुर धनुष यज्ञ के लिए जा रहे थे, तब उन्होंने आरण्य देवी की पूजा-अर्चना की थी। तदोपरांत सोनभद्र नदी को पार किये थे।

### आरा शहर के नामकरण की प्रचलित हैं तीन कहानियां

**आरा।** आरा शहर के नामकरण की प्रचलित कथा कहानियों से इसके ऐतिहासिक होने के प्रमाण भी मिलते हैं। महाभारतकालीन अवशेष यहां के बिखरे पड़े हैं। पुराणों में लिखित मोरध्वज की कथा से भी इस नगर का संबंध बताया जाता है। द्वापर युग में राजा मोरध्वज के समय चारों ओर वन था। घने जंगलों से घिरा होने के कारण ये 'आरण्य क्षेत्र' के नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल में पांडवों ने भी अपना गुप्त वासकाल यहां बिताया था, बताया जाता है कि घने जंगल के बीच उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी।

किदवंती है की द्वापर युग में मां ने युधिष्ठिर को स्वप्न में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करें। तब धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की थी। इसके बाद 'आरण्य क्षेत्र' आरण्य देवी के क्षेत्र से बहुत प्रसिद्ध होता गया। दूसरी कहानी जेनरल कनिंघम के अनुसार हुएनसांग द्वारा उल्लिखित कहानी का संबंध, जिसमें अशोक ने दानवों के बौद्ध होने के संस्मरणस्वरूप एक बौद्ध स्तूप खड़ा किया था। आरा के पश्चिम स्थित मसाढ़ ग्राम में प्राप्त जैन अभिलेखों में उल्लिखित 'आराम नगर' नाम भी इसी नगर के लिए आया है। तीसरी कहानी के अनुसार बुकानन ने इस नगर के नामकरण में भौगोलिक कारण बताते हुए कहा कि गंगा के दक्षिण उंचे स्थान पर स्थित होने के कारण, अर्थात आड या अरार में होने के कारण, इसका नाम 'आरा' पड़ा।

## अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए अयोध्यानाथ स्वामी



**आरा (एनएसबी)।** अयोध्या धाम में भक्ति का महाकुंभ लगने जा रहा है। धार्मिक आस्था के अनुसार, कलयुग में इतना भव्य और विराट यज्ञ अयोध्या धाम में पूर्व में नहीं हुआ है, जिसे लेकर देशभर के श्रद्धालुओं में अत्यंत उत्साह और श्रद्धा का वातावरण है। आज अयोध्यानाथ स्वामी, जो जीयर स्वामी जी के शिष्य एवं श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया के महंत हैं, अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। उन्होंने आरा वासियों, क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों, बिहारवासियों तथा समस्त देशवासियों को इस दिव्य आयोजन में सपरिवार सम्मिलित होने का सादर आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि श्री राम नवमी 2026 के शुभ अवसर पर राजघाट में 1251 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह हनुमत श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन अवधिः 20 मार्च 2026 से 28 मार्च 2026 तक इस भव्य आयोजन के अंतर्गत 28 मार्च 2026 को अंतर्राष्टीय धर्म सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें देश एवं विदेश से अनेक संत-महात्मा, धर्माचार्य एवं श्रद्धालु पधारेंगे।



यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में गांधी मैदान से निकले मार्च में शामिल छात्र-नौजवान एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता।



डाकबंगला चौराहे पर लगी बैरिकेटिंग को तोड़ते प्रदर्शनकारी।



प्रदर्शनकारी को हिरासत में लेती पुलिस।

# यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में पटना में रोषपूर्ण राजभवन मार्च

## प्रदर्शनकारियों ने जेपी गोलंबर और डाकबंगला पर तोड़ा घेरा, कई गिरफ्तार

**नवसंदेश ब्यूरो**

**पटना।** आज 74 आंदोलन के ऐतिहासिक दिवस पर पटना में यूजीसी रेगुलेशन 2026 के समर्थन और एससी-एसटी-ओबीसी-इबीसी तबकों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, संसद से रोहित एक्ट का निर्माण करने इत्यादि मांगों को लेकर ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी के बैनर तले गांधी मैदान से राजभवन मार्च आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में छात्र-नौजवान, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता और विभिन्न जिलों से आए लोगों ने भाग लिया।

ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी; यूजीसी रेगुलेशन समता आंदोलन, बिहार के संयोजक रिंकु यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आज इस ऐतिहासिक दिन पर एक बार फिर से बिहार के युवाओं ने मनुवादी फासीवादी सत्ता के खिलाफ सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के लिए जंग के नए दौर का ऐलान किया है। यह मार्च गांधी मैदान के गेट नंबर 10 से शुरू हो कर जेपी गोलंबर के बैरिकेट को तोड़ते हुए डाक बंगला चौराहा तक पहुंचा, जहां पर कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस ने धक्कामुक्की की और कुछेक लोगों को गिरफ्तार किया गया, हालांकि आंदोलनकारियों के दवाब में सबको छोड़ना पड़ा। मार्च डाक बंगला चौराहा पर सभा में तब्दील हो गया। मार्च की मुख्य मांगे उच्च शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करना, जाति भेद भाव व उत्पीड़न के खिलाफ यूजीसी के नए रेगुलेशन को लागू करने, बिहार में विधानसभा से पारित एससी-एसटी-ओबीसी-इबीसी वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने, कोलेजियम सिस्टम को खत्म करने, संविधान विरोधी एहर को खत्म करने, गरीब विरोधी नई शिक्षा नीति 2020 और वीबीएसए बिल को वापस करने, निजी क्षेत्रों और न्यायपालिका में एससी-एसटी-ओबीसी के लिए आबादी के अनुपात में आरक्षण लागू करने इत्यादि था।

**सुप्रीम कोर्ट में बृहस्पतिवार को होने वाली सुनवाई के मद्देनजर निकला था मार्च**

**छात्र नौजवानों को मिला वामपंथी पार्टियों का साथ, सांसद व विधायक भी हुए प्रदर्शन में शामिल**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षा में बढ़ती सामाजिक असमानता, जातीगत भेदभाव एवं उत्पीड़न के खिलाफ यह जरूरी है कि यूजीसी रेगुलेशन लागू किया जाय, रोहित एक्ट का निर्माण किया जाए। नई शिक्षा नीति 2020 को वापस लिया जाए। वंचित वर्गों के लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाया जाए और उसे सख्ती से लागू किया जाए।

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण और भेदभावपूर्ण नीतियों को छोड़कर समावेशी और न्यायपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

सभा का संचालन फोरम के राज्य संयोजक रिंकु यादव ने किया तथा सभा को संबोधित करते हुए काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि सड़क की इस आवाज को संसद में मजबूती से उठाएंगे। इस बार सामाजिक न्याय की जो लड़ाई छिड़ी है वो निर्णायक मंजिल तक पहुंचेगी। बिहार फिर से सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के लड़ाई के अग्रिम चौकी के बतौर खड़ा होगा। सभा को पूर्व विधायक अमरजीत कुशवाहा, पालीगंज विधायक संदीप सौरभ, सामाजिक न्याय आंदोलन के राज्य सचिव सुबोध यादव, आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुशवाहा, फोरम के मनजीत आनंद साहू, विजय पासवान, संतोष आर्या, पूर्व विधायक मनोज मंजिल, आइसा राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार, भीम आर्मी राज्य अध्यक्ष अमर ज्योति, जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष धनंजय, पटना विश्वविद्यालय छात्र नेता सबा आफरीन, फोरम से विश्वा यादव, मुख्तार, निशांत यादव, एआईएसएफ राज्य अध्यक्ष सुधीर, सोनल नारायण, कुमुद पटेल, आइसा राज्य अध्यक्ष प्रीति, फअ राज्य सचिव और पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन, आइसा राज्य सह सचिव, दिव्यम ने संबोधित किया।

प्रदर्शन में शामिल छात्र युवा प्रतिनिधियों ने यह चेतावनी दी कि यदि यूजीसी रेगुलेशन लागू नहीं किया गया तो इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मार्च में बिहार के विभिन्न जिलों, पटना, बक्सर, छपरा, सिवान, भोजपुर, अरवल, भागलपुर, जहानाबाद, बेगूसराय, रोहतास, समस्तीपुर, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी, गया, मुजफ्फरपुर सहित अन्य इलाकों से हजारों लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. भीमराव अंबेडकर विद्यालयों में पिछले वर्ष के मुकाबले 5 गुणा अधिक आवेदन

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में मौजूद 91 डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नामांकन के लिए कुल 19 हजार 829 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें कक्षा-1 के लिए 14 हजार 459 एवं कक्षा-6 के लिए 5 हजार 370 आवेदन शामिल थे। वहीं, शैक्षणिक सत्र 2026-27 में यह संख्या बढ़कर कुल 1 लाख 3 हजार 195 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें कक्षा-1 के लिए 59 हजार 453 एवं कक्षा-6 के लिए 43 हजार 742 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह आकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 5 गुणा अधिक दर्ज की गई है।

**लॉटरी के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू**

**कक्षा 6 का परिणाम जारी**

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा-6 में नामांकन के लिए दिनांक 22 फरवरी को राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 20 हजार 418 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। 268 रिक्त सीटों के विरुद्ध चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 16 मार्च को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। वहीं कक्षा-1 में नामांकन के लिए दिनांक 9 मार्च से 14 मार्च के बीच ऑनलाइन लॉटरी का आयोजन किया गया। लॉटरी के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस वर्ष शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षाओं का नियमित संचालन 1 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की ओर से पूरी तरह निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षित आवास, स्मार्ट एवं डिजिटल कक्षाएं, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, खेलकूद की समुचित व्यवस्था, पौष्टिक भोजन एवं शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निर्धारित डीबीटी राशि भी उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराई जाती है।

### एसीएस ने किया सिविल लिस्ट पुस्तिका 2026 का विमोचन

**पटना (एनएसबी)।** सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को पुराना सचिवालय स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर, वित्त सचिव रचना पाटिल, उच्च शिक्षा सचिव राजीव रौशन एवं विशेष सचिव गीता सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सिविल लिस्ट पुस्तिका 2026 का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से भारतीय प्रशासनिक सेवा, बिहार प्रशासनिक सेवा, बिहार सचिवालय सेवा तथा बिहार सचिवालय आशुलिपिकीय सेवा से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की सिविल लिस्ट पुस्तिका 2026 प्रकाशित की गई है। इन पुस्तिकाओं में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के फोटो सहित उनकी सेवा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां समाहित की गई हैं, जो प्रशासनिक कार्यों में उपयोगी सिद्ध होंगी। उन्होंने पुस्तिका के प्रकाशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी तथा उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में अपर सचिव रजनीश कुमार, संयुक्त सचिव जगदीश कुमार, जेएडी संजय कुमार, डीपीआरओ तपिश सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मीडिया में भ्रामक वक्तव्य देने वाले तीन सीओ पर गिरी गाज

## उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तीनों पदाधिकारियों को किया निलंबित

**पटना (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीडिया में हड़ताल को लेकर भ्रामक वक्तव्य देने वाले तीन अंचल अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। तीनों निलंबित राजस्व अधिकारियों को सचिवालय स्थित मुख्य कार्यालय में टैग कर दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने सोमवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि राज्य के 50 फीसदी से अधिक राजस्व अधिकारी कार्य कर रहे हैं, जिसका रिपोर्ट सभी जिलाधिकारियों और अपर जिलाधिकारियों ने दी है। इसके बावजूद कुछ लोग मीडिया में भ्रामक वक्तव्य दे रहे हैं कि सभी राजस्व अधिकारी हड़ताल पर है। कोई वापस नहीं गया है। इस तरह से बयान देकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है जिसे किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करेंगे, नियम के विरुद्ध कार्य करेंगे, मीडिया में गलत प्रचार प्रसार करेंगे उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गलत वक्तव्य देकर गुमराह करने वाले पूर्व अंचल अधिकारी सदर सह जिला भू अर्जन अधिकारी अररिया जितेंद्र पांडेय, सदर अंचल अधिकारी रजनीकांत और पूर्वी चंपारण में तैनात अंचल अधिकारी आनंद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इनके कार्यों की भी जांच कराई जाएगी। इन लोगों के विरुद्ध काफी शिकायतें प्राप्त हुई है।

**हड़ताल पर गए जो राजस्व अधिकारी वापस लौट जाएंगे उनके समस्या का सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा और जो नहीं आएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हड़ताल पर गए राजस्व अधिकारियों से वापस आने के लिए बार-बार आग्रह किया गया है। इसके बावजूद कुछ राजस्व अधिकारी हड़ताल पर है। यह वित्तीय वर्ष समाप्त हो रहा है इसके पूर्व जो राजस्व अधिकारी वापस लौट जाएंगे उनके समस्या का सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा और जो लोग वापस नहीं आएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोग अवकाश के बहाने हड़ताल पर है इसकी भी जांच कराई जा रही है।

### उपमुख्यमंत्री ने चेताया-त्यागपत्र दे चुके राजस्व अधिकारियों के कार्यों की होगी जांच, बनी कमेटी

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के सं ज्ञान में यह तथ्य आया है कि कुछ राजस्व अधिकारियों, जिनके त्यागपत्र विधिवत स्वीकृत हो चुके हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों एवं त्यागपत्र के बाद सार्वजनिक वक्तव्य दिए हैं, जिससे गंभीर प्रश्न उत्पन्न हुए हैं।

इसको लेकर राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि संबंधित अधिकारियों के आचरण, कार्यप्रणाली, तथा किसी संभावित अनियमितता/दुर्व्यवहार की सम्यक जांच कराई जाए, जिससे तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट हो सके। इसके लिए महेंद्र पाल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है, जिसमें सदस्य के रुप में मोना झा और नवाजिश को शामिल किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के आदेश पर जनगणना का कार्य शुरू कर दिया गया है, लेकिन कुछ लोग राजस्व अधिकारियों को गुमराह कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना चाहते हैं। काम करने वालों की समस्या का समाधान उदारता के साथ किया जाएगा। यहां किसी की प्रेशर पॉलिटिक्स नहीं चलेगी। मार्च क्लोजिंग के पूर्व योगदान नहीं देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी कीमत पर अराजकता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सहकारिता से गांव के लोगों को घर में ही मिलेगा रोजगार : आयुक्त

**पटना (एनएसबी)।** राज्य के पैक्सों और एफपीओ को सशक्त करने के लिए चयनित 50 पैक्स और एफपीओ का डीएनएस क्षेत्रीय सहकारिता प्रबंधन संस्थान में 16 मार्च से शुरू प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। एंटरप्राइज डेवलपमेंट एंड बिजनेस डायवर्सिफिकेशन विषय पर हुई इस कार्यशाला में राज्यभर से चुने गए पैक्स और एफपीओ के 50 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें उन्हें कृषि आधारित उद्यमों, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, बाजार से जुड़ाव और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षण में शामिल सभी पैक्स और एफपीओ ने अपने-अपने क्षेत्र में शुरू करने वाले व्यवसायों का ब्योरा साझा किया। इस तरह इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में 50 व्यवसायिक परियोजनाएं शुरू होने जा रही हैं। बुधवार को हुए समापन समारोह में सहकारिता विभाग के निबंधक सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मिले और आत्मनिर्भर गांव का निर्माण हो, इसके लिए सहकारिता विभाग तेजी से प्रयास कर रहा है। यहां प्रशिक्षित ये सभी पैक्स और एफपीओ अपने-अपने क्षेत्र में 50 व्यवसाय शुरू करेंगे, इससे गांवों का विकास होगा और बिहार के लोग बिहार में नौकरी और रोजगार पा सकेंगे।

**पैक्स और एफपीओ को सशक्त करने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

# वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : कुंदन

## इन्वेस्ट इंडिया तथा जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से विशेष वेबिनार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा वैश्विक साझेदारियों को सुदृढ़ करने तथा निवेश के नए अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में इन्वेस्ट इंडिया तथा जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया, जो वैश्विक व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने वाली एक प्रमुख संस्था है।

वेबिनार की शुरूआत इन्वेस्ट इंडिया के स्वागत भाषण और परिचय से हुई, जिसमें बिहार और जापान के बीच आर्थिक सहयोग और निवेश के अवसरों पर चर्चा की पृष्ठभूमि तैयार की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उद्योग विभाग के सचिव-सह-निवेश आयुक्त एवं बिहार सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर ने की। उन्होंने बिहार को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाने और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**उद्योग विभाग के सचिव ने कहा-वैश्विक निवेशकों के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रहा है बिहार**

इस अवसर पर श्री कुंदन कुमार ने बिहार के औद्योगिक माहौल, नीतियों और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों, तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान कारोबार के लिए सरकार के सक्रिय प्रयासों को रेखांकित किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एक ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हो और निवेशकों के लिए अनुकूल हो। इससे उद्योगों का विकास आसानी से हो सके और लंबे समय तक साझेदारी बनी रहे। प्रगतिशील नीतियों, मजबूत बुनियादी ढांचे और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के साथ हमें विश्वास है कि भारत में विस्तार करने के इच्छुक वैश्विक निवेशकों के लिए बिहार में बहुत अच्छे अवसर हैं। इस सत्र का मुख्य आकर्षण अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत विकसित किया जा रहा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, गया रहा। बोधगया के पास स्थित यह क्लस्टर बेहतर कनेक्टिविटी, देश और विदेश के प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करेगा।

## अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया संबंधी उन्मुखीकरण कार्यशाला में जुटे राज्य भर के पुलिस पदाधिकारी, महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त ने कहा-

# आरोप गठित करने व जांच करने वाले पदाधिकारी के पास नहीं होगा अपील सुनने का अधिकार

**पटना (एनएसबी)।** किसी भी प्रकरण में पुलिस पदाधिकारी पर आरोप पत्र दायर करने में दो वरिष्ठ अधिकारी मिलकर संयुक्त आदेश पारित करते हैं तो सरकारी सेवक की अपील पर दोबारा सुनवाई का अधिकार उपरोक्त दोनों में किसी भी पदाधिकारी के पास नहीं होगा। यह बात बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 2005 के प्रावधानों से पुलिस पदाधिकारियों को रूबरू कराते हुए महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने कही। वह बुधवार को बेली रोड स्थित पटेल भवन में अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया संबंधी उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अक्सर हम देखते हैं कि किसी पुलिस कर्मचारी या पदाधिकारी को हम बिना तहकीकात और बचाव का मौका दिए दंड दे देते हैं जो कि पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि चार्जशीट के गठन करते समय हमें सरकारी सेवक को बचाव का पूरा मौका देना होगा। उन्होंने माइनर और मेजर पनिशमेंट की प्रक्रिया से पुलिस पदाधिकारियों को रूबरू कराया। कहा कि कोर्ट में करीब 99 फीसदी मामले इस वजह से रद्द हो जाते हैं, क्योंकि पुलिस स्तर पर कागजाती तैयारियों में त्रुटि रह जाती हैं। अधिकारियों को यह विशेष ध्यान रखना होगा कि मामलों में छोटी गल्ती करने वाले को बड़ी सजा और बड़ी गल्ती करने वाले को छोटी सजा न मिले। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को बिहार गवर्नमेंट कंडक्ट रूल का अध्ययन करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि पदाधिकारियों को वैवाहिक, सालगिरह, जन्मदिन और दूसरे तीज-त्योहारों पर मिलने वाले गिफ्ट के लिए भी श्रेणी निर्धारित है। इससे हटकर अगर पदाधिकारी उपहार देते या लेते हैं तो वह भ्रष्टाचार की श्रेणी में आएगा।

**सामान्य प्रशासन विभाग ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 2005 की बारीकियों की दी जानकारी**

उन्होंने सरकारी सेवक आचार नियमावली के उल्लंघन स्वरूप दर्ज होने वाले मामलों, अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया से भी रूबरू कराया। कहा कि अगर किसी मामले में कोई सरकारी सेवक 48 घंटे जेल में बंद रहता है तो वह जेल में बंद होने के दिन से सस्पेंड माना जाएगा। जब वह छूटकर आता है तो सबसे पहले उस पदाधिकारी का घटना से संबंधित योगदान स्वीकृत किया जाएगा।

महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त ने कहा कि चार्जशीट में विटनेस का नाम दर्ज होना चाहिए। साथ ही चार्जशीट में विटनेस के तौर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों का नाम देने से बचें। प्रोसिडिंग के मामलों में आर्डर शीट को प्रतिदिन मेंटेन करें। आर्डर शीट पर प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी और आरोपित ऑफिसर का हस्ताक्षर होना चाहिए। गवाही भी प्रश्न, उत्तर के प्रारूप में हो। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी प्रकरण में प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी को भले ही उसे खुद से यह पता हो कि आरोपित निर्दोष है लेकिन उसे अपना ओपिनियन नहीं देना है। प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी को जो प्रपत्र मिला है, उसे ही प्रजेंट करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकरण में होने वाली दूसरी जांच को पुनर्जांच न कहकर उसे आगे की जांच कहा जाएगा।

### त्वरित न्याय और सजा के लिए पुलिस मैनुअल एक्ट कारगर

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि पुलिस मैनुअल रूल में कई प्रावधान है। पुलिस के लिए नियम-कानून का यह मॉडल बिहार वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील नियमावली 2005, एआईएस डिस्प्लीन एंड अपील रूल 1969 से भिन्न है। उन्होंने कहा कि पुलिस में अनुशासन की अधिक महत्ता है। पुलिस की कोशिश रहती है कि आरोपित को शीघ्रता से दंड दिया जाय। बिहार वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील नियमावली 2005 में कई ऐसे प्रावधान हैं जिसे स्वीकार कर प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति के बाद पुलिस मैनुअल में उपरोक्त नियमावली के अच्छे प्रावधानों को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण में न्याय का आधार प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत ही होना चाहिए।

डीजीपी ने कहा कि किसी पदाधिकारी पर कोई कांड दर्ज होता है तो सबसे पहले उसमें एक कमेटी का गठन कर विस्तार से जांच कराएं। पदाधिकारियों के अवकाश लेने, न लेने संबंधी चार्ज गठित करना चाहिए। उन्होंने आरोप गठन की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि कई बार यह काम मुंशी के जिम्मे छोड़ देते हैं। चार्जशीट गठन के लिए सबसे प्राथमिक और महत्वपूर्ण कर्त्तव्य यह है कि पुलिस लाइन में दक्ष, प्रशिक्षित कानून के जानकार पदाधिकारी को रखें। चार्ज सर्व करने और रिसीव कराने का प्रमाण संचिका में होना चाहिए। पुलिस के लिए कराए गए कार्यशालाओं में मिली सीख पदाधिकारियों के कामकाज में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव बतौर मास्टर ट्रैनर शालिग्राम पांडेय के साथ सभी एसपी, डीआईजी, हेड क्वार्टर के कांस्टेबल, हेड क्वार्टर के सेक्शन आफिसर के साथ ही अनुशासनिक कार्रवाई देखने वाले पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।